03 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 253

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

38 दिन तक चलनेवाली अमरनाथ यात्रा आज से, 80 हजार जवान तैनात



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

# भोगनाडीह में मुख्यमंत्री और मंत्री की हत्या की योजना थी!

## ■ दो लोगों की गिरफ्तारी के बाद झामुमो ने उठाया सवाल

## ■ राष्ट्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर लगाया गंभीर आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भोगनाडीह घटना के बाद अब सूबे के सियासत गर्म हो गयी है। झामुमो ने भाजपा पर बड़ा और गंभीर आरोप लगाया है। झामुमो घटना के बाद दो आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके पास से बरामद हथियार को आधार बना कर सवाल पूछ रहा है कि भाजपा की मंशा क्या थी? आखिर हथियार से किसकी हत्या की योजना थी? क्या मुख्यमंत्री और जो मंत्री शामिल होते को भाजपा मारना चाह रही थी? साथ ही पूरे हिंसा और बवाल के पीछे भाजपा को बताया है?



झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बुधवार को संवाददाता सम्मलन में भाजपा को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि हूल दिवस के दौरान हुए घटना की भाजपा जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि भोगनाडीह में सोची समझी साजिश के तहत बवाल किया गया। भाजपा संथाल परगना को मणिपुर बनाना चाहती है। उसी मॉडल को सांथल परगना में लाने की तैयारी की गयी है। जिसमें मोहरे सेट किये गये। सुप्रियो ने कहा कि इस पूरे बवाल की पटकथा दीनदयाल मार्ग में लिखा गया। जिसका निर्देशन गोड्डा के सांसद ,पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाइ सोरेन और उसके कुछ प्यादे द्वारा लिखा गया। ये लोग मणिपुर बनाना चाहते हैं बारूद के ढेर पर बैठाना चाहते है। पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ा है उनके साथ हथियार को बरामद किये गये हैं। सवाल उठाता है कि क्या वर्तमान मुख्यमंत्री की हत्या करना है? राज्य के मंत्री वहां जाते हैं, तो क्या उनकी हत्या करना चाहती है? यह गंभीर मामला है, क्योंकि हूल दिवस का जो कार्यक्रम होता है राजकीय समारोह होता है। राजकीय कार्यक्रम होता वह किसी पार्टी का नहीं होता है। इस मामले में मुख्यमंत्री को संज्ञान लेकर जांच करानी चाहिए।

## झामुमो संथाल परगना को पश्चिम बंगाल की तरह बर्बाद करना चाहता है : आदित्य साहू



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने कहा है कि झामुमो पूरे संथाल परगना को पश्चिम बंगाल की तरह तुष्टीकरण में बर्बाद करना चाहता है। झामुमो अपनी खिसकती जमीन और राज्य सरकार के खिलाफ बढ़ते आक्रोश से हताश और निराश है। झामुमो शहीदों के वंशजों का सम्मान नहीं करता है और उन्हें प्यादा समझता है। झामुमो बताये कि गाय बथान और गोपीनाथपुर में आदिवासी परिवारों के साथ घटी घटना के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर कौन हैं? झामुमो बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है और उनके आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड बनाये जा रहे हैं।

**झारखंड को बर्बाद होते नहीं देख सकती भाजपा :** भाजपा झारखंड को बर्बाद होते नहीं देख सकती और राज्य सरकार के खिलाफ उठे जनाक्रोश को दिशा देगी। संथाल परगना झामुमो की जागीर नहीं है और भाजपा इसके लिए लड़ाई लड़ेगी।

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी रांची और गढ़वा को आज देंगे तोहफा

# रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर आज जनता को समर्पित करेंगे

- गढ़वा में 12 बजे रेहला फोर लेन रोड का उद्घाटन करेंगे गडकरी
- 3 बजे रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे गडकरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/गढ़वा।** राजधानी रांची के लोगों को गुरुवार को बड़ी सौगात मिलने वाली है। केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन की तैयारियां अंतिम चरण में है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री गढ़वा में भी एनएचएआइ की योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वह सुबह लगभग 10.30 बजे रांची पहुंचेंगे। पहले गढ़वा के कार्यक्रम में शामिल होंगे, फिर शाम में रांची में कार्यक्रम होगा।






### ऐतिहासिक होगा उद्घाटन

रांची में मंत्री नितिन गडकरी सबसे पहले बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। यहां से रातू रोड पहुंचेंगे और 3 बजे एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद मोटरसाइकिल जुलूस के साथ मंत्री ओटीसी ग्राउंड पहुंचेंगे और सभा को संबोधित करेंगे।

### गढ़वा में करेंगे फोर लेन सड़क का उद्घाटन

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 3 जुलाई की सुबह 10.40 बजे दिल्ली से रांची आयेंगे। इसके बाद गढ़वा के हूर गांव जायेंगे। वहां दिन के 12 बजे मंत्री रेहला फोर लेन सड़क का उद्घाटन करेंगे। यहां आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वह हेलीकॉप्टर से दिन के 2:15 बजे रांची लौटेंगे।

### केंद्रीय मंत्री एनएच परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे

गडकरी झारखंड के लिए एनएच परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। इस मौके पर एनएचएआइ के कई अधिकारी मौजूद रहेंगे। रांची में सभा भी की जायेगी। यहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान गडकरी फ्लाइओवर का भी जायजा लेंगे। इसके बाद होटल रेडिसन ब्लू जायेंगे। वहां पर अधिकारियों के साथ एनएच की परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में ट्रांसपोर्ट के मुद्दे पर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। शाम 6:45 बजे रांची एयरपोर्ट से वापस दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### झारखंड में 70 करोड़ से अधिक का शराब घोटाला

## प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के एमडी विधु गुप्ता गिरफ्तार

- एसीबी कर रही मामले की जांच, अब तक आठ हुए गिरफ्तार
- आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 70 करोड़ से अधिक के शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को एसीबी की टीम ने प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) विधु गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। विधु गुप्ता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के रहने वाले हैं। एसीबी ने विधु गुप्ता को 20 मई को दर्ज हुए कांड संख्या 09/25 के तहत गिरफ्तार किया है। यह शराब घोटाले में एसीबी द्वारा की गयी आठवीं गिरफ्तारी है। बताते चलें कि इसी मामले एसीबी आइएएस विनय चौबे (निलंबित), तत्कालीन संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

इस घोटाले की जड़ें छत्तीसगढ़ में हुए इसी तरह के घोटाले से जुड़ी हुई है। गिरफ्तार कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया ने ही प्रिज्म होलोग्राफी और उसके निदेशक विधु गुप्ता को झारखंड में 'अवैध जनशक्ति मॉडल' के सक्रिय संचालक के रूप में पेश किया था। इस घोटाले में आबकारी लाइसेंस धारकों और झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) की निविदाओं के लिए विधु गुप्ता की एजेंसी के माध्यम से फर्जी जनशक्ति की लगातार तैनाती की गयी। सार्वजनिक धन का गबन करने के लिए फर्जी दस्तावेजों और बढ़ाये गये वेतन दावों का भी इस्तेमाल किया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि विधु गुप्ता के नियंत्रण में ठेकेदारों, आबकारी अधिकारियों और जनशक्ति एजेंसियों को शामिल करते हुए विभिन्न राज्यों में एक संरचित नेटवर्क काम कर रहा था। यह गिरफ्तारी झारखंड शराब घोटाले की जांच में एक महत्वपूर्ण मोड़ मानी जा रही है। आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

## न्यूज रील्स

### बांग्लादेश में शेख हसीना को छह माह जेल की सजा

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के मामले में छह महीने जेल की सजा सुनायी गयी है। बांग्ला अखबार द डेली स्टार के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने बुधवार को यह सजा सुनायी। हसीना और एक स्थानीय नेता शकील बुलबुल के बीच हुई फोन बातचीत की जांच करने के बाद यह फैसला सुनाया। यह बातचीत पिछले साल सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी थी। इस कथित ऑडियो क्लिप में शेख हसीना को यह कहते सुना गया कि उनके खिलाफ 227 मुकदमे दर्ज हैं, इसलिए उन्हें 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। पिछले साल 5 अगस्त को बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर विद्रोह के बाद शेख हसीना ने पद छोड़ दिया था और उसके तुरंत बाद भारत भाग गयी थीं।

### उत्तराधिकारी का चयन बौद्ध परंपराओं से होगा: दलाई लामा

**धर्मशाला।** हिमाचल के धर्मशाला में बुधवार को शुरू हुए 15वें तिब्बती धार्मिक सम्मेलन के मौके पर दलाई लामा की ओर से यह साफ कर दिया गया है कि दलाई लामा की संस्था भविष्य में भी जारी रहेगी। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया कि उनके देहांत के बाद उनके उत्तराधिकारी का चयन भी तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार ही होगा। तिब्बत और बौद्ध धर्म में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए दलाई लामा ने यह भी स्पष्ट रूप से कहा है कि उनके उत्तराधिकारी के चयन में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। अगर चीन ऐसा करने की कोशिश भी करता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा पर गये

- सबसे पहले घाना जायेंगे, इसके बाद ब्राजील जायेंगे
- ब्रिक्स सम्मेलन में भी होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पांच देशों की यात्रा पर रवाना हो गये हैं। वह 2 से 9 जुलाई तक घाना, त्रिनिदाद-टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान 6 और 7 जुलाई को ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इससे वैश्विक दक्षिण के देशों से भारत के संबंधों को नया आयाम मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हुए। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री को 21 तोपों की सलामी के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। घाना की राजधानी एक्रॉ में होटल के बाहर मोदी के स्वागत के लिए भारतीय वेशभूषा में पहुंचे बच्चों ने उन्हें श्लोक सुनाया। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का पहला चरण है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है।



**वैश्विक नेताओं से बातचीत करने के लिए उत्सुक :** घाना रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जतायी। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।

### पीएम मोदी नामीबिया संसद को भी संबोधित करेंगे

पीएम मोदी की यात्रा का अंतिम पड़ाव नामीबिया होगा, जिसे उन्होंने एक भरोसेमंद साझेदार बताया। पीएम मोदी ने कहा कि वह राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा से मुलाकात और हमारे लोगों, हमारे क्षेत्रों और व्यापक ग्लोबल साउथ के लाभ के लिए सहयोग का एक नया रोडमैप तैयार करने के लिए उत्सुक हैं। वह नामीबियाई संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे।

### ब्रासीलिया में एक द्विपक्षीय राजकीय दौरे के साथ जारी रहेगी यात्रा

ब्राजील की यात्रा ब्रासीलिया में एक द्विपक्षीय राजकीय दौरे के साथ जारी रहेगी, जो लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला दौरा होगा। उन्होंने कहा कि यह दौरा ब्राजील के साथ हमारी निकट साझेदारी को मजबूत करने और मेरे मित्र राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का अवसर देगा।

### हजारीबाग का पदमा किला बनेगा शिक्षा का हब

## विश्वविद्यालय को 30 एकड़ जमीन दान देंगे पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह

- महाराजा बहादुर कामख्या नारायण सिंह की जयंती पर जमीन हस्तांतरण करने की है तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में शिक्षा का हब बनाने के लिए एक नया अध्याय जुड़ने वाला है। यहां के ऐतिहासिक पदमा जिला और उसका बड़ा भू खंड विनोवा भावे विश्विद्यालय को मिलेगा। हजारीबाग सदर से दो बार विधायक रहे कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह ने इसकी पहल की है। इसको लेकर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ चंद्रभूषण शर्मा के साथ सौरभ नारायण सिंह लक्ष्मी निवास पैलेस पदमा पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा हमारे पूर्वजों का सपना था हजारीबाग को शिक्षा के क्षेत्र में हब बनाना और इसके तहत हमारे पूर्वज विनोबा भावे यूनिवर्सिटी को सैकड़ों एकड़ जमीन दिये थे। विश्वविद्यालय को फिर से जमीन देकर पदमा क्षेत्र को शिक्षा का हब बनाना है। साथ यहां के लोगो को रोजगार मिले इसके तहत इस जमीन को देने का निर्णय लिया। सौरभ नारायण सिंह 10 जुलाई को महाराजा बहादुर कामख्या नारायण सिंह के जयंती पर 30 एकड़ जमीन दान देंगे। इसकी पूरी तैयारी भी कर ली गयी है।



जमीन का अवलोकन करते पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह, विनोबा भावे विवि के कुलपति डॉ चंद्रभूषण शर्मा और अन्य। (ऊपर) एवं ऐतिहासिक पदमा का किला। (नीचे)

बता दें कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय की स्थापना 1992 में हुई थी। प्रमुख विश्वविद्यालय में विनोबा भावे विश्वविद्यालय का नाम भी शामिल है। यहां दर्जनों पाठ्यक्रमों की पढ़ाई होती है। वोकेशनल से लेकर सामान्य पाठ्यक्रमों की पढ़ाई यहां होती है। आने वाले वर्षों में इसका दायरा अब और बढ़ने वाला है, क्योंकि पदमा किला जो बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। विश्वविद्यालय के परिसर के रूप में शामिल होने वाला है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 03 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# बिहार के रण का कौन बनेगा सिकंदर

## ■ नीतीश, तेजस्वी और पीके के बीच कड़े मुकाबले की जमीन तैयार

## ■ दिलचस्प होता जा रहा है इस बार का बिहार विधान सभा चुनाव

आजाद सिपाही विशेष

इस साल के अंत तक बिहार में विधानसभा चुनाव होना है। बिहार की राजनीति सीधे केंद्र की राजनीति पर असर डालती है। इसलिए केंद्र की किसी भी सरकार के लिए बिहार का समीकरण काफी अहम होता है। बिहार की राजनीति कब और किस तरह से करवट लेगी, कहना मुश्किल होता है। इस बार बिहार का चुनाव एक बार फिर से नीतीश कुमार के इर्द-गिर्द बुना जा रहा है। बीजेपी ने फिलहाल राज्य में नीतीश की जनता दल यूनाइटेड के नेतृत्व में चुनाव लड़ना स्वीकार कर लिया है। वहीं तेजस्वी यादव उनके विरोधी दल के नेता के रूप में मुखर रहेंगे। उनकी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के सामने एनडीए को टक्कर देने की चुनौती है। एनडीए में साल 2020 के पिछले बिहार विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान के तौर पर दरार देखी गयी थी और इसका फायदा आरजेडी ने उठाया था। लेकिन अब भी राज्य में सबसे बड़ा सवाल यही है कि बिहार की राजनीति की दिशा चुनावी साल में क्या है। क्या नीतीश कुमार के पास ही अब भी राज्य में जीत की चाबी है। क्या बीजेपी अकेले दम पर बिहार में निर्णायक बढ़त हासिल करने की ताकत बना पायी है। क्या तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद एंटी-इनकंबेंसी को भुना पायेगी। कांग्रेस के सामने क्या विकल्प हैं और छोटी पार्टियों का समर्थन किसका बेड़ा पार लगायेगा। क्या नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के सामने प्रशांत किशोर कोई चुनौती पेश कर सकेंगे या फिर वह भी किसी राजनीतिक धमाके की तरह प्रकट होने के बाद नेपथ्य में गुम हो जायेंगे। इन सवालों का जवाब आसान नहीं है, क्योंकि बिहार की राजनीति हमेशा से एक नयी लाइन बनाती रही है। ऐसे में कौन बन सकता है बिहार का सिकंदर और क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मी अब बढ़ने लगी है। चुनावी समीकरण भी अब आकार ले रहे हैं। ऐसे में एक बार फिर से चुनावी गठबंधन की बात जोर शोर से उठ रही है। बिहार का चुनाव इस बार कई मायनों में बहुत अलग होने जा रहा है। अब तक के संकेत बता रहे हैं कि बिहार चुनाव में नेताओं के भाषण बहुत ही कसैले और कड़वे होने जा रहे हैं। विधानसभा के बजट सत्र में ही इसकी झलक दिखाई पड़ी। तेजस्वी हों या फिर नीतीश, दोनों ही व्यक्तिगत हमला कर रहे हैं। एनडीए हो या फिर इंडिया गठबंधन, दोनों तरफ से व्यक्तिगत हमले हो रहे हैं। नीतीश कुमार तेजस्वी को बच्चा कहकर बात करते हैं। इस तरीके से वह उनके कद को कम करने का प्रयास करते हैं। नीतीश का कहना है कि उन्होंने तेजस्वी के पिता लालू यादव के साथ राजनीति की है। ऐसे में वह उन्हें क्या सिखायेंगे। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव इस समय नीतीश कुमार के साथ ही उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भी राजनीतिक हमला झेल रहे हैं। इसके साथ ही अन्य नेता भी तेजस्वी पर हमलावर हैं।

### क्या बदलेगा गठबंधन का समीकरण

राजनीति में अनिश्चितता तो रहती है, लेकिन बिहार में बीजेपी ने यह स्पष्ट कर दिया है ? कि एनडीए विधानसभा का चुनाव नी ?तीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगा। बिहार के पिछले विधानसभा चुनाव में 243 सीटों की विधानसभा में बीजेपी 110 सीटों पर और जेडीयू 115 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इस बार सीटों के बंटवारे को लेकर रस्साकशी और सौदेबाजी देखने को मिल रही है, क्योंकि पिछली बार जेडीयू मात्र 43 सीटें जीत पायी थी। लेकिन सवाल यह है कि उसके आगे क्या होगा। चुनाव के बाद क्या परिणाम आते हैं। कैसी परिस्थितियां होंगी। आरजेडी का प्रदर्शन कैसा होगा। अगर आरजेडी के पास सीटें अच्छी आती हैं, तो नीतीश कुमार के पास आरजेडी के साथ जाने का विकल्प बनता है। ऐसे में इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। पिछली बार जेडीयू का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा था। इसके बावजूद नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री इसलिए बनाया गया, क्योंकि उनके पास दूसरा विकल्प मौजूद है। इस समय जेडीयू और आरजेडी के रिश्ते खराब हैं। ऐसे में बीजेपी और जेडीयू चुनाव में साथ लड़ने की संभावना है।



### कितने असरदार हैं नीतीश कुमार

यह सच है कि नीतीश कुमार की साख अब पहले जैसे नहीं रही। उनकी राजनीतिक निष्ठा पासे की तरह पलटती रही। इसका नुकसान हुआ है। वहीं उनके खराब स्वास्थ्य और सरकार की कार्यशैली के कारण उनके प्रति विश्वास में कमी आयी है, लेकिन यह भी स्थिति नहीं आयी कि बीजेपी उनसे पल्ला झाड़कर अकेले चुनाव लड़ ले। फिलहाल बीजेपी अभी आश्वस्त नहीं कि वह अकेले चुनाव लड़कर चुनाव जीत सकती है। मुझे लगता है कि बीजेपी अगर अकेले चुनाव लड़ेगी, तो शायद वह सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरेगी, लेकिन उसकी इतनी हैसियत नहीं है कि अकेले सरकार बना ले। ऐसे में नीतीश कुमार को चुनाव तक साथ रखना लाजिमी है। वैसे नीतीश कुमार को लेकर बीजेपी नेताओं में बेचैनी बहुत है। चुनाव के बाद यह बेचैनी और भी दिखाई देगी। चुनाव में सीट जीतने का अनुपात अगर पिछली बार की तरह ही रहा, तो इस बार बिहार में महाराष्ट्र जैसी राजनीति देखने को मिल सकती है।

### नीतीश के स्वास्थ्य का बिहार की राजनीति पर असर

नीतीश कुमार अब 74 साल के हो गये हैं। उम्र के साथ उनके स्वास्थ्य को लेकर दिक्कतें सामने आयी हैं। ऐसे में उनके नेतृत्व को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर पूरी की पूरी राजनीति तैयार की जा रही है। साल 2005 में जब नीतीश ने सत्ता संभाली थी, तो यह कहा जाता था कि बहुत अच्छे शब्द बोलने वाले व्यक्ति के पास सत्ता आयी है। इससे इतर पिछले दिनों में उनका भाषण देखें, उनका स्टाइल देखें, वह कैसे गुस्सा हो जा रहे हैं। सभी महसूस कर रहे हैं कि उनका स्वास्थ्य अब अच्छा नहीं है। नीतीश कुमार ने अपने बाद दूसरी पंक्ति का कोई नेता उभरने नहीं दिया और 23 साल से पूरी जेडीयू उनके ही इर्द-गिर्द घूम रही है। जेडीयू में दूसरी पंक्ति में अब निशांत कुमार को आगे किया जा रहा है। सवाल यह है कि 40 साल की उम्र पार कर रहा व्यक्ति क्या राजनीतिक विरासत को संभाल पायेगा। नीतीश कुमार के पास 14 प्रतिशत वोट है और बीजेपी भी इस बात को मानती है। यह वजह है कि नीतीश कुमार जिस तरफ जाते हैं, जीत उसी की होती है।

### जेडीयू का वोट बैंक कहां जायेगा

इस चुनाव में नेतृत्व नीतीश कुमार के हाथ में रहेगा, लेकिन अगर मान लें कि न रहे तो क्या होगा। इससे अति पिछड़ा वर्ग का वोट टूटेगा। यह आरजेडी से टूटकर जेडीयू में आया है, तो इसका बड़ा हिस्सा बीजेपी में जायेगा और छोटा हिस्सा आरजेडी के पक्ष में जा सकता है। कांग्रेस को इसका कोई फायदा शायद नहीं होगा। बिहार में 15 साल सरकार के बाद भी आरजेडी का वोट प्रतिशत 26 से 27 के बीच बना हुआ है। अति पिछड़ा वर्ग काफी जद्दोजहद के बाद जेडीयू के साथ गया है। आरजेडी में अति पिछड़ा वर्ग की वापसी के लिए तेजस्वी को अखिलेश यादव की तरह राजनीतिक संकेत देने होंगे।

### कांग्रेस के पास क्या विकल्प है

बिहार में कांग्रेस जिस राह पर चल पड़ी है, उसमें यूपी, बिहार ही नहीं, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में संकट नहीं, महासंकट है। ऐसे राज्यों की संख्या बढ़ती जा रही है। बिहार में इस बार कांग्रेस के अस्तित्व की लड़ाई है।

### बिहार में छोटे दलों की क्या है भूमिका

बिहार की राजनीति जातियों पर आधारित है। छोटी पार्टियों के नेताओं की एक विशेष जाति पर पूरी पकड़ है, जैसे चिराग पासवान का एक अपना वोट बैंक है। जीतन राम मांझी का एक अलग वोट बैंक है। इनके जातिगत वोट बैंक को हासिल करने के लिए गठबंधन की जरूरत है। तेजस्वी यादव इस चुनाव में अखिलेश यादव से कुछ सीखेंगे। कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने के बजाय अगर अपनी सीटों पर प्रत्याशी उतारते हैं, तो उन्हें ज्यादा फायदा होगा। बीजेपी अपना फुटप्रिंट बनाने की कोशिश कर रही है। चिराग पासवान को वो जितनी सीटें पहले देते आ रहे हैं, उतनी ही देंगे।

### जनसुराज पार्टी और प्रशांत किशोर कितने बड़े कारक

बिहार चुनाव में इस बार जनसुराज पार्टी भी एक फैक्टर है। यह कितना बड़ा है, इसका पता चुनाव के बाद ही पता चलेगा। हमें उप चुनाव और सामान्य चुनाव में अंतर करके देखने की जरूरत है। जब विधानसभा चुनाव होंगे, तो लोग अपने नुमाइंदे नहीं सरकार चुनेंगे और उस वक्त अगर ये लगने लगता है कि कोई पार्टी एकदम हाशिये पर है या फिर सरकार बनाने की स्थिति में नहीं, तो ऐसे में उनकी तरफ रुझान कम हो जाता है। इसलिए प्रशांत किशोर कुछ न कुछ नुकसान जरूर करेंगे। वो जितना भी वोट लायेंगे, आरजेडी और उनके स ?हयोगी दलों का ही नुकसान होगा।

---

# मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई का निधन, सीएम ने जताया शोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई भरत कपूर का आकस्मिक निधन हो गया है। वह हैदराबाद के एआइजी अस्पताल में भर्ती थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भरत कपूर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शोकाकुल परिवारजनों को दुख की घड़ी में सहन करने की शक्ति दें।



मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को पोस्ट कर लिखा कि राज्य सरकार में साथी मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई भरत कपूर के आकस्मिक निधन का दुःखद समाचार मिला। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री के अलावा कई मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने भी मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई के निधन पर संवेदना प्रकट की है। मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा है कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल और शक्ति प्रदान करें।

# हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य में हो रहा सुधार : संजय सेठ

**अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी से मिलने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ अस्पताल पहुंचे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा की स्थिति पहले से सुधर रही है। वे रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल में आइसीयू में भर्ती हैं, जहां उनके सिर में लगी गंभीर चोट के बाद इलाज चल रहा है। बुधवार को रांची के सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ अस्पताल पहुंचे और विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से मिलकर पूरी स्थिति को समझा और कहा कि सरकार उनकी हर संभव सहायता करेगी।



संजय सेठ ने कहा कि विमल लकड़ा जैसे खिलाड़ी राज्य और देश का गौरव हैं, और ऐसे समय में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। संजय सेठ ने कहा कि जब वह पहली बार मेडल जीत कर झारखंड पहुंचे थे, तो उस दौरान मैं बैंक में नौकरी करता था और उन्हें सम्मानित करने का मौका मिला था। उनके लिए झारखंड ही नहीं बल्कि पूरा देश खड़ा है, इस दौरान चिकित्सक संजय कुमार ने कहा कि पहले से स्थिति सुधर रही है। ऑपरेशन की जरूरत नहीं पड़ेगी। मेडिसिन से ही ठीक होने की संभावना ज्यादा है, लगातार चिकित्सकों की टीम मॉनिटरिंग कर रही है। गौरतलब हो कि सोमवार को सिमडेगा जिले के अपने पैतृक गांव में खेत में काम करने के दौरान विमल लकड़ा अचानक बेहोश होकर गिर पड़े थे। परिवारजनों और ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक जांच में सिर में गंभीर चोट और ब्रेन क्लॉटिंग की आशंका जतायी गयी, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें रांची रेफर कर दिया। रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल में उन्हें आइसीयू में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार, ब्रेन में खून के थक्के जमने की पुष्टि हुई है और उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में चल रहा है। विमल लकड़ा की गंभीर स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार भी सक्रिय हुई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मामले की गंभीरता को समझते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को निर्देश दिया है कि इलाज में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए।

# गुरुजी अवश्य स्वस्थ होकर वापस आयेंगे : अंतु तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना करते हुए बुधवार को तेतर टोली सरना स्थल मोरहाबादी में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अंतु तिर्की ने वैधानिक तरीके से पूजा-अर्चना की। तिर्की के नेतृत्व में सरना स्थल पर पूरे विधि विधान से मोरहाबादी मौजा के मुख्य पाहन सनी मुंडा की ओर से पूजा-अर्चना की गयी। अंतु तिर्की ने कहा हम सबों के आदर्श दिशुम गुरु शिबू सोरेन पर सरना माता की कृपा बनी रहेगी और वे शीघ्र स्वास्थ्य होकर वापस लौटेंगे। उनके शीघ्र स्वास्थ्य एवं दीघार्यु के लिए विशेष प्रार्थना एवं पूजा अर्चना की गयी। अनुष्ठान में कार्तिक तिर्की, राम सहाय सिंह मुंडा, बीरू साहू, विनोद तिर्की, महादेव मुंडा, बजरंग लोहरा, विलियम रिचर्ड, फैयाज साह, कृष्णा मुंडा, अमित तिर्की, दीपक तिर्की, दीपक लोहरा, अशेसर रजवार, राखी देवी, सोमारी देवी, चामू बेक अनिल, रोशन सहित अन्य लोग शामिल थे।



# बिहार के सीमांचल में सांप्रदायिक सियासत की साजिश!

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार की सियासत में एक बार फिर हलचल मच गयी है। लघु जल संसाधन मंत्री और हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष सुमन ने राजद और कांग्रेस पर सीमांचल में सांप्रदायिकता भड़का कर वोटों का ध्रुवीकरण करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि इंडी गठबंधन असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम के साथ मिलकर बिहार में सियासी खेल खेलने की फिराक में है।



### ओवैसी के साथ गठजोड़ का दावा

डॉ संतोष सुमन ने कहा कि राजद और कांग्रेस सीमांचल में अल्पसंख्यक वोटों को अपने पाले में करने के लिए ओवैसी का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने पटना में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ आयोजित एक सम्मेलन में तेजस्वी यादव के बयानों को तुष्टिकरण की कोशिश बताया। सुमन का कहना है कि इसका मकसद वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा नहीं, बल्कि वोटों का ध्रुवीकरण है।

### सीमांचल में वोटों का गणित

सुमन ने बताया कि सीमांचल के चार जिलों में मुस्लिम वोटरों की अच्छी-खासी तादाद है। किशनगंज में 67%, कटिहार में 38%, अररिया में 32% और पूर्णिया में 30% मुस्लिम मतदाता हैं। उनका आरोप है कि राजद-कांग्रेस इस इलाके में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कर अल्पसंख्यक वोटों को हासिल करना चाहते हैं, साथ ही बहुसंख्यक समुदाय में डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

### सामाजिक तनाव का खतरा

डॉ सुमन ने चेतावनी दी कि राजद-कांग्रेस का यह कथित गठजोड़ सीमांचल को अशांत करने और सामाजिक विद्वेष फैलाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि ओवैसी जैसे नेताओं का साथ लेकर ये दल भड़काऊ भाषणों के जरिये सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश कर सकते हैं। सुमन ने बिहार की जनता से ऐसे 'मौकापरस्त' नेताओं से सावधान रहने की अपील की।

### बिहार की जनता को चेतावनी

डॉ संतोष सुमन ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले इस मुद्दे को उठाकर सियासी माहौल को गर्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि सीमांचल की शांति और सामाजिक सौहार्द को बनाये रखने के लिए जनता को जागरूक रहना होगा। यह विवाद क्या बिहार की सियासत में नया मोड़ लायेगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
भारत सरकार

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

# झारखंड में वर्ल्ड क्लास रोड नेटवर्क
# भारत सरकार का संकल्प





"21वीं सदी का नया भारत, बेहतरीन और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। बेहतर सड़कें, रेल नेटवर्क, एयरपोर्ट, ये सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स नहीं होते, बल्कि ये पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर देते हैं।" —नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## ₹6300+ करोड़ के निवेश की 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का झारखंड वासियों को उपहार

### शिलान्यास

**दामोदर नदी पर हाई लेवल पुल एवं भौरा रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर आरओबी का निर्माण**
(NH-218, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹285 करोड़)

**मुर्गाताल से मानपुर खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-218, लम्बाई 27 किमी, लागत ₹95 करोड़)

**सिमडेगा जिले में 8 हाई लेवल ब्रिजों का निर्माण**
(NH-143, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹35 करोड़)

### लोकार्पण

**पलमा से गुमला तक 4 लेन सड़क का निर्माण**
(NH-23, लम्बाई 63 किमी, लागत ₹1900 करोड़)

**रांची शहर के अंतर्गत रातु रोड पर एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण**
(NH-75, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹560 करोड़)

**झारखंड भाग में बाराहाट से तुलसीपुर खंड तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-133, लम्बाई 15 किमी, लागत ₹70 करोड़)

**बरही-कोडरमा खंड का 4 लेन का निर्माण**
(NH-31, लम्बाई 28 किमी, लागत ₹825 करोड़)

**गोड्डा से सुंदरपहाड़ी खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-333 A, लम्बाई 18 किमी, लागत ₹100 करोड़)

**गिरीडीह शहर में सड़क का चौड़ीकरण**
(NH-114 A, लम्बाई 9 किमी, लागत ₹20 करोड़)

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025 | रांची | दोपहरः 2:30 बजे**

### शिलान्यास

**छत्तीसगढ़/झारखंड सीमा से गुमला तक 4 लेन सड़क निर्माण**
(NH-43, लम्बाई 32 किमी, लागत ₹1330 करोड़)

### लोकार्पण

**शंखा से खजुरी तक 4 लेन सड़क निर्माण**
(NH-39, लम्बाई 23 किमी, लागत ₹1130 करोड़)

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025 | ग्राम हुर के पास, गढ़वा बाईपास, गढ़वा, झारखंड | सुबह : 11:30 बजे**

### विकास परियोजनाओं से लाभ

- रांची शहर में रातु रोड पर लगने वाले जाम से निजात, समय और ईंधन की बचत
- आस पास के राज्यों से सुगम संपर्क, माल ढुलाई आसान और व्यापार को बढ़ावा
- रांची और पटना के बीच कनेक्टिविटी आसान
- तिलैया डैम और कोडरमा वन जैसे पर्यटन स्थलों तक आसान पहुँच
- अंजनी धाम, टांगीनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों तक सुगम कनेक्टिविटी, श्रद्धालुओं को सुविधा
- एनएच - 114A के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से गिरडीह शहर में यातायात हुआ सुगम
- धनबाद और पश्चिम बंगाल के बीच बेहतर हुआ संपर्क, कोयला ढुलाई आसान
- लॉजिस्टिक लागत में कटौती से औद्योगिक और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा
- स्थानीय उत्पादों एवं कृषि उपज की बड़े बाजारों तक पहुँच आसान

## नितिन गडकरी
**सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री**
**भारत सरकार**
के कर कमलों द्वारा

एवं

## हेमंत सोरेन
**मुख्यमंत्री, झारखंड**
की अध्यक्षता में

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025**

### गरिमामयी उपस्थिति

अन्नपूर्णा देवी — केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री | संजय सेठ — केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री | बाबु लाल मरांडी — नेता प्रतिपक्ष, झारखंड | रघुवर दास — पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड | शिबू सोरेन — पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड एवं सांसद (राज्यसभा) | संजय प्रसाद यादव — उद्योग मंत्री, झारखंड | दीपिका पाण्डेय सिंह — पंचायती राज मंत्री, झारखंड | सुदिव्य कुमार — पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले मंत्री, झारखंड | शिल्पी नेहा तिर्की — कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री, झारखंड | चमरा लिण्डा — अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री, झारखंड

### माननीय सांसद गण

दीपक प्रकाश, आदित्य प्रसाद, महुआ माजी, प्रदीप कुमार वर्मा, डॉ. सरफराज अहमद, डॉ. निशिकांत दुबे, विजय कुमार हांसदाक, विष्णु दयाल राम, चंद्र प्रकाश चौधरी, दुलू महतो, मनीष जायसवाल, कालीचरण मुंडा, सुखदेव भगत

### माननीय विधायक गण

सी.पी. सिंह, प्रदीप यादव, नीरा यादव, नमन बिक्सल कोनगाडी, भूषण तिर्की, जिगा सुसरन होरो, मनोज कुमार यादव, उमाकांत रजक, रागिनी सिंह, धनंजय सोरेन, सत्येन्द्र नाथ तिवारी, नरेश प्रसाद सिंह

CBC 37107/15/0005/2526

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary | https://twitter.com/nitin_gadkari | www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

# केरेडारी में टीपीसी के सब जोनल कमांडर की गोली मारकर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** थाना क्षेत्र में माइंस व ट्रांसपोर्टिंग का कार्य शुरू होने से पिछले दो वर्षों में अपराधीक घटनाएं इतना तेजी से बढ़ गया कि अपराध घटनाएं में नियंत्रण होने का नाम ही नहीं ले रहा है, एक सप्ताह के भीतर दो बार गोलियों की तड़तड़ाहट से क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है। मंगलवार की देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी, यह घटना केरेडारी-बुंडू रोड पर गेरुआ नदी के समीप हुई है और युवक को सीने में गोली मारी गयी है, मृतक युवक की पहचान बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव का टीपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर अनीश अंसारी के रूप में हुई है, पुलिस ने संगठन में हुए आपसी विवाद में इसकी हत्या की आशंका जतायी है। मृतक पर करीब पंद्रह आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**घटना की सूचना पाकर पहुंचे मृतक के परिजन:** घटना के सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के परिजन ने बताया आपसी विवाद में हत्या की आशंका जतायी है हालांकि पुलिस इस पर हर पहलू पर जांच कर रही है।

## हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस

जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने बुधवार की सुबह शव को देखा इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, और अपराधियों की तलाश में जुटी है, संगठन में हुए आपसी विवाद में हत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है, वहीं सब जोनल कमांडर अनीश अंसारी के प्रति हजारीबाग और रांची चतरा जिला के विभिन्न थाने में दर्जनों मामला दर्ज है। वही केरेडारी थाना में हाईवा आगजनी घटना सहित विभिन्न कांडों में संलिप्त चार मामले भी दर्ज किया गया।

## समर कार्यक्रम के तहत कुपोषित बच्चों की होगी निगरानी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा कुपोषण उन्मूलन की दिशा में चलाए जा रहे समर कार्यक्रम के अंतर्गत कोडरमा प्रखंड के सेक्टर-4 की सभी सेविका, पोषण सखी, सहिया, एएनएम को प्रखंड सभागार में विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कुपोषित और एनीमिया से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें बेहतर देखभाल और इलाज प्रदान करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तरीय प्रशिक्षक पप्पू कुमार यादव ने बताया कि समर कार्यक्रम का क्रियान्वयन झारखंड में वर्ष 2023 से हो रहा है। जिला में इसका तीसरा चरण जून 2025 से शुरू हुआ है। यह कार्यक्रम कुपोषण की गंभीर समस्या को दूर करने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। श्री यादव ने बताया कि अब कुपोषित बच्चों की देखभाल दो स्तरों पर की जायेगी जिसमे कुपोषण उपचार केंद्र व समुदाय स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्र और स्वास्थ्य उपकेंद्र है। पहले केवल एमटीसी केंद्रों पर गंभीर कुपोषित बच्चों का उपचार होता था, लेकिन अब सामुदायिक स्तर पर भी इन बच्चों की देखभाल संभव हो गयी है। हर आंगनबाड़ी केंद्र में औसतन 2-3 अति गंभीर कुपोषित बच्चे पाये जा रहे हैं, जो अत्यंत चिंता का विषय है। 11 चरणों की निगरानी और 8 माह की देखभाल प्रशिक्षण में बताया गया कि कुपोषित बच्चों की 11 चरणों में निगरानी की जायेगी। पंजीकृत बच्चों की 8 महीने तक विशेष देखभाल की जायेगी और उनके स्वास्थ्य की निगरानी समर ऐप के माध्यम से की जायेगी। बच्चों में भूख की जांच और चिकित्सीय जटिलताओं की पहचान के आधार पर जरूरत पड़ने पर रेफरल सुविधा भी प्रदान की जायेगी। राज्य सरकार ने यह तय किया है कि अब ऐसे बच्चों को उनके ही समुदाय में पोषण और चिकित्सा सुविधा दी जायेगी। इस अवसर पर सेविका सुनीता देवी, रूमी खानम, संगीता देवी, ललिता देवी, रिंकी देवी, डोली देवी, पोषण सखी कविता, मीना, सुषमा देवी, सहिया प्रतिमा, रीता, अनीता, गुड्डी देवी, एएनएम संजुला कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका कुमारी श्वेता, पूनम कुमारी और राजीव कुमार की उपस्थिति रही।

## सावंत इंटर कॉलेज में नये सत्र की शुरुआत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** खपरियावां स्थित सावंत इंटर कॉलेज में नये शैक्षणिक सत्र 2025-27 का शुभारंभ सरस्वती वंदना, शंखध्वनि और पारंपरिक विधि से हुआ। कॉलेज के सचिव राम किशोर सावंत, प्रबंधन समिति सदस्य मंजू मिश्रा, आकाश सुबोध और शिक्षकों-कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को तिलक कर और पुष्पवर्षा से स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य दीपक कुमार ने की। उन्होंने कहा कि नया सत्र छात्रों के जीवन निर्माण का अवसर है। सावंत कॉलेज का उद्देश्य सिर्फ परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। तीन सत्रों की पढ़ाई की व्यवस्था कॉलेज में 2025-27 सत्र के लिए कला, विज्ञान और वाणिज्य इन तीनों संकायों में नियमित शिक्षण की व्यवस्था है। विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई करायी जायेगी, साथ ही परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष मार्गदर्शन भी मिलेगा। शिक्षकों में श्याम सुंदर दास, किंशु कुमार कुशवाहा, नेमचंद कुमार, भवेश कुमार, मोहम्मद शल्लाहउद्दीन, शंकर प्रजापति, बिंदु कुमार वर्मा, प्रवीण कुमार और महिला शिक्षिकाओं में शोभा कुमारी, रंजिता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी उपस्थित रहीं। गैर-शिक्षकीय कर्मियों में शशि कुमार सिन्हा, पूजा राणा, शारदा देवी और गीता देवी शामिल रहीं। इस अवसर पर छात्रों के बीच शिक्षण सामग्री, प्रेरक साहित्य और उद्धरण वितरित किये गये। विद्यार्थियों ने गीत और प्रेरणादायक वक्तव्यों के साथ माहौल को उल्लासमय बना दिया। प्रबंधन ने छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और जीवन कौशल सिखाने का संकल्प दोहराया।

## ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य को रोक



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट कोल खनन परियोजना के विस्तार में केरेडारी प्रखंड के कंडाबेर पंचायत के सिरमा गांव के भू-रैयतों और ग्रामीणों ने एमडीओ त्रिवेणी सैनिक कंपनी के खिलाफ जोरदार तरीके से विरोध प्रदर्शन किया है। रैयतों का आरोप है कि कंपनी उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रही है और उन्हें न तो उचित मुआवजा दे रही है और न ही रोजगार दे रही है। भू-रैयतों ने कंपनी को जमीन औने पौने दाम पर नहीं देने का फैसला किया है। रैयतों की मांग है कि कंपनी उन्हें उनकी जमीन का उचित मुआवजा दे और जबरदस्ती जमीन पर कब्जा करने से बचे, वहीं आगे रैयतों का आरोप है कि त्रिवेणी कंपनी इस क्षेत्र में अंग्रेजों जैसे शासन करना चाहती है ऐसा हरगिज नहीं होने देगें व बुधवार को रैयतों ने सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया है। रैयतों का कहना है पहले वार्ता करो उचित मुआवजा दो फिर सड़क बनाने देंगे। इस मौके पर मो अमीन, मो रिजवान, दीपक कुमार, मंजूर अंसारी, विवेक कुमार, रवीद्र कुमार, मो परवेज, मुन्ना राणा, लोकेश कुमार, शिव कुमार, मुन्ना कुमार, रघुनाथ कुमार, राकेश कुमार, करन कुमार, बिकास कुमार, अजय कुमार आदि शामिल हैं।

## फाइलेरिया से बचाव को लेकर शिविर का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के तलसवार पंचायत में फाइलेरिया हाथी पांव से बचाव हेतु जिला स्वास्थ समिति हजारीबाग और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सक प्रभारी डॉ अविनाश कुमार के द्वारा संयुक्त टीम पलाडू, कोयलंग के टोला परेवातरी, लंबकीटांड़, निमियाटोला, सिमरातरी में फाइलेरिया रात्रि रक्त पट कार्यक्रम किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया का उन्मूलन करना है। जिसकी जानकारी भी बी डी सुपरवाइजर तरूण शर्मा ने दी। तलसवार पंचायत मुखिया गीता देवी के द्वारा इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया और लोगों से अपील की गयी कि पंचायत के लोग जांच अवश्य कराये। शिविर में कुल 522 लोगों का ब्लड सैंपल जांच के लिए लिया गया। ताकि सभी लोग इस बीमारी से बच सके। मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य काजो देवी, स्वास्थ्य उपकेंद्र पलांडू के सी एच ओ मुकेश गोस्वामी, मनोज, नितेश, कमलेश, अवधेश, मुकेश, प्रीति, राखी, सबिता एल टी सहिया मंजू, उषा, रीना, कंचन, मीना, कंचन, अनीता, जीरवा, नमिता, ग्रामीणों में अजय कुमार, नारायण प्रसाद, रंजीत कुमार, नागेश्वर महतो, कैलाश महतो, पारसनाथ, रेखा देवी, बसंती, तिलासो, आरती सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

# मंदिर में बजरंगबली की प्रतिमा तोड़ी, आरोपी हुआ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर थाना क्षेत्र स्थित मीठा तालाब परिसर में मंगलवार देर रात मंदिर में बजरंगबली की प्रतिमा खंडित कर दी गयी। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया है। घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश था। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मंदिर परिसर में जुट गये और विरोध जताने लगे। बता दे कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सदर एसडीपीओ अमित आनंद, अनुमंडल अधिकारी वैधनाथ कामती, सदर अंचल अधिकारी मयंक भूषण सहित कई वरीय पुलिस पदाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच छानबीन में जुटे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए हजारीबाग पुलिस ने जांच शुरू किया जिसमें मूर्ति को खंडित करने वाले स्थानीय काली बड़ी नाला के समीप रहने वाले युवक संतु कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया, जिसके बाद माहौल शांत हुआ। स्थानीय लोग ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त ऋतुराज ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से आमजनों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनकी विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनता दरबार के दौरान फरियादियों ने कई व्यक्तिगत और सामाजिक समस्याएं सामने रखीं, जिनमें अतिक्रमण रोकने, दाखिल खारिज, वृद्धा पेंशन चालू रोकने, मजदूर भुगतान करने, सड़क निर्माण कार्य को पूरा नहीं करने, गैरमजरूआ आम भूमि पर अतिक्रमण करने, जमीन कब्जा करने, अनुकंपा आधारित जन वितरण प्रणाली दिलाने, जमीन नापी से संबंधित जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। इन शिकायतों पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे संबंधित विभागों और प्रखंड कार्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की शीघ्र जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## शिक्षक दशरथ प्रसाद का निधन

**इचाक(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आरएम प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय चंदा के सेवानिवृत शिक्षक दशरथ प्रसाद (उम्र 67 वर्ष)का निधन सोमवार हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मृदु भाषी और सरल स्वभाव के धनी दशरथ प्रसाद चंदा में उच्च विद्यालय के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने में उनकी भूमिका भी अहम रही। उन्होंने विद्यालय के स्थापना काल से ही वर्ष 1980- 81 में आर एम प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय में बतौर विज्ञान शिक्षक शामिल हुए। और अपने सेवानिवृति तक विद्यालय में बने रहे। अपने मृदुभाषी व्यवहार के कारण वे बच्चों और अभिभावकों के बीच काफी लोकप्रिय हुए। अगस्त 2018 में वे सेवानिवृत हुए। शिक्षक दशरथ प्रसाद के निधन से पूरे प्रखंड में शोक का माहौल है। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को ढाढस बंधाया। कहा कि शिक्षक दशरथ प्रसाद के निधन से समाज में खासकर शिक्षा के क्षेत्र में एक अपूरणीय क्षति हुई है। जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। आर एम प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के पूर्व प्राचार्य और संस्कार भारती के अध्यक्ष कुमार केशव ने कहा कि इचाक में शिक्षा का अलख जगाने में शिक्षक दशरथ प्रसाद ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका अंतिम संस्कार पुराना इचाक इचाक स्थित मुक्ति धाम में किया गया। मुखाग्नि पुत्र राजा ने दिया। शोक व्यक्त करने वालों में युवा नेता गौतम कुमार समेत कई शामिल हैं।

# मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक
# डीजे और भड़काऊ गानों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** मुहर्रम पर्व के मद्देनजर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की संयुक्त अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक स्थानीय नगर भवन सभागार में बुधवार को हुई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी मजहब के लोग आपसी एकता और भाईचारगी के प्रतीक हैं। उन्होंने मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पर्व मनाने और अनुशासन और आत्मसंयम बनाए रखने के लिए अपने आस पास के लोगों को प्रेरित करने की बात कही। छडवा डैम ने लगने वाले मेला पर विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए आवश्यक तैयारियों को क्रियाशील करने का निर्देश दिया गया है।

इस दौरान उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजनों को जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी और सुरक्षा के लिहाज से जिला कंट्रोल रूम जिसका संपर्क नंबर 8002529349 (24*7) रूप से कार्यरत है। डीसी ने शांति समिति के सदस्यों से पर्व को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजन करने की अपील की। वहीं पुलिस अधीक्षक ने मुहर्रम पर्व के दौरान भड़काऊ गाने व सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के भ्रामक खबरों को पोस्ट न करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया की निगरानी के लिए साइबर थाना को सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने ज्वलनशील पदार्थो का प्रयोग न करने, तय मार्ग व समय पर जुलुस को निकालने सहित सभी संप्रदायों से आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाये रखने और किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, वीडियो, शॉर्ट्स, फोटो मिले तो तुरंत संबंधित थाने को सूचना देने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा की किसी भी तरह के प्री रिकॉर्डेड भड़काऊ गाने और डीजे के प्रयोग पर रोक रहेगी।

संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जायेगी और सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिया गया। जुलूस मार्गों की निगरानी ड्रोन कैमरों के माध्यम से की जायेगी ताकि किसी भी असामाजिक गतिविधि पर तत्काल नियंत्रण पाया जा सके।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, सदर एसडीओ बैद्यनाथ कामती, बरही एसडीओ जोहन टुडू, डीएसपी, एसडीपीओ, सिविल सर्जन और सभी प्रखंडों के बीडीओसीओ और बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

# तनिष्क कोडरमा ने डॉक्टर्स डे और सीए डे पर समारोह का किया आयोजन

**3 जुलाई से तनिष्क कोडरमा में फेस्टिवल ऑफ डायमंड का होगा आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**झुमरीतिलैया।** तनिष्क कोडरमा ने डॉक्टर्स डे और सीए डे के उपलक्ष में एक भव्य समारोह का आयोजन किया, जिसमें जिले के प्रमुख चिकित्सक और चार्टर्ड अकाउंटेंट ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करायी। इस अवसर पर रांची से आये कलाकारों ने मंत्रमुग्ध संगीत प्रस्तुत किया, जिसने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

तनिष्क कोडरमा की फ्रेंचाइजी संतोष फोगला और विमल फोगला ने इस समारोह में विशेष रूप से उपस्थित होकर अपनी गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर उपस्थित डॉक्टरों और सीए ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कोडरमा जिले में इस तरह का पहला आयोजन किसी संस्थान द्वारा किया गया है, जो कि सराहनीय है।

विमल फोगला ने बताया कि 3 जुलाई से तनिष्क कोडरमा में फेस्टिवल ऑफ डायमंड का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हीरों के अद्भुत संग्रह का प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान ग्राहकों को विशेष छूट प्रदान की जायेगी और उन्हें अपने पसंदीदा हीरों का चयन करने का अवसर मिलेगा।

तनिष्क कोडरमा की ओर से आयोजित इस समारोह में जिले के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी और इस आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर तनिष्क कोडरमा की टीम ने सभी का आभार व्यक्त किया और आने वाले फेस्टिवल ऑफ डायमंड के लिए सभी को आमंत्रित किया।

फेस्टिवल ऑफ डायमंड के दौरान तनिष्क कोडरमा में हीरों के विभिन्न संग्रह का प्रदर्शन किया जायेगा और ग्राहकों को आकर्षक छूट प्रदान की जायेगी। सभी से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठायें और अपने पसंदीदा हीरों का चयन करें।

तनिष्क कोडरमा की टीम ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि फेस्टिवल ऑफ डायमंड में आप सभी की उपस्थिति से हमें और भी उत्साह मिलेगा।

## वृद्ध आश्रम में खाद्य सामग्री का वितरण



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** अड्डी बंगला स्थित वृद्धाश्रम में लायंस क्लब के द्वारा खाद्य सामग्री का वितरण वहां रहने वाले वृद्ध लोगों के बीच किया गया। अध्यक्ष गजेंद्र राम ने कहा कि गरीबों की सेवा हमारे क्लब का प्रमुख उद्देश्य है, इसलिए आज लायन ईयर के प्रारंभ में वृद्ध जनों के बीच खाद्य सामग्री यथा बिस्किट, चूड़ा, गुड, फल और मुढ़ी इत्यादि का वितरण किया गया। वहां रहने वाले वृद्ध लोगों ने बताया कि उन्हें विभिन्न प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका अनुरोध था कि एक दिन मेडिकल कैंप भी लगे जिसपर अध्यक्ष गजेंद्र राम ने आश्वासन देते हुए बताया कि यह शिविर जल्द ही आयोजित किया जायेगा। आज के इस कार्यक्रम में लायन क्लब के एडमिनिस्ट्रेटर सूजीत अम्बष्ठ के अतिरिक्त दिनेश कुमार और पूर्व अध्यक्ष जयनंद झा भी मौजूद थे।

## विभिन्न इमामबाड़ों में निशान खड़े किये गये



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम की 5वीं तारीख मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न ईमामबाड़ो में नियाज फातिहा के बाद निशान खड़े किये गये। साथ ही शाहगंज अखाड़ा, चौक मुहल्ला अखाड़ा, दरगाह मुहल्ला अखाड़ा, कर्बला नगर अखाड़ा कमेटी के द्वारा मिट्टी लाने के लिये जुलुस निकाला गया। शाहगंज ईमाम बाड़ा से निकलकर चौक मुहल्ला, बड़ा अखाड़ा, दरगाह मुहल्ला, ब्लॉक चौक होते हुए कब्रिस्तान के समीप पहुंचा जहां अखड़ा के खिलाड़ियों के द्वारा खेल का प्रदर्शन किया और वहां से मिट्टी लाकर विभिन्न ईमामवाड़ो में मिट्टी रखा गया। इस दौरान सरकारी दरगाह के समीप अखाड़ा के खेलड़ियों के द्वारा परामपारिक हथियार बना, तलवार, भाला, फरसा, लाठी का हैरत अंगेज खेल का प्रदर्शन किया। जो देर रात तक चला। मौके पर मो जावेद, इनामूल शेख, साकीर अहमद, मिन्हाज अंसारी, समीम अंसारी, अल्ताफ शेख, मो साहिल, मो समीर, मुन्ना शेख, मो दिलसान, नौसाद अंसारी, मो सोएब, सकिल शेख, आजाद शेख, हारून शेख, निसार शेख, सराफ्त शेख, मिस्टर अंसारी, सगीर अंसारी समेत कई लोग शामिल थे।

## बाबा श्याम का भव्य सकीर्तन आज

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आगामी 3 जुलाई दिन गुरुवार को रात्रि 7 बजे से झुमरीतिलैया में बाबा श्याम का भव्य सकीर्तन ज्योत के साथ भवानी ट्रेडर्स, इंद्रकांता एनक्लेव, अड्डी बंगला रोड, कबाडी होटल के बगल में बड़े धूमधाम से होगा। इसमें बाबा का भव्य दरबार सजेगा, मनोरम श्रृंगार, इत्र वर्षा, 56 भोग, संगीतमय संकीर्तन होगा। कार्यक्रम में पटना से मेहमान गायिका कलाकार राधिका सांडील्या और झुमरीतिलैया के गायक कलाकार अपनी हाजरी लगायेंगे बाबा को अपने भजनो से रिझायेंगे। इसके आयोजक श्री श्याम मित्र मंडल, झुमरीतिलैया हैं।

## मुखिया की पहल से गांव में लगा ट्रांसफार्मर



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत बभनी गांव के बांका टोला में पिछले एक महीने से बिजली की समस्या बनी हुई थी। ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण इस आदिवासी बहुल क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बच्चों की पढ़ाई से लेकर घरेलू कार्य तक सब कुछ प्रभावित हो रहा था। स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत पर डाढ़ा पंचायत की मुखिया सुनीता देवी ने तत्परता दिखाते हुए बिजली विभाग से समन्वय बनाकर नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करवाई। बुधवार को उन्होंने विधिवत रूप से ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि दयानंद प्रसाद मेहता, समाजसेवी गानो प्रसाद मेहता समेत कई उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण और प्रत्यक्षण कार्यक्रम संपन्न



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** नीड फाउंडेशन ने 02 जुलाई को नापोखुर्द पंचायत के इंदिरा मोड़ के पास अनुसूचित जनजाति उपयोजन के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण और प्रत्यक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम केंद्रीय वर्षा आधारित उपजाऊ भूमि चावल अनुसंधान केंद्र (कराररस) (भा.कृ.अनु.प. केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक, उड़ीसा) के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वैज्ञानिकों की विशेष उपस्थिति रही, जिनमें डॉ. एस एम प्रसाद एग्रोनोमी, डॉ. एसभगत प्लांट पैथोलॉजी, डॉ.बीसी वर्मा सॉइल साइंस, डॉ.प्रियमेधा प्लांट ब्रीडिंग डॉक्टर के द्वारा किसानों को धान की उन्नत किस्म सीआर 807 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। यह किस्म खर-पतवार और वर्षा आधारित खेतों के लिए अत्यंत उपयुक्त मानी जाती है। कार्यक्रम में बड़कागांव पूर्वी जिप सदस्य गीता देवी, जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली ने भी शिरकत की और किसानों को वैज्ञानिक कि खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में नीड फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवशंकर दयाल और सदस्य सिद्धार्थ कुमार की विशेष भूमिका रही। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, महिलाओं और युवाओं की भागीदारी रही।

## हाथियों के झुंड ने बड़कागांव के हरली और गंगादोहर में फसलों को किया नष्ट

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के हरली, नापो खुर्द, गंगा दोहर में दर्जनों एकड़ में लगे गन्ना, मकई, धान का बिचड़ा, बोदी, टमाटर, भिंडी आदि फसलों को रौंद कर नष्ट कर दिया। जिससे लाखों रुपये की छाती हुई है। हरली निवासी खिरोधर महतो के ओभर ब्रिज (छठ घाट) के पास दो एकड़ खेत में लगे गन्ने की फसल को रौंद दिया। बालमुकुंद महतो के तीन कट्ठा जमीन में मकई, सेवक महतो के खेत में मकई, सोहनलाल मेहता के खेत में मकई, संजय महतो के खेत में कच्चू कांदा, महेश महतो के कांदा, रवि महतो के खेत में मकई, रामप्रसाद महतो के खेत में ओल और कांदा, आनंद महतो, गोपाल महतो, और उप मुखिया राजू महतो के बागान में लगाये गये सागवान के पेड़ को उखाड़ कर फेंक दिया। त्रिवेणी महतो के खेत में मकई, इंद्रदीप महतो के खेत में मकई, रंजीत कुमार और भादो महतो के 10 कट्ठा जमीन में मकई और धान का बिचड़ा व कांदा के फल को नष्ट कर दिया।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**बरकाकाना (आजाद सिपही)।** मुहर्रम त्योहार के मद्देनजर बरकाकाना ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ पतरातू गौरव गोस्वामी और संचालन बरकाकाना ओपी प्रभारी उमा शंकर वर्मा ने किया। बैठक के दौरान मुहर्रम त्योहार के सफल आयोजन के लिए विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपने व्यक्तव्य को रखा। मौके पर उपस्थित एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने कहा कि आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ अपने त्योहार को बेहतर ढंग से मनाए। लेकिन कोई भी असामाजिक तत्व त्योहार में विघ्न न डाले इसलिए हमें सतर्क भी रहना है। श्री गोस्वामी ने कहा कि किसी प्रकार की अपवाह की सूचना मिलने पर जल्द से जल्द बरकाकाना ओपी को सूचित करें, असमाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर। बैठक के दौरान एसडीपीओ ने बरकाकाना ओपी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर वार्ड पार्षद प्रदीप शर्मा, गीता देवी, फातिमा खातून, बिनोद कुमार तिवारी, दुर्गी मुखिया मोकिम आलम, डॉ शहनवाज खान, कयामुद्दीन अंसारी, अब्बू हसन, बिनोद महतो, संजय लाला, रंजीत राम, पंचदेव करमाली, देवकी नंदन बेदिया, हफिजूल रहमान, बिल्लू खान, पवन गोप, तैयब अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रोटरी रामगढ़ सेंट्रल ने रोटरी सेंट्रल प्राइम ब्लड सेंटर और पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ के साथ मिलकर माता वैष्णो देवी मंदिर के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 22 यूनिट ब्लड प्राप्त हुए। साथ ही डॉक्टर्स डे और सीए डे के अवसर पर रामगढ़ नगर के प्रसिद्ध चिकित्सकों और चार्टर्ड अकाउंटेंट को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन क्लब के सर्विस प्रोजेक्ट के निदेशक अरविंद गोयल ने किया। सर्वप्रथम शिविर का विधिवत उद्घाटन रोटरी सेंट्रल के पदाधिकारियों और पंजाबी हिन्दू बिरादरी के पदाधिकारियों ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्वललित्त कर किया। रोटरी सेंट्रल के अध्यक्ष विशाल वासुदेव ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए शिविर में आने और रक्तदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष विशाल ने रक्तदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि इससे कई लोगों की जिंदगी बचती है और बताया कि रक्त को पाने का एक मात्र माध्यम मानव शरीर है, और रक्तदाता को भी अनेक फायदा होता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष विशाल ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर नगर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक डॉ शरद जैन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अनूप सिन्हा, डॉ एनडी सहाय, डॉ इंदिरा प्रसाद, डॉ सौम्या जैन को शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिह्न दे कर सम्मानित करते हुए समाज में इनके द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों और अभूतपुर्व योगदान की प्रशंसा की। इसके बाद विशाल ने सीए महक सोंधी और सीए विकास बंसल को सीए डे के उपलक्ष्य में प्रतीक चिह्न दे कर सम्मानित किया। मौके पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी के अध्यक्ष सूरत चंद्र बासुदेव और महासचिव महेश मारवाह ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब सचिव प्रेम नाथ तिवारी, गौतम जालान, पंकज बगड़िया, मुकेश अग्रवाल, मिल्ली अग्रवाल मोनिका बासुदेव, सरिता जैन, बबीता अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, पवन गोयल, मनीषा गोयल, सुबोध पांडे, अजय जैन, दीपक मेवाड़, नितिन कपूर, पंजाबी हिन्दू बिरादरी के कई सदस्यगण और ब्लड सेंटर से आए प्रतिनिधियों सहित कई अन्य लोगों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

## बीआरएल दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्सव पर निकलेगी कलशयात्रा आज



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बीआरएल डैम साइड कॉलोनी, रांचीरोड स्थित नागेश्वरी मां भवानी दुर्गा मंदिर का पहली वार्षिकोत्सव पर गुरुवार को भव्य कलशयात्रा निकाली जायेगी। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी। साथ ही, मंदिर को फूलों से सजाया गया है। वहीं, जगह जगह तोरणद्वार बनाये गये है। पूजा समिति सदस्य नरेश प्रसाद साहू और उपेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर का पहली वार्षिकोत्सव पर टूटी झरना मंदिर से मंदिर प्रांगण, रांचीरोड़ तक भव्य कलशयात्रा निकाली जायेगी। कलशयात्रा में मुख्य रूप से मांडू विधायक निर्मल महतो और युवा नेता पियूष चौधरी शामिल रहेंगे। वहीं, कलश यात्रा बाद आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा कराया जायेगा। साथ ही, आगामी चार जुलाई को हवन अनुष्ठान और भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश प्रसाद साहू, उपेंद्र सिंह, कृष्णा सिंह, दिलीप सिंह, अरुण दुबे, शुभम कुमार साहू, प्रदीप ठाकुर, मोहर सिंह, राधा वल्लभ प्रजापति, मृणाल राठौर, विनोद कुमार सिंह, कौशल किशोर, राहुल विश्वकर्मा, अभिमन्यु कुमार समेत समिति के लोग जुटे हैं।

## सड़क दुर्घटना में ड्राइवर की मौत



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** औद्योगिक नगर टंडवा ने क्षेत्र में इन दिनों वाहनों का तांडव रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार रात्रि टंडवा सिमरिया मुख्य पथ पर स्थित रहमतनगर के समीप एक हाइवा ने ट्रक चालक को अपने चपेट में ले लिया। जिसमे ट्रक चालक की इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार केरेडारी सलगा कुठान निवासी आशीष रजक 32 वर्ष अपने ट्रक से कोयला लेकर बनारस जा रहा था। इसी दौरान रहमतनगर के पास उसका ट्रक जेएच 02 एवाई 2229 खराब हो गया। खराब ट्रक को दुर्घटना से बचाने के लिए वह वाहन के पिछले हिस्से झाड़ी लगा रहा था। इसी बीच पीछे से आ रही एक अनियंत्रित हाइवा जेएच 02 बीएस 5850 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना में चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल स्थिति में ही उसने अपने परिजनों को दूरभाष पर घटना की सूचना दी। जिसके पिछे से आ रही कोल वाहन चालक उसे हाइवा से लेकर सिमरिया अस्पताल लेकर गये। जहां रास्ते मे ही उसकी मौत हो गयी। इधर घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने टंडवा सिमरिया मुख्य पथ से कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप करा दिया। जहां स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना थाना प्रभारी उमेश राम दी। जहां थाना प्रभारी उमेश राम व बीड़ीओ देवलाल उरांव दव बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन 25 लाख और नौकरी की मांग पर अड़े थे। जिसके बाद में जेएमएम जिलाध्यक्ष सह कबरा मुखिया नीलेश ग्यासेंन, मुखिया महावीर साव, प्रकाश यादव, चंद्रदेव साव, नितेश राणा, बालेश्वर महतो के पहल पर वार्ता की गयी। वार्ता में परिजनों को 6 लाख नगद और एक लाख आपदा प्रबंधन से दिये जाने का आश्वासन के बाद लोगों ने जाम हटाया। वहीं जिलाध्यक्ष नीलेश ग्यासेन ने कहा कि बहुत जल्द चतरा उपायुक्त से मिलकर मुआवजा नीति व अलग ट्रांसपोर्टिंग सड़क की मांग की जायेगी।

### सीसीएल के पांच प्रक्षेत्रों के जीएम और टाटा स्टील को डीसी ने लगायी फटकार

# कोयला के अवैध खनन का मुख्य अड्डा है सीसीएल और टाटा कंपनी की माइंस : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** कोयला तस्करी के मामले में रामगढ़ जिले का नाम काफी बदनाम हो चुका है। लेकिन तस्करों से ज्यादा सीसीएल के जीएम और टाटा कंपनी के द्वारा अपनायी गयी लापरवाही इसकी मुख्य वजह बन गयी है। डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने रामगढ़ जिले में पड़ने वाले सीसीएल के पांच प्रक्षेत्रों के जीएम और टाटा स्टील के पदाधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी है। उन्होंने कहा है कि कोयला तस्करों का मुख्य अड्डा सीसीएल और डाटा कंपनी का माइंस बन चुका है। डीसी ने कहा है कि वे लोग बैठक में ना तो संतोषप्रद जवाब देते हैं और ना ही खनन टास्क फोर्स की बैठक में सही रिपोर्ट भेजते हैं। डीसी ने सीसीएल के रजरप्पा, कुजू, चरही, बरकासयाल, अरगड्डा और टाटा स्टील लिमिटेड वेस्ट बोकारो डिवीजन के जीएम को कड़ी फटकार लगायी है। डीसी ने कहा है कि हर पदाधिकारी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन जरूर करना होगा। किसी दूसरे विभाग पर कार्रवाई करने का बोझ डालना अपनी कमियों को छुपाने के जैसा है।

**अगली बैठक में उपस्थित हो सीसीएल और टाटा कंपनी के जीमः** डीसी ने सीसीएल के पांच प्रक्षेत्रों के जीएम और टाटा कंपनी के जीएम को कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने कहा है कि जिला स्तरीय खनन ट्रांसपोर्ट की अगली बैठक में वे सभी स्वयं उपस्थित हो और निर्देशों का अनुपालन करें। डीसी ने अवैध मुहानों को स्थाई रूप से बंद करने, माइंस एरिया और सड़कों के प्रवेश और निकास पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, चेकनाका स्थापित करने, अवैध कोयले के खनन और ट्रांसपोर्टेशन पर रोक लगाने, कोयला स्टॉक यार्ड, रेलवे साइडिंग, बंद हो चुके क्षेत्र की विशेष निगरानी करने, कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे वाहनों में वीटीडी डिवाइस इंस्टॉल करवाने, उन गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन वीटीएस पोर्टल पर करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्ही गाड़ियों को माइनिंग चालान देने को कहा जो वीटीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड हैं।

### खनन ट्रांसपोर्ट की बैठक में उजागर हुई अधिकारियों की लापरवाही

डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने कहा कि 19 जून को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई थी। इस दौरान कोयला खनिज के अवैध परिवहन, भंडारण, खनन के विरूद्ध की गयी कार्रवाई की समीक्षा की गयी। सीसीएल और टाटा स्टील कंपनी द्वारा की गयी कार्रवाई को ना तो संतोषप्रद नहीं पाया गया ना ही प्रतिनिधियों द्वारा संतोषप्रद जवाब दिया गया। डीसी ने कहा कि सीसीएल और टाटा स्टील कंपनी द्वारा अधिगृहित क्षेत्र से कोयला का खनन कार्य हो रहा है। एजेंसियों की लापरवाही की वजह से यह स्पष्ट है कि पूरा इलाका कोयले के अवैध खनन का प्रमुख स्त्रोत बन गया है।

### आजसू युवा नेता पियूष चौधरी ने किया प्रेस कांफ्रेंस, कहा

# सीएचसी चिकित्सक डॉ अपराजिता दर्ज मामले को वापस ले, नहीं तो होगा आंदोलन

**सांसद सीपी चौधरी के पुत्र पियूष चौधरी बनाम डॉ अपराजिता का मामला तूल पकड़ा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के पुत्र पियूष चौधरी के खिलाफ सीएचसी गोला के चिकित्सक डॉक्टर अपराजिता कुमारी के दवारा गोला थाना में दर्ज कराये गये मामले पर तूल पकड़ लिया है। बुधवार को पियूष चौधरी ने अपने समर्थकों के साथ द्वारिका प्लेस में प्रेस कांफ्रेंस किया। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे खिलाफ सीएचसी के महिला चिकित्सक डॉक्टर अपराजिता ने गोला थाना में आवेदन देकर राजनीतिक सड़यंत्र के तहत बदनाम करने, सोशल मीडिया में गलत तरीके से वीडियो वायरल करने पर मानहानि का आवेदन दिया है। डॉक्टर अपराजिता मामले को दूसरे तरफ ले जाना चाहती है। लिपया गांव निवासी प्रशव के लिए आई मोनिका कुमारी को उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र से रेफर किया। रेफर के बाद उन्होंने मौखिक रूप से उसे गोला नर्सिंग होम ले जीने का सुझाव भी दिया। मजे की बात यह है कि ऑन ड्यूटी डॉक्टर अपराजिता गोला नर्सिंग होम में जाकर मोनिका का प्रशव कराया। डॉक्टर को परिजनों ने पहचान लिया। इसका परिजनों ने विरोध किया। मामले पर उपायुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गयी। मेरे दवारा गोला नर्सिंग होम में परिजनों से पूछताछ में यह सब बातें सामने आई। उन्होंने बताया कि गोला नर्सिंग होम एक पार्टी का कार्यकर्ता चला रहा है। महिला के प्रशव के दिन रात में पार्टी कार्यकर्ता कमलेश महतो विधायक ममता देवी का एम्बुलेंस लेकर मरीज को लाने सीएचसी गोला गया था। आगे बताया कि इससे पहले भी यहां के चिकित्सक बगल में स्थित वर्द्धमान अस्पताल में मरीज भेजते थे। इस अस्पताल को सील करने के बाद गोला नर्सिंग होम में भेजा जाता है। गोला नर्सिंग होम में महिला का सामान्य प्रसव के बाद लंबा बिल थमा दिया गया। जन सरकार की बात उठाने पर मामला दर्ज करने का आवेदन दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर जन मुद्दों पर आवाज उठाने पर मामला दर्ज किया जाता है तो मैं ऐसा और करना चाहूंगा। इधर आजसू के युवा नेता बिसू रजवार ने गोला थाना में आवेदन देकर डॉक्टर अपराजिता पर कार्रवाई की मांग की है। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि रणधीर बसरिया, जिला सह संयोजक रोहित सोनी, राहुल कुशवाहा, शिवम पिल्लई, अरुण दांगी, रुपेश महतो आदि मौजूद थे।

## झारखंड के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद के छोटे भाई भरत कपूर का निधन



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिला के चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बोरोबिंग पंचायत के मुरुबंदा गांव निवासी झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता और मध्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो के छोटे भाई भरत कपूर 46 वर्ष का हैदराबाद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया बताया गया कि पिछले कई महीनो से किडनी बीमारी से ग्रसित हुए थे पिछले 6 महीने पूर्व इलाज के दौरान तबीयत में कुछ सुधार आई थी ठीक भी हो गया था। परंतु कुछ दिन पूर्व उनकी अचानक तबियत बिगड़ जाने के कारण बेहतर इलाज हेतु हैदराबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, और इलाज के दौरान उसकी अस्पताल में मृत्यु हो गयी। वे अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र व पुत्री को छोड़ गये, भरत कपूर का बहुत ही कम उम्र में निधन होने से पूरा रामगढ़ क्षेत्र और चितरपुर क्षेत्र में गम का माहौल है पैतृक गांव मुरुबंदा में शोक का माहौल पसरा शोक में डूबे ग्रामीण। समाचार लिखने तक पार्थिव शरीर को पैतृक गांव नहीं पहुंचा था, उनका अंतिम दाह- संस्कार दामोदर नदी समशान घाट में बृहस्पतिवार सुबह 9 बजे किया जायेगा।

## मुहर्रम को लेकर बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** मुस्लिम धमार्लंबियों का पर्व मुहर्रम मनाये जाने को लेकर बुधवार को पतरातू थाना में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने की। बैठक में मुस्लिम धर्मावलंबियों का शहीदी पर्व मुहर्रम को अमन शांति पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, सीओ मनोज कुमार चौरसिया, थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, एसआई अजीत कुमार किशोर महतो, बंधन गंझू, पंचम मुंडा, वारिस खान, वाहिद अंसारी, निर्मल जैन, हमीद हुसैन, कयूम अंसारी, राजीव मंजूर, हुसैन इसरार खान, सलीम अंसारी, मुश्ताक अंसारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## योगेंद्र साव ने शिबू सोरेन का कुशलक्षेम जाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में इलाजरत देशोम गुरु शिबू सोरेन से पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने मुलाकात किया और उनके कुशलक्षेम जाना। पूर्व मंत्री ने झारखंड आंदोलन के पुरोधा शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। पूर्व मंत्री ने नई दिल्ली न्यू झारखंड भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की और गुरु जी के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली।

पूर्व मंत्री ने मां अष्टभुजी से प्रार्थना करते हुए गुरु जी के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने व उन्हें दीर्घायु बनाने की कामना की है ताकि वे सदैव हम सबका मार्गदर्शन करते रहें और जल्द ही हम लोग के बीच आयें। योगेंद्र साव ने कहा कि गुरु जी के उत्तम स्वास्थ्य के लिए वे खुद विशेष पूजा अर्चना भी कर रहे हैं।

# सरिया लदा ट्रेलर चुटूपालू घाटी में दुर्घटनाग्रस्त, घंटों जाम रही सड़क

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में बुधवार की दोपहर को तेज रफ़्तार से आ रहे एक सरिया लदा ट्रेलर संख्या एनएल 01एएफ 4593 का अचानक ब्रेकफेल हो गया। इससे ट्रेलर पूरी तरह से अनियंत्रित हो गया। हालांकि चालक की सूझबूझ का परिचय देते हुए घाटी में आगे-पीछे चलन रहे दर्जनों वाहनों को अपनी चपेट में लेने से बचा लिया। इससे घाटी में आज एक बड़ा हादसा होने से टल गया। कई राहगिरों की जान बच गयी। लगभग दो किमी तक ब्रेकफेल ट्रेलर को नियंत्रित करने के बाद गंडके मोड़ के पास ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे ट्रेलर का चालक व खलासी बाल-बाल बच गये। दुर्घटना में ट्रेलर का केबिन व पिछला हिस्सा अलग हो गया। वहीं ट्रेलर में लदा सरिया सड़क पर बिखर गया। इससे करीब 2 घंटे तक चुटूपालू घाटी में जाम की स्थिति कायम हो गयी। सड़क के एक छोर पर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। हालांकि सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस घाटी पहुंची। इसके बाद थाना के एसआइ अरविंद कुमार सिंह ने सदलबल दो क्रेन मंगवाकर घंटों के मशक्कत के बार सड़क में बिखरे सरिया व दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को किनारे करवाकर आवागमन कराया चालू कराया। दुर्घटना में बाल-बाल बचे चालक इटावा(यूपी) निवासी चालक रिंकु कुमार ने बताया कि ट्रेलर में कोलकाता इलाके के एक फैक्ट्री से सरिया लोड कर दिल्ली जा रहा था। जमशेदपुर, रांची होते हुए जैसे ही ट्रेलर चुटूपालू घाटी पहुंचा कि कुछ देर के बाद गाड़ी में ब्रेक रोल कर गया। इसके बाद ढलान के कारण गाड़ी तेज रफ़्तार में आ गया। ब्रेक लग ही नहीं रहा था। इस दौरान उन्होंने गाड़ी को किसी तरह से नियंत्रित करते हुए करीब दो किमी तक आगे-पीछे चल रहे कई वाहनों को चपेट में लेने से बचाया। इसके बाद स्पीड ब्रेकर के बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गया।

## सीटू की हुई बैठक, लिये गये कई निर्णय



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** क्षेत्रीय कार्यालय सेंट्रल सौंदा में बुधवार को राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन (सीटू) की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कॉमरेड जगरनाथ पासवान और संचालन क्षेत्रीय सचिव कॉमरेड सुरेश प्रसाद सिन्हा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह चंदेल और केंद्रीय सचिव कॉमरेड मनोज कुमार गुप्ता शामिल हुए। बैठक की शुरूआत में सर्वप्रथम शोक प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें पहलगांव आतंकी हमले में मारे गये टूरिस्टो और केंदला कोलियरी में बिजली लाइन के कार्य के दौरान दिवंगत श्रमिक तिलक रविदास को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में आगामी 9 जुलाई को देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कहा गया कि इस हड़ताल का आह्वान देश के प्रमुख श्रमिक संगठनों और फेडरेशन द्वारा किया गया है। सभी आगामी मीटिंगों में संयुक्त मोर्चा के साथ एकजुटता में भाग लेने का भी निर्णय लिया गया। देशव्यापी हड़ताल की मुख्य मांगें चारों श्रम संहिताओं को रद्द किया जाये, कोयला खदानों के निजीकरण और ठेकाकरण पर रोक लगे, कोयला उद्योग का व्यावसायीकरण रोका जाये, सीएमपीडीआइ को कोल इंडिया से अलग करने की किसी योजना को रोका जाये, ठेका मजदूरों को उचित वेतन दिया जाये, सीआईएल सर्कुलर के अनुसार कोल वेज एग्रीमेंट की धाराओं (9.3.0, 9.4.0, 9.5.0) को लागू किया जाये, सभी गैर-कार्यकारी सेवानिवृत्त कर्मियों को 20 लाख रूपया ग्रेच्युटी दी जाये, 26 हजार न्यूनतम वेतन सभी असंगठित श्रमिकों को दिया जाये, आउटसोर्सिंग और अस्थायी रोजगार बंद कर समान वेतन लागू किया जाये, 9 हजार न्यूनतम पेंशन और सभी असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा दी जाये, पुरानी पेंशन योजना बहाल हो, एनपीएस और यूपीएस को समाप्त किया जाए, बोनस, पीएफ आदि पर लगे सभी प्रतिबंध हटाए जायें, 45 दिनों में ट्रेड यूनियन पंजीकरण अनिवार्य हो, पीएसयू के निजीकरण पर रोक और नई राष्ट्रीय खनिज नीति वापस ली जाये। आगामी 9 जुलाई 2025 को आयोजित देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने हेतु सभी श्रमिकों से एकजुट होने की अपील की गयी है। मौके पर आजाद भुइयां, प्रदीप रजक, विवेक टुडू, रामेश्वर उरांव, राजेन्द्र यादव, त्रिभुवन साव, विजय शंकर राय, मनोज, गोविंद करमाली, सुरेश महतो आदि मौजूद थें।

## अमित साहू ने 18वीं बार रक्तदान कर मनाया जन्मदिवस



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने अपने जन्मदिवस के पावन अवसर पर रोटरी सेंट्रल के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 18वीं बार रक्तदान कर अपने जन्मदिवस को यादगार बनाया। अमित साहू ने बताया कि आज के दौर में भी रक्तदान करने को लेकर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। रक्तदान के प्रति सकारात्मक सोच लाने के लिए आज हम अपने जन्मदिवस पर रक्तदान कर रहे हैं।

## रामगढ़ में मारवाड़ी महिला समिति ने किया डॉक्टरों और सीए को सम्मानित




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी महिला समिति ने डॉ और सीए दिवस पर डॉक्टरों और सीए को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत समिति द्वारा शहर के चिकित्सक डॉ शरद जैन और महिला चिकित्सक डॉ सोम्या जैन के क्लीनिक और सीए उषा खंडेलवाल को उनके आवास पर जाकर उनको सम्मानित करते हुए उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि चिकित्सक और सीए हमारे समाज की रीढ़ होते हैं। चिकित्सक अपने पेशे और अनुभव से हमारे शरीर के कुशल संचालन के विषय में उचित परामर्श देकर हमारी शारीरिक पीड़ा का हरण करते हैं और सीए हमें सरकारी कर नीति और मौद्रिक नीति की उचित समीक्षा करते हुए हमारे आय व्यय के ब्योरा को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने में हमें उचित मार्गदर्शन करते हैं। इस कारण आज उनसे संबंधित दिवस पर उनका सम्मान करना हमारा सामाजिक दायित्व है। कहा कि समिति समाज के हर तबके को उचित मान सम्मान मिले उसके लिए सदैव प्रयत्नशील रहती है। यह सम्मान कार्यक्रम उसी एक श्रृंखला की कड़ी है। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्षा के अलावा अरुणा जैन, पुष्पा अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल ने विशेष योगदान दिया। सम्मान कार्यक्रम में अनेक डॉक्टर ओर सीए समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. एसटी-सीओएन-डीआरजी-2-जीआरसी, दिनांक 02.07.2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), राँची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम :** दक्षिण पूर्व रेलवे के क्षेत्रीय अभ्यास के अनुसार सिग्नल इंटरलॉकिंग प्लान की डिजाइन और प्रस्तुति, स्वदेशी सॉफ्टवेयर के साथ किसी भी ओईएम के ईआई के लिए ऑटोमेटिक एफएटी परीक्षण, स्टेशनों के लिए आईआरएसई/आईआरएसटीईएलओ लाइसेंस धारक द्वारा 02 स्तर पर इंटरफेस सर्किट, एप्लिकेशन लॉजिक और टीओसी/आरसीसी की जांच और सत्यापन। **विज्ञापित निविदा लागतः** रु. 3,83,53,838.60, **बयाना राशिः** रु.3,41,800/- **निविदा कागजात की लागत :**रु.0.00, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** 25.07.2025,15.00 बजे। **निविदा का प्रकारः** खुली। उक्त निविदा सूचना का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **(PR-346)**



**AFFIDAVIT**



As per Affidavit Sl.No. 07219 date 01.07.2025. I Ritesh Kumar Singh S/o. Late Bimal Singh Resident of Sahdeo Niwash Bharti Colony, Doranda, P.S. Doranda, Dist. Ranchi, Jharkhand do Hereby solemnly affirm and declare as follows : 1. That I am an Indian citizen and living in above mentioned address.
2. That SHREE is my daughter.
3. That my above said daughter's name may be changed from SHREE to RAIKA SINGH.
4. That my daughter will know as RAIKA SINGH in future.
5. That my Daughter all work as name of daughter will RAIKA SINGH.
6. That this affidavit is sworn for the purpose of my daughter known as RIAKA SINGH
7. That my above statement are true & correct. Sworn & signed this affidavit on 01.07.2025 at Ranchi.

# डील पर न झुके भारत

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील अटकी हुई है। मसला फंसा है कृषि और डेयरी प्रॉडक्ट्स को लेकर, जिसमें अमेरिका खुली छूट चाहता है। यह डील भारत के लिए जरूरी है, क्योंकि इसके बिना उसे डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ का सामना करना पड़ेगा, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि अमेरिका की हर शर्त को मान लिया जाये। डील होनी चाहिए, पर ऐसी जिसमें भारत के हितों का भी ख्याल रखा गया हो। भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है और उन कुछ देशों में से एक है, जिसके साथ उसका ट्रेड सरप्लस है। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने अमेरिका से आयात की तुलना में 41 अरब डॉलर से ज्यादा का निर्यात किया था। ट्रंप प्रशासन की आंखों में यही चुभ रहा है और वह इस अंतर को कम करना चाहता है। ट्रंप ने फिलहाल 8 जुलाई तक Reciprocal tariff से छूट दी है और अगर इस तारीख तक डील न हुई, तो माना जा रहा है कि भारत को अभी के 10% के बजाय 26% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। कृषि को लेकर कोई भी डील आसान नहीं। देश की करीब 65 करोड़ आबादी कृषि पर निर्भर है और अमेरिका को इस सेक्टर में टैरिफ पर छूट देना, इनके हितों को खतरे में डालना है। भारत को लचीला रुख अपनाकर कृषि, डेयरी को भी अमेरिका के लिए खोलना चाहिए।

**आज भारत दुनिया के टॉप 10 कृषि उत्पाद निर्यातक देशों में से एक है, इसके बावजूद यहां खेती में अब भी उत्पादन पूरी क्षमता से नहीं हो रहा। करीब आधी आबादी के खेती करने के बाद भी जीडीपी में इस सेक्टर का योगदान केवल 18% है।**

लेकिन दोनों देशों के किसानों में जमीन-आसमान का अंतर है। आज भारत दुनिया के टॉप 10 कृषि उत्पाद निर्यातक देशों में से एक है, इसके बावजूद यहां खेती में अब भी उत्पादन पूरी क्षमता से नहीं हो रहा। करीब आधी आबादी के खेती करने के बाद भी जीडीपी में इस सेक्टर का योगदान केवल 18% है। कम जोत, मौसम पर निर्भरता, उचित मूल्य न मिलना जैसी समस्याएं हैं। अमेरिका की 2% से भी कम आबादी खेती से जुड़ी है और जीडीपी में योगदान 5.5%, जबकि रोजगार में 10.4% है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के मुताबिक, अमेरिका में औसत फार्म 466 एकड़ का होता है, जबकि भारत में एक किसान के पास औसतन महज पौन एकड़ जमीन है। अमेरिका में खेती बस खेतों तक सीमित नहीं, उससे जुड़े कई उद्योग हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ डील में भी एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर को पूरी तरह मुक्त रखने पर हामी नहीं भरी। व्यापार में यही समानता अमेरिका के साथ भी होना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**सहजानंद ने परिस्थितिजन्य संवेदनहीनता और संवादहीनता की यथास्थिति को तोड़ा। जमींदार और अंग्रेज दोनों संवेदनहीन थे। वे शोषक थे। दूसरी तरफ कांग्रेस थी, जो किसानों से संवाद नहीं करना चाहती थी। वह किसानों के मसले को लेकर आगे नहीं आना चाहती थी। ऐसी ही परिस्थिति में स्वामी सहजानंद आगे आये और किसानों को किसान आंदोलन के साथ-साथ राष्ट्रीय आंदोलन में भी सक्रिय किये।**

# स्वामी सहजानंद सरस्वती: किसान क्रांति के मार्गदर्शक और सदी की अभिव्यक्ति

**डॉ अरुण कुमार राय**




हर सदी को अपने-अपने शब्द और अभिव्यक्ति खोजनी होती है। स्वामी सहजानंद सरस्वती 20वीं सदी की अभिव्यक्ति थे। उन्होंने वही कहा जो तत्कालीन परिस्थिति में अनिवार्य था। वे निष्क्रिय वेदांतवाद से सक्रिय वेदांतवाद की तरफ अग्रसर हुए और कर्मकांडवाद, गुरुडम तथा ब्राह्मणवाद की आलोचना की। सामाजिक सुधार आंदोलन में पुरोहिती एकाधिकारवाद तथा राष्ट्रीय आंदोलन में उन्होंने एक समय, गांधी एवं कांग्रेस की रणनीति के खिलाफ आवाज उठाई जो समय की मांग थी।

सहजानंद ने परिस्थितिजन्य संवेदनहीनता और संवादहीनता की यथास्थिति को तोड़ा। जमींदार और अंग्रेज दोनों संवेदनहीन थे। वे शोषक थे। दूसरी तरफ कांग्रेस थी, जो किसानों से संवाद नहीं करना चाहती थी। वह किसानों के मसले को लेकर आगे नहीं आना चाहती थी। ऐसी ही परिस्थिति में स्वामी सहजानंद आगे आये और किसानों को किसान आंदोलन के साथ-साथ राष्ट्रीय आंदोलन में भी सक्रिय किये।

**स्वामी सहजानंद ने 1929-50 के दौरान किसान आंदोलन का नेतृत्व स्पष्ट वैचारिकी, सुव्यवस्थित संगठन और जुझारू रणनीति के आधार पर किया।**

उन्होंने औपनिवेशिक राजसत्ता और पार्टी संरचना को काफी करीब से देखा। दोनों ही भारतीय किसान समुदाय के हितों के प्रतिकूल सिद्ध हुए। इसलिए सहजानंद ने किसान आंदोलन की स्वायत्तता और केंद्रीयता पर बल दिया। उनके द्वारा 1949 में प्रस्तुत संयुक्त किसान सभा का मांग पत्र स्वाधीनोत्तर किसान आंदोलन के मूल कार्यक्रम जैसा है। उन्होंने गीता हृदय के जरिए भारतीय किसानों के सम्मुख उत्पन्न वैचारिक एवम दार्शनिक संक्रमण का समाधान प्रस्तुत किया। वे क्रांतिकारी परंपरा की अंतिम कड़ी साबित हुए। राजनीतिक (तत्कालीन) वातावरण में उनसे ताकतवर कोई व्यक्ति नहीं था, जहां तक मार्क्सवाद को ग्रहण करने का सवाल है, तो उन्होंने अपने आंदोलन के अनुरूप ही इसे स्वीकार किया। उनके लिए आर्थिक क्रांति के बिना राजनीतिक आजादी अधूरी थी।

किसी नेतृत्व के साथ मुकम्मल न्याय के लिए शब्दों को पकड़ने की आवश्यकता होती है। कुछ समकालीन व्यक्तित्व व राजनीतिक दल उनके नए शब्दों और दृष्टि से परेशान थे, लेकिन जो समझ सकते थे, उन्होंने तत्क्षण पहचान लिया कि वे वही कह रहे थे। जो उनके लिए आवश्यक था और वही कह रहे थे जो सत्य व शाश्वत था- समय ने भी यह सिद्ध कर दिया। मैजिनी ने लिखा है कि किसी व्यक्ति अथवा राष्ट्र के क्रिया कलापों का मूल्यांकन उसके चरित्र अथवा उद्देश्य के आधार पर किया जाना चाहिए।

इतिहास के साथ चलते हुए परिस्थितियों की चुनौती को जो स्वीकार करता है वही जीवित रहता है। इसीलिए सहजानंद आज भी जीवित हैं। उन्हें समझने के लिए उनके प्रयत्न को समझना होगा। वे मात्र संन्यासी और जाति के नेता नहीं थे, बल्कि रूढ़ियों एवं पाखंडों के खिलाफ खड़े होकर नये समाज की रचना करने वाले थे। वे जातीय आंदोलन से राष्ट्रीय आंदोलन की तरफ तथा पुरोहितवादी एकाधिकार विरोधी आंदोलन से जमींदार विरोधी आंदोलन कि तरफ अग्रसर हुए।

सहजानंद के द्वारा चलाये गये किसान आंदोलन ने स्वातंत्र्योत्तर भारत में क्रमशः हिन्द किसान पंचायत, सोशलिस्ट पार्टी तथा कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा चलाये गये आंदोलनों की पृष्ठभूमि तैयार की। फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना और अखिल भारतीय समझौता विरोधी सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी के कारण सुभाष चंद्र बोस द्वारा उन्हें महत्वपूर्ण व्यक्ति रेखांकित किया गया। 21 फरवरी, 1950 को वे संयुक्त समाजवादी दल के अध्यक्ष चुने गये और वाम पक्ष की एकता के लिए मृत्युपर्यंत प्रयासरत रहे।

सहजानंद चरैवेती चरैवेती का भाव लेकर निरंतर अग्रसर रहे। कभी रुके नहीं। इस यात्रा मे वे लोगों से, दलों से टकराते रहे और उनसे किनारे होके अपना मार्ग प्रशस्त करते रहे। उन्होंने वक्त की मांग को समझा और वक्त की मांग थी- क्रांति। क्रांति के लिए आवश्यक था जनता के, किसानों के मनोविज्ञान को समझना। इस प्रक्रिया मे उन्होंने धर्म की शाश्वत व्याख्या की और किसानों को खाने पीने का महत्व बतलाया. सहजानंद ने आदर्शवाद की सीमा को लांघ कर भौतिकवाद का पक्षपोषण किया। इस रूप में उन्होंने भगवान के ऊपर रोटी को प्राथमिकता दी और संभवामि युगे युगे की घोषणा कर दी।

जन असंतोष को दिशा देने के लिए एक विचार चाहिए जिससे एकजुटता बढ़े। क्रांति जैसी कोई घटना बौद्धिक शून्य में नहीं होती। फ्रांसीसी क्रांति के लिए वाल्टेयर, रूसो व मॉन्टेस्क्यू आदि ने एक बौद्धिक वातावरण तैयार किया। दूसरी ओर 1857 का विद्रोह था, जिसमें वैचारिकी, रणनीति व संगठन के साथ-साथ जन जुड़ाव का भी अभाव था। इसलिए अपनी तमाम शहादत के बावजूद यह विद्रोह असफल रहा और राष्ट्रीय मुक्ति संग्राम नहीं बन सका, लेकिन स्वामी सहजानंद ने किसान आंदोलन को वैचारिक जामा पहनाया। बदलती परिस्थिति के अनुसार वे अपनी वैचारिकी निरंतर परिवर्तित करते रहे और इस क्रम में वे किसान से खेत मजदूर और सर्वहारा तक गये।

सर्वहारा की आयातित परिभाषा की जगह नयी परिभाषा गढ़ दी। अंततः उनके नेतृत्व में भारतीय किसान आंदोलन ने महारुद्र का महातांडव द्वारा उस किसान की परिवर्तनकारी भूमिका को स्थापित किया जिसे मार्क्स प्रतिगामी मानते थे।

स्वामी सहजानंद ने 1929-50 के दौरान किसान आंदोलन का नेतृत्व स्पष्ट वैचारिकी, सुव्यवस्थित संगठन और जुझारू रणनीति के आधार पर किया। वे औपनिवेशिक भारत ही नहीं अपितु समस्त एशिया में संगठित किसान आंदोलन के प्रथन जनक थे। उनके पूर्व के किसान आंदोलन स्थानीय परिप्रेक्ष्य में विद्रोहों की घटना मात्र, अस्पष्ट वैचारिकी से ग्रस्त, असंघटित, अराजनैतिक और अल्पजीवी थे।

उन्होंने किसान और किसान हित को परिभाषित किया, किसानों का संगठन खड़ा किया तथा साम्राज्यवादी और समांतवादी शोषण के खिलाफ किसानों को वर्गीय चेतना से लैस किया. ग्रामीण सर्वहारा को क्रांति की मुख्य शक्ति और गांव को क्रांति का केंद्र घोषित किया। सहजानंद ने स्वाधीन भारत में किसान मजदूर राज की परिकल्पना की. इसीलिए उन्हें स्वाधीनोत्तर भारत के किसान आंदोलन का महामंत्रदाता भी कहा जाता है।

भागवत में राजा रंतिदेव ने अपनी भावना कुछ इस रूप में व्यक्त की-
न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं न पुनः भवं.
कामये दुखतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनं..

कुछ इसी तरह की भावना स्वामी सहजानंद की भी थी जो उनके विचारों व कार्यों से स्पष्ट होता है। शोषितों, पीड़ितों व मजलूमों की मुकम्मल आजादी तथा अंतिम आदमी के चेहरे पर मुस्कान देखने की ललक जो बीज रूप में उनमें निहित थी, उसे उनकी जीवन यात्रा के अंतिम दौर तक वट वृक्ष बनते देखा जा सकता है। उनकी यात्रा केवल शून्य से शिखर तक न होकर प्रश्न से उत्तर तक की थी। उनके विचारों और संघर्षों से प्रेरणा लेते हुए हम सभी को अपने जीवन और समाज को बेहतर बनाने का संकल्प लेना चाहिए.

**(लेखक : बीएसआर पीजी कॉलेज, रामगढ़, आजमगढ़ के पूर्व प्राचार्य है।)**

## कोल्हान की खबरें

### राजनगर हाइवे पर बस और हाइवा में टक्कर, 20 यात्री घायल



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। बुधवार को हाइवे पर एक यात्री बस और हाइवा ट्रक में अचानक आमने-सामने भीषण टक्कर हो गयी। सड़क दुर्घटना में करीब 15 से 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से राजनगर के सदर अस्पताल भेजा गया। सूत्रों के अनुसार कई यात्रियों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात बहाल कराया। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### सिंहभूम चैंबर ने जीएसटी के सहायक आयुक्त से की मुलाकात



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जमशेदपुर के नये जीएसटी सहायक आयुक्त दिलीप मंडल से मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं। मौके पर विभाग से जुड़े लंबित कार्यों के त्वरित निष्पादन का आग्रह किया। चैंबर ने खास तौर पर जीएसटी रिफंड और तकनीकी समस्याओं के समाधान की मांग रखी, जिस पर सहायक आयुक्त ने सकारात्मक आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मानव केडिया, राजीव अग्रवाल और अंशुल रिंगसिया शामिल रहे।

### जमशेदपुर पूर्वी में विधि-व्यवस्था को लेकर पूर्णिमा साहू ने एसएसपी को सौंपा मांगपत्र




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की विधि-व्यवस्था में सुधार लाने के लिए लेकर विधायक पूर्णिमा साहू ने एसएसपी पीयूष पांडेय से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। बुधवार को विधायक ने थानों में लैंडलाइन और मोबाइल की व्यवस्था सुधारने, टाइगर मोबाइल गश्ती बढ़ाने, ट्रैफिक जाम और अवैध पार्किंग पर कार्रवाई, बाजार क्षेत्रों और स्कूल-कॉलेजों के पास असामाजिक गतिविधियों पर रोक और नशा कारोबार पर सख्त अभियान चलाने की मांग की। एसएसपी ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव मौजूद रहे।

### चाकुलिया में दिनदहाड़े लूट का खुलासा

# झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चाकुलिया/ जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया पुराना बाजार निवासी 70 वर्षीय अरुण कुमार नंदी के घर में हथियार और चाकू का भय दिखाकर करीब 1.5 किलो सोने के जेवरात और 1.55 लाख नगद लूट लिया था। एसएसपी और ग्रामीण एसपी के निर्देश पर पुलिस ने पीड़ित के बयान पर अज्ञात अपराधकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज की। पुलिस ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घाटशिला अजीत कुजूर के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई की। छापामारी के दौरान पुलिस ने झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा क्षेत्र में जामबनी पुलिस के सहयोग से दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। घटना की जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया ग्राम बाड़ा बनशौल, पोड़हाटी के पास चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही तीनों अपराधी भागने लगे। पुलिस ने सुजबुज से घेराबंदी कर बिहार के औरंगाबाद निवासी 48 वर्षीय मो. रफीक और जमशेदपुर के बागबेड़ा निवासी निरंजन गौड़ को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीसरा आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से कुल 1,340.720 ग्राम सोने के आभूषण, लूट में प्रयुक्त स्टील का चाकू,एक देसी पिस्तौल, एक जिंदा गोली, माइक,पैड मोबाइल और सुपर स्प्लेंडर बाइक बरामद कर लिया।वही मो. रफीक की निशानदेही पर देसी कट्टा और कारतूस भी बरामद किए गए।छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घाटशिला अजीत कुजूर, पुनि मधुसुदन डे थाना प्रभारी घाटशिला, पुअनि संतोष कुमार थाना प्रभारी चाकुलिया, पुअनि कबिन्द्र कुमार पौद्दार चाकुलिया थाना, सअनि पितांबर मंडल चाकुलिया थाना, आरक्षी सुधाकर प्रसाद सिंह, गोपाल बैठा और चिना कच्छप सहित अन्य पुलिस बल शामिल रहे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर फरार साथी की तलाश तेज कर दी। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में दहशत है। वहीं त्वरित कार्रवाई से पुलिस की सराहना भी हो रही है।

# सीएसआइआर-एनएमएल ने मनायी 5वीं प्लेटिनम जुबली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित सीएसआइआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल) अपना प्लेटिनम जुबली वर्ष मना रही है। इस प्रयोगशाला का औपचारिक उद्घाटन पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 26 नवंबर 1950 को किया था। इस अवसर पर सीएसआईआर-एनएमएल प्लेटिनम जुबली व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन कर रही है, जिसमें प्रख्यात हस्तियों द्वारा व्याख्यान दिए जाते हैं। 2 जुलाई 2025 को सीएसआईआर-एनएमएल ऑडिटोरियम में आयोजित 5वां प्लेटिनम जुबली व्याख्यान को प्रतिष्ठित वक्ता, भारत सरकार के नीति आयोग के सदस्य, पद्म भूषण डॉ विजय कुमार सारस्वत ने दिया। डॉ सारस्वत ने भारत के सामरिक भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सामग्री शीर्षक विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की शुरूआत सीएसआइआर-एनएमएल के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी के स्वागत भाषण से हुई। डॉ सारस्वत ने सीएसआईआर-एनएमएल को उसकी 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई दी और इस क्षेत्र में इसके महत्वपूर्ण योगदान को सराहा। अपने व्याख्यान में डॉ. सारस्वत ने भारत के रणनीतिक और तकनीकी भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण सामग्रियों की अपरिहार्य भूमिका पर जोर दिया। ऐतिहासिक चुनौतियों पर विचार करते हुए, उन्होंने रणनीतिक सामग्रियों की कमी और विकसित भारत के संदर्भ में उनके महत्व पर ध्यान दिलाया। डॉ. सारस्वत ने एक व्यापक वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रदान किया, जिसमें बताया गया कि इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों और पवन टरबाइन घटकों का अधिकांश हिस्सा महत्वपूर्ण सामग्रियों पर निर्भर करता है, जो टिकाऊ और उन्नत प्रौद्योगिकियों के लिए उनके अहमियत को साबित करता है। व्याख्यान में महत्वपूर्ण धातुओं और सामग्रियों के मूल्य श्रृंखला पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने उन प्रमुख सामग्रियों पर चर्चा की जिन्हें भारत सरकार ने उनकी आपूर्ति और मांग के अंतर और जोखिमों के साथ-साथ उनके महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों के आधार पर चिह्नित किया है। कार्यक्रम का समापन एक रोचक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और छात्रों सहित उपस्थित लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। 5वें प्लेटिनम जुबली व्याख्यान में न केवल सीएसआइआर-एनएमएल की विरासत का जश्न मनाया गया, बल्कि अत्याधुनिक अनुसंधान और सहयोग के माध्यम से राष्ट्रीय और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया गया।

### विधायक संजीव सरदार की पहल पर पोटका के छह स्कूलों को मिलेगा प्लस टू का दर्जा




**पोटका (आजाद सिपाही)।** पोटका प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड शिक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए।बैठक में क्षेत्र के छह माध्यमिक विद्यालयों को प्लस टू में उत्क्रमित करने की अनुशंसा राज्य सरकार को भेजने पर मुहर लगी।इस अवसर पर विधायक ने कहा राज्य सरकार का उद्देश्य है ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए अब लंबी दूरी तय नही करना पड़ेगा। उन्होंने बताया पोटका के माध्यमिक विद्यालय शंकरदा, डोमजुड़ी, राजदोहा, जाहातू, जामडीह और माँगडू को प्लस टू विद्यालय का दर्जा दिलाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही इन स्कूलों को स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।विधायक श्री सरदार ने कहा इससे सैकड़ों विद्यार्थियों और अभिभावकों को राहत मिलेगी। पूर्व में भी पोटका विधानसभा क्षेत्र के कई विद्यालय प्लस टू में उत्क्रमित हो चुके हैं, जिससे छात्रों को स्थानीय स्तर पर ही उच्च शिक्षा के अवसर मिल रही हैं। बैठक में अंचल अधिकारी निकिता बाला, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तैजेन्दर कौर, कल्याण पदाधिकारी सुकलाल हेम्ब्रम सहित शिक्षा विभाग से जुड़े अन्य पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### टेल्को थाना में शांति समिति की बैठक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर टेल्को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में हुई।बुधवार को बैठक में टेल्को क्षेत्र के चारों अखाड़ों के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद परवेज,मोहम्मद आलम ताज, मोहम्मद शकूर एवं मोहम्मद नौशाद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।बैठक में ओमप्रकाश उपाध्याय, चंद्रभान सिंह, रामाश्रय प्रसाद,इम्तियाज अहमद,डी डी त्रिपाठी, आलम शाह, शाहिद परवेज,आलम ताज,मोहम्मद अली अख्तर, इशरार खान, पी के दास,राजेश सिंह राजू,मनोज सिंह सहित अन्य ने संबोधित किया।उन्होंने मुख्य रूप से खड़ंगाझाड़ बस स्टैंड में सीसीटीवी कैमरा और लाइट की मांग रखी।थाना प्रभारी ने शांति,सद्भाव और विश्वास बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी। खड़ंगाझाड़ बाजार बस स्टैंड पर सीसीटीवी और लाइट की जिम्मेदारी टाटा मोटर्स को दी गयी। बैठक का संचालन नंदलाल सिंह और धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद अमीर सोहेल की।मौके पर अभय सिंह,रितेश शरण,चिन्ना राव राय,मुखिया छोटा टुडू,रोहित कुमार,लैला तिवारी,उपेंद्र तिवारी,अनिल प्रकाश,महेश प्रसाद सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हाथी ने गिरायी दीवार, दबकर वृद्ध की मौत

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुधवल पंचायत के नगारी गांव में मंगलवार (1 जुलाई 2025) को रात्रि एक बजे के लगभग में हाथी के द्वारा कच्चे मिट्टी के मकान की दिवार को धकेल कर गिरा देने से घर में चारपायी पर सो रहे विजय सिंह (उम्र - 62 वर्ष लगभग) पिता संतोषी सिंह की मौत दबकर हो गयी। इस घटना की सूचना वन विभाग के कर्मियों को दे दी गयी है। उग्र ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को शीघ्र मुआवजा देने और हाथी से बचाव के उपाय करने की मांग वन विभाग से की है।

## सर्पदंश से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल पंचायत परती कुशवानी अंतर्गत बत्तोकला गांव के सुजिया टोला निवासी शंभू साह उम्र करीब 50 वर्ष को सांप काटने से मौत हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बत्तोकला गांव के सुजिया निवासी शंभू साह सोमवार की देर रात लगभग 10 बजे अपने घर के आंगन में चारपाई पर सोये हुए थे। तभी अचानक विषैला सांप ने चारपाई पर चढ़ कर काट दिया। तत्पश्चात परिजनों ने आनन फानन में वंशीधर नगर अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में ससमय इलाज नहीं होने से परिजनों ने बेहतर के लिए तुम्मेगढ़ा हॉस्पिटल ले गये। जहां इलाज के दौरान मंगलवार की अहले सुबह उनकी मृत्यु हो गयी।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। विशुनपुरा आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर विशुनपुरा थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार ने की। इस दौरान दोनों समुदायों के प्रमुख लोग, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में सांसद प्रतिनिधि पुलस्त शुक्ला, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, व्यवसायिक संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, कृष्णा विश्वकर्मा, आलम अंसारी, संजय गुप्ता, अमहर खास पंचायत मुखिया ललित नारायण सिंह उर्फ ददन सिंह, पंचायत समिति सदस्य भरदूल चंद्रवंशी के साथ-साथ दोनों समुदायों के डीजे संचालक भी उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में लंबे इंतजार के बाद डिजिटल एक्सरे मशीन चालू

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार डिजिटल एक्सरे मशीन को चालू कर दिया गया है। यह मशीन करीब 18 माह पूर्व लगायी गयी थी, लेकिन तकनीकी समस्याओं और देखरेख के अभाव में यह अब तक चालू नहीं हो पायी थी। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के लगातार मांग और जिला प्रशासन के संज्ञान लेने के बाद गढ़वा डीसी दिनेश कुमार यादव के निर्देश पर इसे सुचारू रूप से शुरू किया गया। इसके साथ ही सीएचसी में ईसीजी मशीन तथा डब्ल्यूपीसी (व्हाइट ब्लड सेल काउंट) जांच मशीन भी स्थापित की गयी है। इन सुविधाओं से हृदय संबंधी रोगों की समय रहते पहचान और रक्त संबंधी बीमारियों की जांच में काफी सहूलियत होगी। पहले इन जांचों के लिए मरीजों को प्राइवेट लैब में ज्यादा खर्च करना पड़ता था, लेकिन अब ये सभी सुविधाएं भवनाथपुर सीएचसी में न्यूनतम शुल्क या निःशुल्क उपलब्ध होंगी। सीएचसी प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि मशीनों के चालू होने से खासकर सड़क दुर्घटना, हड्डी टूटने जैसे आपात मामलों में तत्काल एक्सरे की सुविधा उपलब्ध हो पायेगी, जिससे इलाज में देरी नहीं होगी।

## मुहर्रम के मद्देनजर एसडीएम ने एहतियातन 391 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई

गढ़वा (आजाद सिपाही)। मुहर्रम के अवसर पर क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था सुनिश्चित रखने हेतु गढ़वा सदर एसडीएम संजय कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संस्था की धारा 126 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों के 391 व्यक्तियों पर निरोधात्मक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सभी थाना प्रभारियों की अनुशंसा के आधार पर एहतियात के तौर पर की गई है, ताकि किसी भी संभावित अराजक स्थिति से पहले ही निपटा जा सके। प्रशासन की प्राथमिकता है कि मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि अराजक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर बनी हुई है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## दो पक्षों में मारपीट, दो महिला घायल

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र के मझिगांवा गांव के नवडीहवा टोले पर बुधवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडों से मारपीट हुआ, जिसमें प्रथम पक्ष की दो महिला घायल हो गयीं। जानकारी के अनुसार कमल पासवान पिता चंद्रदेव पासवान के परिजनों के द्वारा विवादित भूमि पर लकड़ी से घेराबंदी किया जा रहा था। इस पर सत्येंद्र पासवान पिता अक्ष्यबर पासवान के परिजनों के द्वारा मारपीट किया जाने लगा। जिसमें प्रथम पक्ष की ममता देवी(30 वर्ष) पति श्यामलाल पासवान व शांति देवी(55 वर्ष) पति कमल पासवान को गंभीर चोट लगी है। जिस पर एंबुलेंस के द्वारा दोनों घायल को अस्पताल भेजा गया है। जबकि दूसरे पक्ष के बैजनाथ पासवान पिता मानदेव पासवान ने कहा कि कमल पासवान के द्वारा खानदानी जमीन को अपना कब्जा में करने के लिए बार-बार प्रयास किया जाता है। जबकि इस जमीन का बंटवारा करने को लेकर अंचल कार्यालय कांडी में पिछले दो वर्षो से कागजात जमा है, लेकिन अंचल कार्यालय से अभी किसी भी तरह का दिशा निर्देश नहीं प्राप्त हुआ है। इस संबंध में ओपी प्रभारी सफिउल्ला अंसारी ने कहा कि मारपीट होने की सूचना मिलने पर शांति व्यवस्था कायम करने के लिए पुलिसबल को घटना स्थल पर भेज दिया गया है। आवेदन प्राप्त होने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में किया गया पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लातदाग में स्थित डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चे अपनी मां के नाम उत्साह पूर्वक एक-एक पौधे लगाएं, जिसमें सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने सहयोग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण में करीब 200 छायादार और इमारती पौधा लगाया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष पारसनाथ विश्वकर्मा, रिजवान अंसारी, शमा परवीन, सुफिया नाहिद, नागेंद्र प्रसाद ठाकुर, अनिता कुमारी, बसंत यादव विद्यालय के कर्मचारी बलराम साह, कौशल, अंकित एवं विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

भंडरिया(आजाद सिपाही)। भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार एवं प्रखंड प्रमुख रुक्मिणी कुमारी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई.मोके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने उपस्थित लोगों को अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं, दवा, टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्री की उपलब्धता की जानकारी दी।

# गढ़वा फोरलेन बाइपास सड़क का नितिन गडकरी आज करेंगे उद्घाटन



**उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत हूर मैदान में 03 जुलाई को आयोजित होने वाले 'एनएच-75 फोरलेन बाईपास' के उद्घाटन कार्यक्रम में सड़क, परिवहन, राजमार्ग व जहाज रानी मंत्री, भारत सरकार नितिन गडकरी का गढ़वा जिला आगमन होगा। कार्यक्रम आयोजन के मद्देनजर की जा रही आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को उपायुक्त दिनेश कुमार यादव व पुलिस अधीक्षक अमन कुमार कार्यक्रम स्थल हूर मैदान पहुंचे। विदित हो कि गुरुवार को आयोजित किये जाने वाले फोरलेन बाईपास उद्घाटन कार्यक्रम में गढ़वा जिला समेत अन्य जिलों/क्षेत्रों के आमजनों के सम्मिलित होने की भी संभावना है। फलस्वरुप उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम में किये जाने वाले सभी आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया गया। मौके पर उपस्थित जिला स्तरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं संबधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिया गया।

## पूर्व मंत्री मिथिलेश ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति जताया आभार



गढ़वा (आजाद सिपाही)। केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी गढ़वा में तीन जुलाई को बाईपास सड़क का उद्घाटन करेंगे। इस कार्य के लिए झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। साथ ही इस सड़क का श्रेय लेने की कोशिश करने वाले भाजपा नेताओं पर तंज भी कसा है। श्री ठाकुर ने कहा है कि केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने गढ़वा को बहुत बड़ा तोहफा देकर बड़ा हृदय दिखलाया है। इससे गढ़वा वासियों का बहुत बड़ा सपना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस बाईपास निर्माण का श्रेय लेने की होड़ में हैं उनके लिए एक सीख है कि पहले काम कीजिए फिर श्रेय लीजिए। श्री ठाकुर ने कहा कि स्थानीय सांसद एवं विधायक बगैर कोई प्रयास किये अपना पीठ थपथपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं जमीन पर काम करना जानता हूं। उनके प्रयास से गढ़वा के लोगों को बहुत बड़ी समस्या से मुक्ति मिली है।

# 'द फ्लेवर एंपायर' रेस्टोरेंट का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के चिनिया रोड स्थित कमला कॉम्प्लेक्स में बुधवार को इस 'द फ्लेवर एम्पायर' नामक आधुनिक रेस्टोरेंट का उद्घाटन सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, शिक्षाविद अलखनाथ पांडेय तथा समाजसेविका दिनेश्वरी सहाय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने कहा कि गढ़वा जैसे उभरते हुए शहर के लिए यह रेस्टोरेंट एक नयी दिशा और पहचान है। अब शहरवासियों को अपने परिवार, मित्रों और अतिथियों के साथ बैठकर सुसज्जित, स्वच्छ और शांत वातावरण में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने के लिए एक बेहतरीन स्थान उपलब्ध हो गया है। मौके पर मदन प्रसाद केशरी, गुड्डू तिवारी, मनोज पाठक, जितेंद्र सिन्हा, मुकेश कुमार सिन्हा, राजू सिन्हा, चंद्रशेखर प्रसाद श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, बीईईओ रंभा चौबे, बीपीओ पूनम, भास्कर रघुवंसी, प्रिंस, कमलेश, राजीव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में केक काटकर डॉक्टर्स डे मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** परमेश्वरी मेडिकल सेंटर अस्पताल के सभी डॉक्टर और पारा मेडिकल स्टाफ ने मिलकर धूम धाम से केक काट कर डॉक्टर्स डे मनाया। अस्पताल के संस्थापक, डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह ने कहा कि एक जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। जो मेडिकल प्रोफेशनल्स की सेवा और मानवता को सम्मानित करता है। इस वर्ष की थीम उन लोगों की देखभाल की आवश्यकता को उजागर करना है जो हमारी देखभाल करते हैं। भारत देश के चिकित्सा पेशेवरों की अथक सेवा, समर्पण और करुणा को पहचानने के लिए हर साल 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाता है। वहां उपस्थित अस्पताल के लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ निशांत सिंह ने कहा कि हर दिन, डॉक्टर दूसरों के जीवन को प्राथमिकता देते हैं, अक्सर अपनी भलाई की उपेक्षा करते हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नीतू सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस न केवल महामारी या संकट के दौरान बल्कि हर दिन, गांवों, कस्बों और शहरों में मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा निभायी जाने वाली भूमिका की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में कार्य करता है।

## डॉ हैनीमैन की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च अस्पताल गढ़वा में होम्योपैथी के जनक डॉ सैमुअल क्रिश्चियन फ्रेडरिक हैनीमैन की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च अस्पताल, गढ़वा, झारखंड में 2 जुलाई को होम्योपैथी के जनक डॉ सैमुअल क्रिश्चियन फ्रेडरिक हैनीमैन की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, कॉलेज के प्राचार्य प्रो (डॉ) केशवेंद्र कुमार तिवारी एवं संकाय सदस्यों, इंटर्न्स ने हैनीमैन के जीवन और होम्योपैथी में उनके योगदान पर चर्चा किया गया।

# 64वीं सुब्रतो कप अंडर-17 में रंका बना चैंपियन

**जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल रंका ने जीता, प्रमंडलीय स्तर पर करेगा गढ़वा का प्रतिनिधित्व**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप अंडर-17 बालक संवर्ग का फाइनल मुकाबला राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, रंका और पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ओबरा बरडीहा के बीच खेला गया। यह मैच बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा। पूरे निर्धारित समय तक दोनों ही टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और मुकाबला 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद मुकाबले का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें रंका की टीम ने 4-3 से जीत दर्ज की। विजेता टीम राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय रंका के खिलाड़ी टीम को ट्राफी देते हुए अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अलका लकड़ा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुलदीपक अग्रवाल, फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा संकुल प्रभारी देवेंद्र नाथ उपाध्याय रविंद्र कुमार चौबे उपस्थित थे।

इस जीत के साथ ही रंका की टीम ने जिला स्तरीय खिताब अपने नाम कर लिया और अब वह गढ़वा जिले की ओर से प्रमंडलीय स्तर पर अंडर-17 बालक संवर्ग में प्रतिनिधित्व करेगी।

# मेराल बस स्टैंड डंडई मोड़ के पास जलजमाव और कीचड़ से लोग परेशान

**स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधि और प्रशासन से निजात दिलाने की लगाये हैं आस**

**निमार्णाधीन एनएच 75 के कारण हुआ है जल जमाव**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** बस स्टैंड डंडई मोड़ के पास जलजमाव और कीचड़ से गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। इस वजह से राहगीरों, स्कूली बच्चों और दुकानदारों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अति व्यस्त सड़क पर यहां चलना दुभर हो गया है साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधि और प्रशासन से इस समस्या से निजात दिलाने की आस लगाए बैठे हैं परंतु अब तक निराशा ही मिला है।

**व्यवसायी संघ ने जतायी नाराजगी** : इस समस्या को लेकर व्यवसायी संघ के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने प्रशासन और जनप्रतिनिधि पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि सभी प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन कीचड़ और जलजमाव की स्थिति को देखकर सभी मौन हैं। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चे और राहगीर आये दिन इस कीचड़ में फिसलकर गिरते हैं।

# बीडीओ ने मैट्रिक और इंटर टॉपरों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बुधवार को झारखंड बोर्ड द्वारा जारी 2025 की परीक्षा में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 8 छात्र-छात्राओं को अपने कार्यालय कक्ष में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर बीडीओ सतीश भगत ने कहा कि प्रशस्ति पत्र आप सभी के परिश्रम का प्रतिफल है। आप सभी के लगन एवं समर्पण से मेराल प्रखण्ड और आपके विद्यालय का नाम रोशन हुआ है। बीडीओ के साथ मुखिया रामसागर महतो, पंचायती राज एसोसिएट प्रियंका, प्रखंड नाजिर सुनील कुमार, वार्ड सदस्य विनोद चौधरी के द्वारा सभी को प्रशस्ति पत्र दिया गया। जिन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया उनमें विवेक, अभिनय, पायल, अनामिका, रूखशाना खातून, अंजली, खुशबू, नीतीश शामिल थे।


Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited
(JIIDCO) (A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
e-mail- jiidcoltd@gmail.com www.jiidco.co.in Phone no. 0651-3512851
CIN U45208JH2004GOI011078

Letter no: -344 dated: -02.07.2025

NOTICE INVITING TENDER
NIT NO. JIIDCO/CFC BUILDING/05/2025-26 2nd call

Sealed tenders are invited, on Item rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department (BCD) or any Department, Government of Jharkhand for the work as given below:

| Sl. no. | Name of work | Estimated cost (Rs.) | Earnest money (Rs.) | Cost of tender fee (Rs.) (Non-refundable) Including 18% GST | Class of Contractor | Time of completion (In days) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | Manthan Yuva Sansthan, Berwari, Pandu, Palamu (Blanket & Dari Weaving) | 11,99,550.00 | 24,000.00 | 2,950.00 | III | 90 days |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 04.07.2025 to 11.07.2025
b. Tender will be received on 14.07.2025 till 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 14.07.2025 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
d. The estimated cost mentioned above in sl. No.1 column no. 3 is approximate which may be increased or decreased.

Note: For any information/complaints the department helpline no/Mobile no. 7004785102 may be contacted.

Sd/- Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

PR.NO.356376 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd(25-26):D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
प्रपत्र संख्या–1

अति अल्पकालीन ई– निविदा (तृतीय आमंत्रण)

निविदा संख्या :- 18/JMT/2025-26 दिनांक 02-07-2025

| क्र0 स0 | विवरणी कार्य का नाम | ग्रुप/संख्या | विस्तृत विवरणी प्राक्कलित राशि | अग्रिम जमानत की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Running, Repairing, Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) excluding Raw Water & Energy Charges for **Reorganization Urban Water Supply Scheme Koderma** under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for the year 2025-26, 2026-27, 2027-28 (3rd Call) | JMT/ Koderma | 36,99,000/- | 74000/- | 5,000.00 | 36 Months |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | | 04.07.2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :– | | 12-07-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | | 12-07-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | | 14-07-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :– | | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :– | | 08002536460, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 9 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | | 0651-2480345 | | | |

• विस्तृत विवरण बेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है! स्वच्छता प्राण है!

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

PR 356371 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)



जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, चतरा।
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)

पत्रांक 997/जि0ग्रा0 दिनांक 01/07/2025

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर गठित PMU में नियुक्ति संबंधी सूचना

ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड, राँची के अधिसूचना संख्या–1016(अनु0), दिनांक–01.03.2017 तथा आयुक्त कार्यालय उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा अनुमोदित रोस्टर के आलोक में चतरा जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत स्वीकृत पदों के विरूद्ध कोटिवार रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। रिक्तियों की संख्या एवं अर्हता निम्नवत है:–

| क्र0 | पद का नाम | कुल रिक्त | कोटि | कोटिवार रिक्ति | उम्र सीमा | मासिक मानदेय | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड समन्वयक | 03 | अनुसूचित जाति | 1 | 22–45 | 18000/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थानों से रूरल मैनेजमेंट/को–ऑपरेटिव मैनेजमेंट/सोशल वर्क में स्नातक उतीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्ष का कार्यानुभव । मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उतीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्ष का कार्यानुभव। |
| | | | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 1 | | | |
| | | | पिछड़ा वर्ग | 1 | | | |
| 2 | लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 04 | अनारक्षित | 1 | 18–30 | 10000/– | मान्यता प्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय/संस्थानों से वाणिज्य (Commerce) विषय में इन्टरमीडियट उतीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से Diploma in Computer Application (DCA) के साथ मान्यता प्राप्त संस्था से 6 माह का कार्यानुभव तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण दक्षता अनिवार्य। |
| | | | अनुसूचित जन जाति | 1 | | | |
| | | | अनुसूचित जाति | 1 | | | |
| | | | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 1 | | | |

❖ उम्र की गणना 01.08.2025 के आधार पर की जायेगी ।
❖ संविदा आधारित नियुक्ति के लिए कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड रांची द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण, स्थानीयता एवं अन्य निदेश लागू होंगे।
❖ इच्छुक योग्य अभ्यर्थी Online आवेदन विभागीय पोर्टल https:/applyrdd.jharkhand.gov.in पर दिनांक–01.07.2025 से 15.07.2025 तक आवेदन भर सकेंगे। नियुक्ति के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश चतरा जिला के वेबसाईट Chatra.nic.in पर देखी जा सकती है ।

उपायुक्त,
चतरा।

PR 356314 (Rural Development) 25-26 (D)

## चंदवा में ओवरब्रिज के लिए किसानों की पदयात्रा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**चंदवा।** चंदवा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी का टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज को लेकर ध्यान आकर्षण के लिए किसानों ने बुधवार से दो दिवसीय पदयात्रा की शुरूआत की है।

परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का फोटो लेकर गांव-गांव घुम रहे हैं किसान, मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री ने ही चार वर्ष पहले आरओबी का शिलान्यास किया था तब से आज शिर्फ टेंडर टेंडर खेल रही है एनएच विभाग।

पदयात्रा का नेतृत्व किसान नेता सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान कर रहे हैं। यह पदयात्रा ऐसे समय में किसान कर रहे हैं जब केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी तीन जुलाई को रांची के रातू रोड में फ्लाई ओवरब्रिज का उद्घाटन करने एवं पलामू प्रमंडल के गढ़वा में नेशनल हाइवे के उद्घाटन समारोह में शिरकत करने आ रहे हैं। किसान नेता सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने पदयात्रा में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी का पलामु आगमन के अवसर पर किसान टोरी चंदवा एनएच 99 न्यु 22 पर फ्लाई ओवरब्रिज के शिलान्यास के चार वर्ष होने के बाद भी काम शुरू नहीं होने की ओर उनका ध्यान आकर्षण करने के लिए दो दिवसीय पदयात्रा की शुरूआत दामोदर गांव से एक दिन पहले से ही कर दिया गया है। उनका मकसद है कि नीतिन गडकरी का ध्यान टोरी चंदवा की लंबित फ्लाई ओवरब्रिज की ओर आकर्षित हो जाए और इसका टेंडर होकर कार्य तेजी से आगे बढ़ जाये। उन्होंने कहा कि टोरी रेल मार्ग पर रेल का परिचालन अनवरत रहती है, नेशनल हाईवे पर टोरी का रेलवे क्रॉसिंग होने से फाटक घंटों बंद रहता है जिसके कारण भारी जाम लग जाती है, दोनों ओर सैंकड़ों छोटे बड़े वाहन की लंबी कतार लग जाती है, सबसे चिंताजनक स्थिति तब हो जाती है जब इसी जाम में मरीज लिए एम्बुलेंस फंस जाता है और मरीज की गाड़ी में ही तड़प तड़प कर मौत हो जाती है वह अस्पताल भी नहीं पहुंच पाता है। अबतक दर्जन से अधिक व्यक्तियों की मौत रेलवे क्रॉसिंग पर हो चुकी है तथा महिलाओं का भी प्रसव कभी कभार यहीं पर हो जाती है।

सैंकड़ों छात्र-छात्राओं को स्कूल कॉलेज जाने में काफी कठिनाई हो रही है समय से वह पहुंच नहीं पाते। किसान भी अपनी सब्जी बिक्री करने के लिए शहर की बजार में जाते हैं उन्हें भी रेलवे क्रॉसिंग जाम में घंटों फाटक पर समय बेकार जाता है, व्यापारी से अपनी सामान थोक में बेच नहीं पा रहे हैं। इस एनएच पथ से पटना, छत्तीसगढ़, रांची, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, गढ़वा, हजारीबाग, चतरा समेत कई जिलों से छोटी बड़ी बस और अन्य गाड़ियां प्रत्येक दिन गुजरती हैं साथ ही शहर से सैंकड़ों एवं लाखों लोग बुरी तरह प्रभावित हैं। फाटक जाम के कारण हजारों शहरवासी क्रॉसिंग के उतर की ओर जाना छोड़ दिये हैं, बालुमाथ के अधिकांश लोग चंदवा शहर आना छोड़ दिये हैं इससे किसानों के साथ साथ शहर का व्यापार पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। शिलान्यास के चार वर्ष से अधिक समय हो गया लेकिन अबतक टेंडर फाइनल नहीं हुई और ना ही कार्य का शुरूआत हुआ है, गढ़वा आगमन पर किसानों की यह उम्मीद है कि नीतिन गडकरी इस मामले पर संज्ञान लेकर फ्लाई ओवरब्रिज की कार्य को गति देंगे। पदयात्रा में किसान नेता सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, सनीका मुंडा, संजय राम, मोबीन खान, असरीता देवी, एतवरिया देवी, शीला देवी, सरहुलिया देवी, राजेश परहैया, सीताराम परहैया, राजेश राम, विशाल परहैया, रोहित परहैया, बुटन परहैया, रमेश परहैया, दिलीप परहैया, भुनेश्वर परहैया, धर्मदेव परहैया, चुनकु परहैया समेत कई लोग शामिल थे।

## डीसी ने स्वेटर उत्पादक समूह को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा प्रखंड के स्वेटर उत्पादन केंद्र की उत्पादक महिला समूह की दीदीयों ने उपायुक्त डॉ ताराचंद से मुलाकात की। महिला दीदियों ने उत्पादन केंद्र की गतिविधियों से उपायुक्त को अवगत कराया। इस अवसर पर उपायुक्त ने उत्पादक महिला समूह की दीदीयों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सेन्हा में उत्पादित स्वेटर पर उनकी कड़ी मेहनत छुपी हुई है।दीदियों के सामूहिक प्रयास से ही यह उत्पादन केंद्र सुचारू रूप से चल रहा है। आनेवाले समय में और भी ज्यादा आत्मनिर्भर बनने के लिए उपायुक्त ने उनको प्रोत्साहित किया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन हर संभव उनकी सहायता करने को तत्पर है।

## कैरो स्टेट बैंक ने विद्यार्थियों को बैंकिंग योजना की जानकारी दी



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को राजकीय मध्य विद्यालय कैरो में बैंकिंग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लोहरदगा के शाखा प्रबंधक सौरव कुमार को छात्र -छात्राओं ने पुष्पगुच्छ देकर एवं स्वागत गीत के साथ स्वागत किया। शिविर के मध्यम से सौरव कुमार ने कहा भारतीय स्टेट बैंक छात्र-छात्रों के पढ़ाई लिखाई के लिए समय-समय पर विभिन्न योजना संचालित करती है जिसका लाभ लेकर पढ़ाई लिखाई में होने वाली खर्च आदि का भरपाई कर सकते हैं। वहीं कहा कि बैंक के नाम पर मोबाइल पर कई तरह के कॉल आते है यह कॉल बैंक के द्वारा नही की जाती है यह साईबर ठगी लोग होते है, जो कई प्रकार के लाभ देने की बात कह कर ओटीपी मांगते हैं और खाते से पैसा उड़ा लेते हैं। अगर किसी भी प्रकार की समस्या बैंक से सबंधित हो तो सीधे बैंक जाये किसी के झांसे में बिल्कुल न आयें। वहीं शिविर में बच्चो को आत्मरक्षा के लिए कराटे की भी जानकारी दी गयी। मौके पर शांति आश्रम के धनेश्वर यादव, विद्यालय के प्रभारी प्रधानध्यापक मनीष बाखला, रबिन्द्र कुमार दत्ता, बिनोद सिंह, गोवर्धन उरांव, जंहागिर अंसारी, शिक्षिका नीति लकड़ा, नवरिन, ममता उरांव, रूबी खातून एवं छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान शुरू



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद लोहरदगा द्वारा विभागीय निर्देशानुसार सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान की शुरूआत 1 जुलाई 2025 से की गयी। यह विशेष स्वच्छता अभियान 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य जलजनित एवं वेक्टरजनित (मच्छरजनित) बीमारियों की रोकथाम करना, नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना और जनभागीदारी से शहर को साफ-सुथरा बनाना है। अभियान के पहले दिन नगर परिषद लोहरदगा के प्रशासक, नगर प्रबंधक अनिल उरांव, स्वच्छता प्रभारी आर्यन कुमार, रमीज रजा, वीरेंद्र भगत एवं सफाई मित्रों की उपस्थिति में सफाई कार्य की शुरूआत की गयी। नगर परिषद की ओर से अपील की गई है कि सभी नागरिक अभियान में सहयोग करें और अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि बीमारियों से बचा जा सके और शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाया जा सके।

## कुडू प्रखंड सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सलीम अमीर और सचिव ऐनुल अंसारी बने

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू/लोहरदगा।** जिले के कुडू प्रखंड में आगामी मोहर्रम का पर्व आपसी भाइचारा और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर प्रखंड सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की बैठक उप प्रमुख ऐनुल अंसारी की अगुवाई में किया गया। बैठक में प्रखंड सेंट्रल मोहर्रम कमेटी का गठन और विस्तार करते हुए अध्यक्ष सलीम अमीर और सचिव ऐनुल अंसारी को बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर हलीम अंसारी, इम्तियाज खलीफा, खुर्शीद खान का मनोनयन किया गया। महासचिव पद पर रोजामत अंसारी, जयुम अंसारी, प्रवेज आलम, सरवर खान, वारिस अंसारी, नासीर अंसारी, बॉबी भाई, मोहम्मद अशफाक अंसारी, भोला खान को चयनित किया गया। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी कमरूल इस्लाम को दी गयी है। एक्टिव मेंबर के रूप में सहमद अंसारी, एनामुल खान, तौफीक अंसारी, मोहम्मद अरशद अंसारी, रशीद अंसारी,मोहम्मद जाफर, शमशाद अंसारी, मोहम्मद शकील, अबू रेहान, मोहम्मद अफरोज, साहबान अंसारी, कनवर लाल खान, हमीद अंसारी, मोहम्मद अजरुल, मोहम्मद जान, रफीक अंसारी हफीजुल अंसारी, तस्लीम अंसारी, हजरत अंसारी, कलीम खान, रुस्तम अंसारी का चयन किया गया। चयनित सभी मोहर्रम कमेटी के सदस्यों को पगड़ी पोशी कर सम्मानित और स्वागत किया गया। बैठक में पर्व की सफलता को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कहा गया कि कुडू प्रखंड क्षेत्र में आदि काल से परंपरा रही है कि, मोहर्रम का पर्व आपसी भाइचारा और गंगा जमुनी तहजीब के साथ मनायी जाती रही है। इस बार भी इसे बरकरार रखने का कार्य किया जायेगा। वक्ताओं ने कहा कि, मोहर्रम का पर्व हमें त्याग, बलिदान और कुबार्नी की मिसाल कायम करने की सीख देती है। कहा कि जिम्मेवार ओहदेदार और मेंबर्स अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन करेंगे। हर साल की तरह इस साल भी मोहर्रम शांति पूर्ण एवं सद्भावना के साथ संपन्न कराया जायेगा। बैठक में प्रखंड छेत्र के कई गांव के मोहर्रम कमेटी के खलीफा और बुद्धिजीवी लोग शामिल थे।

## शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर बैद्यनाथ राम ने मां उग्रतारा मंदिर में पूजा-अर्चना की



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के नेतृत्व में अपने पूरे जिला कमिटि के साथ एंव झारखंड के पूर्व शिक्षा एंव मद निषेद मंत्री बैद्यनाथ राम के साथ मां उग्रतारा नगर भगवती के दरबार में पहुंच कर पूजा अर्चना कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के दीघार्यु होने तथा जल्द स्वस्थ होने की कामना की एवं उनके स्वास्थ्य लाभ हेतु हवन भी किया गया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनके स्वास्थ्य हेतु मंगलकामना किए और जल्द ठीक होकर सबों को अपनी वात्सल्य की छाया की अनुभूति करायें। जहां पर उपस्थित केंद्रीय सदस्य सह जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जिला सचिव बुद्धेश्वर उरांव, कोषाध्यक्ष मनोज यादव, प्रवक्ता सुशील कुमार यादव, अंकित पांडेय, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना उरांव, इनायत करीम, ममता सिंह, सुदामा प्रसाद, कामेश्वर भोक्ता, राजेंद्र भोक्ता, प्रदीप गंझू, मनोज चौधरी, जिप सदस्य विनोद उरांव, युवा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव, अंजली कुजूर, आर्सेन तिर्की समेत कई कार्यकर्ता मौजूद उपस्थित थे।

## सेन्हा में घूरती रथयात्रा और मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** घूरती रथयात्रा और मोहर्रम का त्योहार शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर थाना क्षेत्र के अरु और भड़गांव पंचायत में प्रशासन और जन प्रतिनिधियों द्वारा शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया। वही आयोजित बैठक में जन प्रतिनिधियों और प्रशासनिक पदाधिकारियों ने जनता से अपील करते हुए कहा गया कि घूरती रथयात्रा और मोहर्रम का त्यौहार को सभी लोग मिल जुल कर मनाये और शांति व सौहार्द का मिशाल पेश करें। साथ ही कहा गया कि पर्व त्यौहार के दौरान सोशल मीडिया या किसी तरह के माध्यम से कोई भी व्यक्ति गलत अफवाह उड़ा कर शांति भंग करने का प्रयास करता है। तो उसके प्रति विधि संग करवाई किया जायेगा। जिसे सभी लोग प्रेम और भाईचारा से शांति पूर्वक त्यौहार मनाने में प्रशासन का सहयोग करें। वहीं बताया गया कि असमाजिक तत्वों से निपटने के लिये भी पुलिस प्रशासन तैयार है। ग्रामीण और जन प्रतिनधियों ने घूरती रथयात्रा और मोहर्रम का पर्व शांति पूर्वक प्रेम से मनाने का भरोसा दिलाया। मौके पर एसआइ अविनाश राम, रविकांत प्रसाद के अलावे सैकड़ो ग्रामीण के साथ जन प्रतिनधि उपस्थित थे।

## पेशरार में कालीन बुनाई केंद्र जल्द शुरू करें : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में एससीए और नीति आयोग अवार्ड मनी से स्वीकृत योजनाओं के प्रगति की समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में एससीए योजनामद अंतर्गत पेशरार प्रखण्ड में कालीन बुनाई प्लांट को सुचारू रूप से प्रारंभ कराने का निर्देश डीपीएम जेएसएलपीएस को दिया गया। साथ ही इसके लिए उत्पादक समूह को आवश्यक प्रशिक्षण देने का भी निर्देश दिया गया। किस्को ब्रिकेटिंग प्लांट में बंद पड़े मशीन को ठीक कराने और जल्द से जल्द उत्पादन प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया। किस्को प्रखण्ड स्थित औद्योगिक सिलाई केंद्र, दोना पत्तल उद्योग केंद्र और कुडू प्रखंड के सरसों तेल उद्योग केंद्र का रजिस्ट्रेशन कंपनी एक्ट में कराये जाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। कुडू प्रखंड में सरसों तेल उत्पादन केंद्र में मशीन अधिष्ठापन करा कर जल्द से जल्द उत्पादन कराने का निर्देश दिया गया। नीति आयोग अवार्ड मनी से सेन्हा प्रखण्ड में मिलेट और दलहन के प्रोसेसिंग यूनिट से उत्पादन प्रारंभ करने के लिए जल्द से जल्द कारवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि कुडू में मधुमक्खी पालन और मधु उत्पादन का लाभ किसी अन्य मध्यस्थ को न देकर सीधे किसानों दिया गया।

### डीसी ने स्कूल में योग्य बच्चों को साइकिल देने का दिया निर्देश

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिले में स्कूली बच्चों को दिये जाने वाले साइकिल की समीक्षा कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के साथ की। उन्होंने प्रखंडवार स्कूली बच्चों की संख्या के अनुपात में वितरित की जाने वाले साइकिल की संख्या की समीक्षा करते हुए इन पर अनुमोदन दिया। बैठक में कल्याण विभाग द्वारा प्रखंडों के सभी सरकारी विद्यालयों में नामांकित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण पर सहमति बनी।उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया और कहा कि नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होने पश्चात पुनः होने वाली बैठक में प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करें। साथ ही निर्देश दिया कि साइकिल क्रय के समय साइकिल की गुणवत्ता पर अवश्य ध्यान दिया जाये ताकि बाद में किसी तरह की शिकायत नहीं आये।

## डाढ़ा में सर्पदंश से 15 वर्षीय बच्चे की मौत

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डाढ़ा गांव के कटई टोला में बुधवार को सांप के डंस से एक 15 वर्षीय बालक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान शनि उरांव (पिता- सुले उरांव) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार शनि मंगलवार की शाम अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान एक विषैले सांप ने उसे डंस लिया। डंसते ही वह बेसुध होकर गिर गया। अचेत अवस्था मे परिजनों ने आनन-फानन में बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉ अलीशा टोप्पो ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि जानकारी के अभाव में परिजन पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को पूरा किये बिना ही शव को लेकर घर लौट गये। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

## मोहर्रम जुलूस में भड़काउ भाषण और गाने पर रहेगी रोक : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** मोहर्रम का त्योहार शांति और सौहार्द्र के साथ मनाने को लेकर बुधवार को बरवाडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में एसडीपीओ भरत राम और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार की मौजूदगी में हुई। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, दोनों समुदायों के गणमान्य लोग और अखाड़ा समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में आये लोगों ने त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर अपने-अपने विचार रखे। एसडीपीओ ने कहा कि त्योहार के दौरान डीजे बजाने पर पूरी तरह रोक रहेगी। जुलूस केवल पूर्व निर्धारित रूट से ही निकलेगा। अखाड़ा समिति के पदाधिकारी अपने-अपने थाना में रूट चार्ट और सदस्यों के नाम जमा करेंगे। जुलूस के दौरान किसी भी तरह के भड़काउ भाषण और गाने पर रोक रहेगी। उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जुलूस की वीडियो ग्राफी कराने और जुलूस रुट में झूलते हुए बिजली तारों की पूर्व जानकारी देने की अपील की। उन्होंने बताया कि सभी सार्वजनिक, संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। शांति भंग करने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई होगी। बैठक में केचकी मुखिया बुधेस्वर सिंह, मोरवाईकला मुखिया आशीष सिंह चेरो अफजल अंसारी,असरदुल कादरी, गुलाम असगर,हेसामूल अंसारी, असफाक अहमद मुन्ना, राकेश अग्रवाल,ईश्वरी सिंह, अशोक साव समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कुडू और सदर प्रखंड में दलहन बीज का वितरण



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कृषि विभाग लोहरदगा की ओर को प्रखंड कुडू के ऐटिक सेंटर मे कुडू प्रमुख के अध्यक्षता में एनएफएसएम के तहत दलहन अरहर, एनएफएसएम मिनीकिट मडुवा, मक्का, मूंगफली बीज का वितरण किया गया। जिसमें कुडू प्रमुख, एफपीओ के सदस्य, बीटीएम, एटीएम एवं किसान उपस्थित थे। वहीं एग्रीक्लिनिक सेंटर लोहरदगा में गांव बमनडीहा पंचायत निगनी के 14 टाना भगत किसानों को एनएफएसएम क्लस्टर डेमोंस्ट्रेशन योजनांतर्गत अरहर का बीज ओटीपी के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को अरहर मिनीकिट प्रदान किया गया। इसमें जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, डिप्टी परियोजना निदेशक (आत्मा), कृषक, जनप्रतिनिधि, जनसेवक और बीटीएम उपस्थित थे। सेन्हा प्रखंड के तोड़ार पंचायत के सेरेंगघातु ग्राम में बिरसा फसल विस्तार का मक्का बीज ओटीपी के माध्यम से वितरण किया गया।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**बालक वर्ग अंडर 15 में केड की टीम, बालिका वर्ग अंडर 15 में प्रोजेक्ट स्कूल बरवाडीह और बालक अंडर 17 में गाड़ी बनी विजेता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बुधवार को प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब में शिक्षा विभाग के द्वारा प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर,व बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी के द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता मे अंडर 15 बालक एवं अंडर 17 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका की कुल 13 टीम शामिल हुई। प्रखंड स्तरीय इस प्रतियोगिता को लेकर बालक बालिका वर्ग के खिलाड़ियों मे काफी उत्साह दिखा जहां दोनों वर्ग की टीम नें अपने अपने मैच मे बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग अंडर 15 का मुकाबला केड और छेचा के बीच हुआ जिसके केड की टीम 1 गोल से विजेता बनी। वही बालिका वर्ग अंडर 15 का मुकाबला केड और प्रोजेक्ट स्कूल बरवाडीह के बीच खेला गया जिसमे प्रोजेक्ट स्कूल बरवाडीह एक गोल से विजेता बनी। वही आखरी में अंडर 17 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला गाडी और सरईडीह के बीच हुआ जिसमे गाडी ने सरईडीह को 3-2 से हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता मे विजेता और उप विजेता टीम को जिला परिषद के साथ वरिय अनुभाग अभियंता राजू रहमान, कनीय अभियंता एंजमामूल हक नें खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मौके पर मौजूद जिला परिषद नें कहा की शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूली बच्चों के अंदर खेल की प्रतिभा को निखारने के लिए सुब्रतो कप फुटबॉल का आयोजन किया जाना काफी सार्थक पहल है इसे बच्चों के अंदर खेल की भावना बढ़ेगी और वो पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी नाम रोशन करते हुए आगे बढ़ेगे।कार्यक्रम का संचालन कन्हाई राम नें किया साथ ही मौके पर प्रेम सिंह दिनेश मेहरा विजय यादव, पपु सिन्हा संकुल साधन सेवी अशोक यादव जितेंद्र कुमार सिंह सुमन कुमार चुड़ामनी सिंह, रोहित कुमार अजीत सहाय सुमंत करण, शिक्षक सावमेल बारला, मुकेश चंद्रवंशी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## आरएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक सुधीर अग्रवाल के निधन पर जय श्रीराम समिति ने की शोकसभा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुमला विभाग के संपर्क प्रमुख एवं श्रीशंकर तिवारी सेवा न्यास, लोहरदगा के सचिव सुधीर अग्रवाल (पुत्र स्व. देवकी प्रसाद अग्रवाल) के निधन पर जय श्रीराम समिति की ओर से एक शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने सुधीर अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। वक्ताओं ने कहा कि सुधीर अग्रवाल समाजसेवा, सांस्कृतिक व धार्मिक गतिविधियों में लंबे समय से सक्रिय रहे। वे संगठन, सेवा, समाज और संस्कृति के मजबूत स्तंभ थे। जय श्रीराम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि सुधीर अग्रवाल जी समाज के लिए पूर्णतः समर्पित थे। उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोकसभा में संरक्षक सुषमा सिंह, शैलेश कुमार, अजय सोनी, ओम महतो, पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू, कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा, रमेश राय उर्फ गुड्डू, महिला जिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, पूर्णिमा देवी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शांति भंग करने में हैदरनगर के दवा व्यवसायी का भी नाम

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पुलिस के अजीबोगरीब कारनामे से लोगों को आश्चर्य होना स्वाभाविक है। मुहर्रम को लेकर शांति भंग करने वाले 16 लोगों की सूची अनुमंडल न्यायालय को हैदरनगर थाना से भेजी गई है। जिसमें हैदरनगर के प्रतिष्ठित दवा व्यवसाई फैयाज खलीफा का नाम भी शामिल है। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अपनी दुकान छोड़कर जलसा जुलूस तो दूर, बाजार भी नहीं जाते हैं। कहा कि उन्होंने आज तक थाना पुलिस के पास भी नहीं गये हैं। उनके खिलाफ आज तक कहीं कोई शिकायत भी नहीं है। इसके बावजूद किसके इशारे पर पुलिस ने उनका नाम शांति भंग करने वालों की सूची में दर्ज कर दिया। कहा कि बुधवार को सुबह 11 बजे अनुमंडल न्यायालय में हाजिर होने का नोटिस उन्हें चौकीदार से इसी दिन सुबह 11.30 बजे दिया गया है। कहा कि इस नोटिस से उनकी प्रतिष्ठा को आंच आई है। अविलंब पुलिस प्रशासन उनका नाम हटाए अन्यथा वह उच्चाधिकारियों से इशकायत करेंगें। अगर उनका पहले का कोई अपराध या शांति भंग करने वाले लोगों की सूची में नाम शामिल है या किसी ने आवेदन दिया है, तो प्रशासन इस संबंध में उन्हें जानकारी दे। इस संबंध में थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने कुछ भी बताने से इनकार किया है।

### वित्त मंत्री ने किया मनातू अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

# कार्यप्रणाली में सुधार लायें या कुर्सी छोड़ दें: राधा कृष्ण किशोर

- अधिकारियों-कर्मचारियों की लापरवाही देख हुए नाराज
- सीओ को तीन दिनों में कैशबुक, म्यूटेशन, लैंडबैंक, लगान रजिस्टर राइट टू सर्विस, सीमांकन आदि का रजिस्टर अपडेट रखने का दिया निर्देश

## कहा- हम किसी को परेशान करने नहीं बल्कि सिस्टम को दुरुस्त करने आये हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू/पलामू।** राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बुधवार को मनातू प्रखंड के अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई कर्मचारी और बीडीओ अनुपस्थित पाए गए। इस बीच मंत्री ने म्यूटेशन रजिस्टर, लैंड बैंक रजिस्टर, लगन निर्धारण रजिस्टर सहित कई रिकार्ड का निरीक्षण किया। पर कोई भी रजिस्टर अद्यतन नहीं मिला। सीओ मदन कुमार सुमन और ब्लॉक के प्रधान सहायक सहित किसी ने भी संतोष जनक जवाब नहीं दिया। जिससे मंत्री जी बेहद नाराज दिखे। उन्होंने हिदायत देते हुए एक महीने में सभी रिकॉर्ड अद्यतन करने का समय दिया। साथ ही कहा कि दो अगस्त को पुनः निरीक्षण करेंगे। इस दौरान मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने नाराजगी जताते हुए कठोर शब्दों में कहा कि अंचल की कार्यसंस्कृति बेहद खराब है।



मनातू अंचल कार्यालय में रजिस्टर की जांच करते वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर।

अधिकारी-कर्मचारी अपनी-अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करें, अन्यथा कुर्सी खाली करें। उन्होंने कहा कि जिला के पदाधिकारियों को ब्लॉक और आंचल कार्यालय का निरीक्षण करना चाहिए। समीक्षा के क्रम में वित्त मंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि आपलोगों को म्यूटेशन में केवल पैसा चाहिए, बाकि की जानकारी शून्य है। आप लोगों की कार्यप्रणाली से ही सरकार की छवि खराब हो रही है। उन्होंने सीओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि तीन दिनों में कैशबुक, म्यूटेशन, लैंडबैंक, लगान रजिस्टर राइट टू सर्विस, सीमांकन आदि का रजिस्टर अपडेट कीजिए। वित्त मंत्री ने कहा कि हम किसी को परेशान करने के लिए नहीं,

### सरकारी जमीन तक की जानकारी नहीं

**बतातें चलें कि मनातू अंचल में हल्का छह और कर्मचारी दो हैं। इन कर्मचारियों को पता ही नहीं की इनके हल्के में कितनी सरकारी जमीन है। कितने पर किन-किन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है और कितनी जमीन अतिक्रमण मुक्त है। हालांकि सीओ ने बताया कि लैंडबैंक में 2175 एकड़ जमीन है।**

बल्कि सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए आये है। यह मेरा गृह जिला और यह ब्लॉक हमारे जिले का अंतिम ब्लॉक है, जो अतिउग्रवाद ग्रस्त रहा है। लोगों को भयमुक्त और दुरुस्त शासन के लिए आपलोगों को ठीक से काम करना चाहिए इस मौके पर जिप सदस्य संग्राम सिंह, रुद्र शुक्ला, राजकमल तिवारी, राजीवरंजन सिंह, संतु सिंह, रमेश सिंह, अशोक सोनी, अखिलेश पासवान आदि उपस्थित रहे।

## जपला एसबीएस कॉलेज में नामांकन प्रक्रिया आज से



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय में सत्र 2025-27 का विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय में नामांकन गुरुवार से कार्यालय अवधि में शुरू की जाएगी। विशेष जानकारी के लिए छात्र- छात्राएं महाविद्यालय में जाकर संमपर्क कर सकते है। इसकी जानकारी देते हुए कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रेमनाथ ने बताया कि पिछले सत्र 2023-25 में महाविद्यालय का विज्ञान संकाय में 99.6 फीसदी, वाणिज्य संकाय में 100 फीसदी और कला संकाय में 90 फीसदी विद्यार्थी सफल हुए थे।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र की जन समस्याओं के समाधान को लेकर प्रदर्शन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र में आमलोगों के जनजीवन को प्रभावित करने वाली समस्याओं का समाधान कराने को लेकर अधिवक्ता प्रेमतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को प्रदर्शन किया गया। इस बाबत मांगों से संबंधित ज्ञापन भी कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा गया। जिसके माध्यम से बताया गया कि हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत कार्यालय, सड़क के किनारे सुखे पेड़ की टहनिया झुल रही है। जो बरसात के मौसम में कभी भी किसी व्यक्ति या वाहन पर गिरकर जान-माल की हानी हो सकती है। इसलिए ऐसे पेड़ो को चिन्हीत कर कटवाकर हटाना जरूरी है। हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत लावारिस कुतों को वैक्सीन लगाने, सड़क किनारे की सभी लाईट को मरम्मत कर चालू करने, नालियों की सफाई एवं सड़को पर जल जमाव से मुक्ती के लिए स्थान चिन्हित कर कार्य कराने, मच्छरों के प्रभाव से बचाव के लिए उचित कदम उठाने, मांस बिक्री केन्द्र एवं फल सब्जी एवं खाद्य पदार्थ जैसे होटलों का प्रबंधन पर भी जांच कर मौसम के अनुकूल दिशा निर्देश देने, क्षेत्र में पानी की आपूर्ति नियमित करने और सड़को को अतिक्रमण मुक्त करना आदि शामिल है। पत्र के जरिए मांग की गयी है कि सभी मांगों को एक सप्ताह के अंदर पूरा किया जाए। अन्यथा सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगें। इस मौके पर अजय प्रसाद गुप्ता, संतोष गुप्ता, अधिवक्ता मधुलता रानी, राजेश कर्ण, अनिमेष अग्रवाल, सुनील सिंह आदि मौजूद थे।

## हुसैनाबाद सीओ ने की सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ बैठक, दिए कई निर्देश

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में बुधवार को सीओ पंकज कुमार ने सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ बैठक की। जिसमें उपस्थित बीएलओ को मैप एवं नजरी नक्शा तैयार कर यथाशीघ्र रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। सीओ ने बताया कि वर्तमान में हुसैनाबाद अंचल क्षेत्र में 138 बूथ है, लेकिन अगले चुनाव में 1200 से अधिक वोटर वाले बूथ से अब और नए 29 बूथ बनाए जाने है। इसकी तैयारी की जा रही है। इस तरह हुसैनाबाद अंचल क्षेत्र में 167 बूथ होंगे। उन्होंने कहा कि एक बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता की संख्या होने के कारण मतदाताओं को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। यह पहल मतदाताओं को सुविधा देने के लिए किया जा रहा है। 1200 से अधिक मतदाताओं वाले बूथ में राउम विद्यालय नहर कॉलोनी, बक्सी उच्च विद्यालय, उप्रा विद्यालय जपला चौबे, रामवी बेनिकला, प्रावी कुशा नारायणपुर, मवी अलीनगर, उप्रावी कोशी, उमवी बैराव, प्रावी बसडीहा, उच्च विद्यालय संड़ा, उप्रावि खडारपर, राउमवि पथरा खुर्द, मध्य विद्यालय झरगड़ा, अवर निबंधन कार्यालय, उर्दू मध्य विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय, उर्दू प्राथमिक विद्यालय, अनुमंडल कार्यालय, मध्य विद्यालय गम्हरिया, मध्य विद्यालय देवरी, मध्य विद्यालय हार्वे, मध्य विद्यालय बडेपुर, मध्य विद्यालय खरडीहा, उच्च विद्यालय मलवारिया, प्रावी एकोणी, मध्य विद्यालय बसारी शामिल है। उन्होंने बताया कि इन बूथों से 29 और बूथ बनाए जाने को लेकर विभाग को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। इस मौके पर सुपरवाइजर आशीष रंजन, एहसान अली, अभिनेष सिंह और जीपीएस फेकन राम आदि उपस्थित थे।

## यादव कथावाचक से दुर्व्यवहार की निंदा, गिरफ्तारी की मांग

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। उत्तर प्रदेश के इटावा में यादव कथावाचक के साथ हुई दुर्व्यवहार की घटना को लेकर हरिहरगंज शहर के मोतीराज इंटर महिला कॉलेज में अखिल भारतीय यादव महासभा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता और संचालन यादव महासभा के प्रखण्ड अध्यक्ष ई संजय कुमार यादव ने किया। बैठक में यादवों ने इटावा के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए ब्राह्मणवाद और पाखंडवाद के खिलाफ नारेबाजी की। वक्ताओं ने अपने समाज को जागरूक करते हुए पाखंडवाद से मुक्ति का संकल्प लिया। यादव महासभा के प्रखण्ड अध्यक्ष संजय कुमार यादव ने कहा कि ब्राह्मणों की ओर से कथित यादव कथावाचक के साथ की गई दुर्व्यवहार की घटना की यादव समाज घोर निंदा करती है। कहा कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर बुधन सिंह यादव, योगेंद्र यादव, रामजतन यादव, महेंद्र यादव, नरेश यादव, मलू यादव, दीपक कुमार यादव, सुबोध यादव आदि मौजूद थे।**

## डीसी की ने जिला सुरक्षा समिति के साथ बैठक, बॉडीगार्ड पर हुई चर्चा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें डीसी ने निजी अंगरक्षक उपलब्ध कराने के लिए जिले में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। आवेदनों के आधार पर निःशुल्क, सशुल्क निजी अंगरक्षक उपलब्ध कराने के लिये विस्तार से चर्चा की गयी। कुछ आवेदनों के आधार पर अंगरक्षक देने पर विचार किया गया, जबकि कुछ पूर्व पदाधिकारियों-राजनीतिक व्यक्तियों की सुरक्षा में कटौती करने का भी निर्णय लिया गया। डीसी ने जिले में सुरक्षा समिति की ओर से प्राप्त आवेदनों के माध्यम से दिए गए अंगरक्षकों की भी विस्तृत समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारी को सूची को अद्यतन कर इसकी रिपोर्ट समर्पित करने को कहा। इसके अतिरिक्त अंगरक्षक मुहैया कराने संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की गयी। बैठक में एसपी रीष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सदर एसडीओ सुलोचना मीणा, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, सामान्य शाखा उप समाहर्ता रश्मि रंजन और विशेष शाखा के डीएसपी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आम उत्सव सह बागवानी का किया गया आयोजन

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के तत्वावधान में बुधवार को हैदरनगर प्रखंड परिसर में आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी 12 पंचायतों से मुखिया प्रतिनिधि एवं मनरेगा से लाभान्वित लोग आम फल लेकर मेला में शामिल हुए। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रंधीर जयसवाल, सभी मुखिया आदि मौजूद रहे।

# जिले की किसी छिपी प्रतिभा की आवाज की गूंज पलामू का नाम रोशन कर दे: अरुणा

### कहा- आधुनिक रिकॉर्डिंग सेंटर खुलना कलाकारों के लिए उपहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस भवन के समीप बड़े शहरों की तर्ज पर कलाकारों के लिए एक अत्याधुनिक साउंड प्रूफ रिकॉर्डिंग स्टूडियो 'धुन म्यूजिक रिकॉर्डिंग स्टूडियो' का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया। उन्होंने कहा कि अब हमारे शहर के कलाकारों को पैसे खर्च कर बाहर जाकर अपने गीतों को रिकॉर्डिंग नहीं करना पड़ेगा। वह कम खर्चे में अपनी आवाज के जादू को शहर में ही इस अत्याधुनिक स्टूडियो में रांची, पटना से अच्छे क्वालिटी में रिकॉर्ड कर पाएंगे। कहा कि हमारा मेदिनीनगर शहर नित्य तरक्की की ओर है, जहां एक से बढ़कर एक



आधुनिक शोरूम खुल रहे हैं। वहीं आज यह साउंड प्रूफ आधुनिक एवं सुव्यवस्थित स्टूडियो खुलने से वह कलाकार जो बाहर नहीं जा पाते उन्हें अपनी आवाजों को रिकॉर्ड करने का अवसर मिलेगा। शायद इन्हीं में से कोई छिपी प्रतिभा की आवाज की गूंज पलामू का नाम रोशन कर दे। प्रथम महापौर ने इस स्टूडियो के मालिक प्रदीप कुमार बाबुल को बधाई दी। कहा कि बाबुल भैया और उनके पुत्र राहुल हमेशा कुछ नया करने की सोचते हैं। अब इन्हीं की बदौलत खोली गई स्टूडियो के कारण कलाकार कम खर्चे में अपनी आवाज निखार पाएंगे। इस मौके पर राजू जी, अविनाश वर्मा, कृष्ण अग्रवाल, रिंकू दुबे, डिंपल जी, विजय ओझा, सुधांशु, अरविंद गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, राजदेव उपाध्याय, अमिताभ मिश्रा, राजहंस अग्रवाल, नवीन पांडे आदि उपस्थित थे।

# श्रावणी मेला के दौरान 190 डॉक्टर और 319 पैरामेडिकल स्टाफ की रहेगी व्यवस्था

### 32 स्वास्थ्य केंद्र का हुआ है निर्माण, रहेगी 41 एंबुलेंस की व्यवस्था

- डीसी ने की निजी अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों के साथ बैठक
- जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर दिया जरूरी दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला के सफल संचालन को लेकर समाहरणालय सभागार में बुधवार को निजी अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने की। बैठक में डीसी ने जानकारी दी कि विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला 11 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। ऐसे में बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव के साथ बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से निजी अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श कर सभी के सुझावों से अवगत हुए। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही डीसी ने जानकारी दी कि राजकीय श्रावणी मेला के दौरान 190 डॉक्टर, 319 पैरामेडिकल स्टाफ, 41 एम्बुलेंस एवं 32 स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया हैं। ऐसे में मेला क्षेत्र में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने में आप सभी का सहयोग आपेक्षित है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आपसी समन्वय के लिए व्हाट्सऐप ग्रुप बनाने के अलावा सभी निजी अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सकों एवं आईएमए ने राजकीय श्रावणी मेला के दौरान पूर्ण सहयोग की बात कही। कहा कि बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में एक माह तक चलने वाले राजकीय श्रावणी मेला की विश्व स्तर पर अपनी पहचान है। ऐसे में बाहर से आनेवाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना हमारा नैतिक दायित्व है, ताकि कांवरिया यहां से बेहतर अनुभव लेकर जायें। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी, विभिन्न निजी अस्पताल के संचालक, चिकित्सक, आईएमए के प्रतिनिधि, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, डीएमएफटी की टीम आदि उपस्थित थे।

## देवघर के दुम्मा के समीप कांवरिया काउंटिंग केंद्र बनकर हुआ तैयार

**देवघर (आजाद सिपाही)।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का आगाज 11 जुलाई से होने जा रहा है। जिला प्रशासन सभई तैयारियां कर रही है। वहीं, देवघर के दुम्मा के समीप देवघर में प्रवेश करने वाले कांवड़ियों का एंट्री के समय काउंटिंग किया जाता है। जिसके बाद जिला प्रशासन प्रतिदिन के कांवरियों का देवघर आने का आंकड़ा देता है। काउंटिंग सेंटर पूरी तरह से अब तैयार हो चुका है। यहां पांच काउंटर बनाए गए हैं जिसमें अलग-अलग पारियों में ऑपरेटर की नियुक्ति की जाती है जिसमें कांवरिया काउंटिंग सेंटर से प्रवेश करने के दौरान एक पर्ची दिया जाता है और उसी से काउंटिंग किया जाता है। इसके अलावा कांवरिया पथ पर मखमली बालू बिछाने का कार्य शुरू हो गया है, ताकि श्रद्धालुओं को पांव पैदल चलने में किसी तरह की कोई असुविधा न हो। उन्हें कंकड़ पत्थर से बचाया जा सके और गंगा का मखमली बालू से पैरों को राहत दिया जा सके।

## श्रावणी मेला में सफाई व्यवस्था को लेकर ननि की व्यापक तैयारी, दो क्लस्टर में बांटा गया क्षेत्र



**देवघर (आजाद सिपाही)।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम (ननि) ने इस बार विशेष इंतजाम किए हैं। सावन माह के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आगम को देखते हुए सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने के लिए कुल 750 सफाई कर्मियों को तैनात किया गया है। नगर निगम के प्रबंधक प्रकाश मिश्रा ने बताया कि सफाई कार्य को दो क्लस्टरों में बांटा गया है। पहले क्लस्टर में बाबा मंदिर परिसर, शिवगंगा और बीएड कॉलेज परिसर को शामिल किया गया है, जबकि दूसरे क्लस्टर में बीएड कॉलेज से कुमैठा तक का पूरा इलाका शामिल है। बताया कि सफाई कार्य में नगर निगम के 350 कर्मी, टरहट के 210 सफाई कर्मी और टेंडर के माध्यम से पूर्व में चयनित अन्य सफाई कर्मी मिलकर कार्य करेंगे। सभी कर्मियों को आवश्यक उपकरण, सुरक्षा किट, यूनिफॉर्म और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो। प्रबंधक प्रकाश मिश्रा ने बताया कि सावन मेला के दौरान 24*7 शिफ्टों में सफाई कर्मी कार्यरत रहेंगे और निगरानी के लिए सुपरवाइजर की भी तैनाती की गई है। नगर निगम की ओर से यह सुनिश्चित किया गया है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पूरा मेला क्षेत्र स्वच्छ एवं सुरक्षित बना रहे। श्रावणी मेला में इस बार सफाई व्यवस्था को लेकर जो तैयारी की गई है, उससे उम्मीद जताई जा रही है कि यह मेला भी भक्ति के साथ-साथ स्वच्छता का उदाहरण बनेगा।

## जनता दरबार लगाकर जमीन संबंधी मामलों का हुआ निबटारा

**छतरपुर (आजाद सिपाही)। छतरपुर अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। इस दौरान अधिकतर मामले जमीन से संबंधित आए। प्राप्त आवेदनों के अनुसार कुल 130 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें राजस्व अभिलेख में सुधार से संबंधित 8 आवेदन, रसीद निर्गत करने से संबंधित 8 आवेदन, एलपीसी (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) के 8 आवेदन, सीमांकन के 2 आवेदन, पारिवारिक सूची के 2 आवेदन एवं चरित्र प्रमाण पत्र से संबंधित 67 आवेदन शामिल हैं। जनता दरबार में रसीद से संबंधित मामलों का मौके पर ही निबटारा कर दिया गया।**

## मजिस्ट्रेट की अगुवाई में बाबा मंदिर प्रांगण से पूजन सामग्री के सभी काउंटर हटाये गये



**देवघर (आजाद सिपाही)।** श्रावणी मेला की तैयारियों के तहत बाबा बैद्यनाथ मंदिर प्रांगण को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से बुधवार को विशेष कार्रवाई की गई। डीसी के निर्देश पर मजिस्ट्रेट राहुल कुमार के नेतृत्व में मंदिर प्रांगण से सभी पूजन सामग्री के काउंटर हटा दिए गए हैं। इस संबंध में मजिस्ट्रेट राहुल कुमार ने बताया कि तीन दिन पहले ही डीसी एवं मंदिर प्रभारी सह एसडीओ रवि कुमार की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। जिसने मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूजन सामग्री काउंटरों को हटाने का निर्णय लिया था। बताया कि सभी दुकानदारों को पहले से सूचना दे दी गई थी कि वे खुद अपना काउंटर हटा लें। स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि निर्धारित समय सीमा के भीतर काउंटर नहीं हटाने पर मंदिर प्रशासन द्वारा सभी सामान सहित काउंटर हटाया जाएगा। आज मंदिर प्रांगण से सभी काउंटर हटा दिए गए। इस दौरान प्रशासनिक पदाधिकारी की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई की गई। मंदिर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन एवं पूजा व्यवस्था देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। श्रावणी मेले के मद्देनजर मंदिर प्रांगण में व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है और आगे भी व्यवस्था में सुधार के लिए कार्य किए जा रहे है।

## कांग्रेस ने सारवां और सोनारायठाढ़ी प्रखंड में नियुक्त किए नए पदाधिकारी

**देवघर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस आला कमान के निर्देश पर संगठन सृजन अभियान के तहत सारवां एवं सोनारायठाढ़ी प्रखंड के नवगठित प्रखंड एवं मंडल अध्यक्षों के साथ ही प्रखंड पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देने के लिए बुधवार को कुसमाहा में संयुक्त समारोह आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय और वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित थे। इस



दौरान सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि कांग्रेस एक बार फिर पूरी मजबूती के साथ खड़ी हो रही है। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के सम्मान की भावना अब जमीन पर दिखने लगी है। बतातें चलें कि सारवां प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में नवनियुक्त पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष नरेश यादव, कामदेव रवानी एवं सोनारायठाढ़ी प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष नेयाज अहमद के साथ उपाध्यक्ष राजकिशोर मुर्मू, चसमुद्दीन अंसारी, महासचिव सुबोध राय, मिथुन दास आदि शामिल हैं।

## पिकअप पेड़ से टकरायी, चालक की मौत



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला पालकोट रोड स्थित अंबेरा डीह के समीप मंगलवार की शाम एक पिकअप चालक ने सड़क किनारे पेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना के बाद चालक घंटों वाहन में फंसा रहा। घटना के बाद राहगीर और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी। वाहन में फंसे चालक को निकालने का काफी प्रयास किया गया। घटना की सूचना पर पालकोट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे चालक लोहरदगा बरवा टोली निवासी 25 वर्षीय सुमित कुमार तमेरा को बाहर निकाला इसके बाद इलाज हेतु उसे सदर अस्पताल भेजा गया। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मंगलवार की रात 10 बजे उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे वही इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हो हंगामा किया। बुधवार की सुबह 10 बजे घटना की सूचना गुमला थाना को दी गयी। गुमला थाना के एस आई गौतम वर्मा सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा किया साथ ही पोस्टमार्टम करने की प्रक्रिया शुरू करायी। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया सुमित प्रतिदिन लोहरदगा से सब्जी लोडकर राउरकेला जाता था। मंगलवार को भी सब्जी लेकर राउरकेला जा रहा था। वह दो-तीन दिनों से ठीक से सो नहीं पाया था। संभवत: उसकी आंख लग गयी होगी और उसने पेड़ को टक्कर मार दिया। वाहन के स्टेरिंग से उसके सीने में गहरी चोट लगी थी वहीं रक्त का जमाव भी हो गया था।

## सदर अस्पताल से बाइक की चोरी

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल गुमला से अज्ञात चोरों ने एक बाइक की चोरी कर ली है। मामले को लेकर अंबवा गांव निवासी मोहम्मद अजहर अंसारी ने मंगलवार की रात 8 बजे गुमला थाना में आवेदन देकर चोरी की गयी बाइक की बरामद की गुहार लगायी है। अजहर ने बताया मंगलवार दिन के 2 बजे सदर अस्पताल में इलाज रत अपने एक रिश्तेदार मरीज को देखने परिवार के साथ आये थे जब शाम को 5 बजे अस्पताल से बाहर आये तो देखा की बाइक गायब है। बताया कि सदर अस्पताल के सामने कदम के पेड़ के नीचे बाइक को खड़ा किया था साथ ही बाइक को लॉक भी किया था चाबी मेरे पास ही है। तत्काल मामले की जानकारी सदर अस्पताल के कर्मियों को दी गयी। वहीं सीसीटीवी चेक गया लेकिन बाइक चोर की तस्वीर नहीं दिखी संभावना व्यक्त की जा रही है कि चोर बाइक लेकर पुराना समाहनालय की ओर से भाग गया। अजहर ने बताया काले रंग का अपाचे बाइक है जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 07 जी 1722 है।

## चरका टांगर जाम टोली में गिरा हाई टेंशन तार



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला थाना क्षेत्र के चरका टांगर जाम टोली स्कूल मैदान के समीप बड़ा हादसा टल गया। स्कूल के समीप से गुजरा ग्यारह हजार वोल्ट का हाइ टेंशन तार टूट कर गिर गया। वर्षा के कारण जमीन गीला था। तार गिरने से जमीन से धुआं उठने लगा। जमीन से उठते धुआं देख कर ग्रामीण सहम गये। संयोग कहा जाये कि जब खेत में हाई टेंशन तार गिरा उस दौरान खेत में ना तो कोई किसान था और ना कोई मवेशी विचरण कर रहा था। खेती किसानी का समय होने के कारण यदि खेत में किसान या मवेशी होते तो बड़ी घटना घट सकती थी। ग्रामीणों ने हाई टेंशन विद्युत तार टूट कर गिरने की सूचना विद्युत विभाग को दी और बिजली कटवाया।

## जनजातीय ग्राम उत्कर्ष शिविर का आयोजन



घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चुंदरी पंचायत के बेती, इचा, महूगांव, हापामुनि गांव में जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार मुखिया विनीता कुमारी सहित कई अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। शिविर में प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग सहित कई अन्य विभाग के स्टाल लगाये गये। जहां ग्रामीणों को विभाग से संबंधित जानकारी भी दिया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की विस्तृत जानकारी प्रखंड समन्वयक आशीष कुमार सोनी द्वारा दिया गया। वहीं ग्रामीणों ने आवश्यकता अनुसार आवेदन भर कर जमा किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा जनजातीय समाज के उत्थान और उनके सर्वांगीण विकास को लेकर उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आप ग्रामीण इसका समुचित लाभ उठाएं। मुखिया विनीता कुमारी ने कहा उक्त शिविर के माध्यम से आप सभी ग्रामीण सरकार के महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं।शिविर कार्यक्रम में बाल विकास विभाग द्वारा कई बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। मौके पर बीपीओ बेबी कुमारी, उपमुखिया अजीत मनी पाठक, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, आशीष सोनी सहित कई कर्मी पदाधिकारी ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## आषाढ़ गुप्त नवरात्र के सातवें दिन निकली कलश यात्रा



भरनो (आजाद सिपाही)। भरनो बस्ती स्थित बजरंग बली मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्र और चंडी पाठ के सातवें दिन मंगल कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में दर्जनों श्रद्धालु, विवाहित जोड़े कलश लेकर स्थानीय छठ तालाब से जल उठा कर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंच कलश स्थापित की गयी। विधि-विधान से पूजा के सातवें दिन माता कालरात्रि की पूजा की गयी। पूजा के सातवें दिन माता का पट खुलते श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। आषाढ़ गुप्त नवरात्र के चंडी पाठ में यज्ञाचार्य की भूमिका नीतीश मिश्रा निभा रहे हैं। यज्ञ को सफल बनाने में संजय गुप्ता, बिनोद साहू , मनोहर केशरी, शुभम गुप्ता, सुधांशु केशरी, प्रिंस गुप्ता, हर्ष केशरी, सतीश केशरी, शक्ति गुप्ता, मौजूद थे।

## पानी सप्लाई बंद होने से चार पंचायत के ग्रामीण परेशान

सिसई (आजाद सिपाही)। थाना के सामने बने विशालकाय ग्रामीण पेयजल पूर्ति योजना पानी टंकी से एक माह से अधिक समय से चार पंचायत के लोगों को पानी नहीं मिल रहा है जिसके कारण उन्हें घरेलू कार्यों को करने में कठिनाई हो रही है। पानी सप्लाई के बंद होने के बारे में पूछने पर पीएचडी विभाग के जेइइ रतन खलखो ने जानकारी देते हुए बताया कि डब्ल्यूटीपी का इंटेक वेल का स्टार्टर और पैनल बोर्ड खराब हो गया है, जिसके कारण पानी की सप्लाई बंद हो गयी है। वहीं उन्होंने विशेष रूप से जानकारी देते हुए बताया की जलापूर्ति योजना से सिसई पंचायत के 1100, लकेया पंचायत के 1100, भदौली पंचायत के 800 और कुदरा पंचायत के 250 लोगों के घरों तक पानी पहुंचाया जाता था। एक माह में जलकर 62 रुपया है। वही जलकर की जिम्मेवारी पंचायत के मुखिया और जलसहिया को दिया गया था। जिसमें की लकेया पंचायत को छोड़कर अन्य तीन पंचायत के मुखिया और जलसहिया जलकर जमा नहीं करते थे, जिसके कारण फंड के अभाव में समय पर मशीन मरम्मत नहीं हो पा रहा है। जानकारी लेने के लिए सहिया से संपर्क किया गया परंतु संपर्क नहीं हो सका। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर प्रखंड प्रमुख मीना देवी ने भी पानी टंकी का निरीक्षण की थी। वही निरीक्षण के बाद ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए जल्द बनवाने को लेकर मैकेनिकल इंजीनियर और जेइइ से बात कर दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। रतन खलखो ने बहुत ही जल्द पानी सप्लाई सुचारू रूप से शुरू करने की बात कही।

# लक्ष्मण नगर और चाहा में छापामारी, ब्राउन शुगर और 10.48 लाख के साथ चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। पुलिस अधीक्षक गुमला को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नशीली पदार्थ की खरीद बिक्री को लेकर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने शहर के लक्ष्मण नगर में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री की सूचना के सत्यापन हेतु छापामारी किया। छापामारी दल में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, पुलिस उपाधीक्षक शिव शंकर मरांडी थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली पुलिस अवर निरीक्षक हिमांशु शेखर सिंह सुनील कुमार हेमा देवी सहित थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। जब छापामारी दल लक्ष्मण नगर पहुंचा तो एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम आकाश राज उर्फ आकाश पासवान उम्र 21 वर्ष पिता आलोक पासवान लक्ष्मण नगर लिप्टिस बगीचा बताया। विधिवत तलाशी लेने पर उसके पास से करीब 10 ग्राम प्रतिबंधित ब्राउन शुगर बरामद किया गया। आकाश के निशानदेही पर छापामारी दल चाहा गांव पहुंचा। पुलिस को देखकर दो व्यक्ति भगाने का प्रयास किया। जिसे छापामारी दल के द्वारा खदेड़कर पकड़ लिया गया। पकड़ाए लोगों का नाम पूछने पर बादल साहू उम्र 33 वर्ष पिता भुनेश्वर साहू बैरागी बगान चाहा और छोटू साहू उर्फ.जनेश्वर साहू उम्र 35 वर्ष पिता जगमोहन साहू बताया। दोनों की तलाशी लेने पर बादल के पैकेट से 12 ग्राम ब्राउन शुगर 35700 और दो मोबाइल मिला। छोटू साहू के पास से 7 पुड़िया ब्राउन शुगर एक वेट मशीन एक वीवो कंपनी का मोबाइल मिला दोनों के निशान देही पर छापामारी दल मनीत कुमार उम्र 32 वर्ष पिता बृजवाल चौधरी बैरागी बागान चाहा के घर से 10 ग्राम ब्राउन शुगर एक वजन करने वाला मशीन तथा 10 लाख 13000 रुपये मिला। बुधवार की शाम 5 बजे पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता करते हुए बताया छोटू साहू के विरुद्ध गुमला थाना में 2018 में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। वही बदल साहू के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट दर्ज है। चारों आरोपियों को प्रेस वार्ता के बाद जेल भेज दिया गया।

## संविधान की इज्जत करने वाले का सिर रहता है बुलंद: एसपी

**बज्म ए रब्बानी ने जिज्ञासा फेडरेशन की सहायता से की कोचिंग सेंटर की शुरूआत**

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। जो संविधान की इज्जत करेगा निश्चित उसका सर हमेशा ऊंचा रहेगा। और संविधान को जानने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षित होना व्यक्ति के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। शिक्षा का मतलब सिर्फ.पढ़ना लिखना ही नहीं है, बल्कि ज्ञान प्राप्त करना है। ज्ञान आपको तार्किक रूप से सोचने और सही समय पर सही निर्णय लेने में मदद करता है। उक्त बातें एसपी हारिश बिन जमां ने कही। वे बुधवार को शहर के खड़िया पाड़ा स्थित बज्मे रब्बानी ट्रस्ट सह बज्मे रब्बानी एजुकेशनल फाउंडेशन के द्वारा बच्चियों के लिए शुरू किये गये स्पेशल कोचिंग सेंटर के उदघाटन के मौके पर लोगो को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि इल्म इंसान की तरक्की का सबसे पहला मार्ग है। यह हर उम्र हर तबके के लोगो के लिए जरूरी है। बज्मे रब्बानी ट्रस्ट के द्वारा जो पहल व शुरूवात की गयी है वह सराहनीय कदम है।

मौके पर विशिष्ट अतिथि डीएफओ अहमद बेलाल अनवर ने कहा कि शिक्षा का महत्व बहुत अधिक है। यह एक व्यक्ति और समाज दोनों के विकास के लिए आवश्यक है। शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण प्रदान करती है। जो उसे जीवन की चुनौतियों का सामना करने और सफल होने में सहायता प्रदान करती है। यह व्यक्तिगत विकास के साथ साथ सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा व्यक्ति के आत्मविश्वास, आत्म-सम्मान और आत्म-जागरूकता को बढ़ाती है। यह व्यक्ति को बेहतर निर्णय लेने और जीवन में सफल होने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को समाज के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाती है। यह व्यक्ति को सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने में मदद करती है। शिक्षा एक शक्तिशाली उपकरण है जो व्यक्ति और समाज दोनों को बदल सकती है। यह एक ऐसा उपकरण है जो हमें ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण प्रदान करता है, जो हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने और सफल होने में मदद करता है। इसलिए, शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाना आवश्यक है ताकि हर व्यक्ति अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सके और एक समृद्ध और खुशहाल जीवन जी सके। उन्होंने बज्मे रब्बानी ट्रस्ट के पहल की सराहना की।

मौके पर डीएसई नूर खान ने कहा कि शिक्षा हर इंसान के लिए अहम स्थान रखती है। सरकार के द्वारा अल्पसंख्यको के लिए कई सुविधाएं दी गयी है। कस्तूरबा स्कूलों में 6 से 12 वी क्लास तक कि पढ़ाई का सुविधा प्रदान की है। मगर इसमे अल्पसंख्यक मुस्लिम बच्चियों की भागीदारी कम है। सीट निर्धारित रहने के बावजूद वह खाली रह जाती है। वही प्राइवेट स्कूलों में सीटें खाली रह जाती है। इसका अधिकाधिक लाभ उठाएं। बच्चो को बेहतर शिक्षा दें। छात्रवृति पोशाक समेत अन्य योजनाओं का लाभ लें।

एसडीपीओ ने कहा कि बच्चियां बेहतर एजुकेशन प्राप्त करें। कोचिंग में मिलने वाले ज्ञान का रिव्यू करें। उपलब्धि और कमियों को टटोलें। तभी सेंटर का मकसद कामयाब होगा।

नगर परिषद की सिटी मिशन मैनेजर राहिल डुंगडुंग ने बताया कि रब्बानी ट्रस्ट से डे एनयूएलएम की जिज्ञासा सिटी लेबल फेडरेशन से संबद्ध करा कर इस सेंटर की शुरूआत की गयी है। जिससे क्षेत्र की बालिकाओं में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव व रब्बानी ट्रस्ट के सचिव आमिर रब्बानी ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन आफताब अंजुम ने किया। अतिथियों द्वारा फीता काट कर सेंटर का उद्घाटन किया गया। मौके पर फिरोज अली रब्बानी, साजिद रब्बानी, गुलाब खान रब्बानी, तहसीन रब्बानी, बिमला देवी, सीमा दास, सैफ खान रब्बानी, सुहेब रब्बानी, इशरत जहां, रिंकू रब्बानी, बबलू रब्बानी, एवरेन, गीता देवी, राजा रब्बानी, उबैद रब्बानी, रिंकी देवी, सोनिया टोप्पो, कौसर आलम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## डीसी ने किया चैनपुर और जारी प्रखंड का दौरा मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का लिया जायजा


आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बुधवार को चैनपुर एव जारी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उक्त क्षेत्र में किए जा रहे सरकारी कार्यों एव योजनाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

दौरे की शुरूआत पंचायत भवन, बिन्डोरा में लगे धरती आबा जनभागीदारी अभियान के शिविर से हुई। इस दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यालय में सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस शिविर का उद्देश्य योग्य लाभुकों तक सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि छूटे हुए सभी लाभुकों को पीएम किसान, आयुष्मान कार्ड, पीएम जनधन एवं अन्य योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित किया जाये। इसके पश्चात उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जारी का निरीक्षण किया। उपायुक्त द्वारा उक्त सेंटर की वर्तमान स्थिति, सफाई, शौचालय, पानी, बिजली,भवन मरम्मती इत्यादि की जानकारी ली गयी।

उपायुक्त ने ओपीडी पंजी की जांच कर कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही यथाशीघ्र लेबर रूम में आवश्यक उपकरण उपलब्धत कराते हुए सही तरीके से लेबर रूम का संचालन करने का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित जारी प्रखंड स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का की समाधि स्थल पहुंची। वहां उन्होंने समाधि स्थल के आसपास साफ सफाई कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।




## जिला स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। 64वीं रांची जिला स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का शानदार उद्घाटन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, बारियातू, रांची में हुआ। इस अवसर पर अंडर-17 बालिका वर्ग के टूर्नामेंट का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी राची, विनय कुमार, और जिला शिक्षा अधीक्षक राची, बदल राज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन समारोह में रांची जिला फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव श्री आसिफ नईम, रांची रेफरी एचओआर फरीद खान, और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के प्रतिनिधि निशिकांत पाठक सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बिशुनपुर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में मोहर्रम पर्व के अवसर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्षता बीडीओ सुलेमान मुंडरी ने की। मुख्य रूप से इंस्पेक्टर विनय कुमार प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव थाना प्रभारी राकेश कुमार कल्याण पदाधिकारी गणेशराम महतो एवं दोनों समुदाय के प्रबुद्ध बैठक में शामिल हुए बीडीओ ने सभी समुदायों से आपसी भाइचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुहर्रम आपसी भाइचारे और सौहार्द का प्रतीक पर्व है। इसे शांति और सद्भाव के वातावरण में मनाया जाये। इंस्पेक्टर ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह के भड़काउ गानों का प्रयोग या सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों का प्रसार सख्त वर्जित रहेगा। उन्होंने सभी समुदायों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाये रखने की अपील की तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस या प्रशासन को देने का अनुरोध किया। बैठक में एसआइ शैलेश कुमार, प्रमोद कुमार, नीतीश सिंह, मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत, मो युनूस हुसैन हमीद खान, मो कयूम राजन अलली, राजू मांझी सहित काफी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## बरसात से डायवर्सन खराब, राहगीर परेशान



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नरमा नदी में पिछले एक वर्षों से बन रहे पुल का डायवर्सन लगातार हो रहे बारिश के कारण कीचड़ में तब्दील हो गया है। जिस कारण नरमा विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी एवं गांव के अन्य रागिरों को रास्ते से गुजरने में काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में नरमा पंचायत के समिति सदस्य धर्मेंद्र उरांव ने बताया कि संवेदक के द्वारा पिछले एक वर्षों से पुल का निर्माण कराया जा रहा है, परंतु अब तक पुल पूर्ण नहीं हो पाया है और जब-जब बारिश होती है डायवर्सन कीचड़ में तब्दील हो जाता है। जिसको लेकर कई बार संवेदक से आग्रह कर उसे ठीक करने की बात कही गयी, परंतु संवेदक को ग्रामीणों की समस्या से कोई मतलब नहीं है, जिस कारण डायवर्सन का मरमत नहीं करते हैं और बारिश होने के बाद पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो जाता है। मालूम हो कि उस रोड से नरमा, अंकुरी डाढ़टोली, हारा टोली सहित कई गांव के लोगों के लिए बाजार तक पहुंचाने का मुख्य मार्ग है, वहीं दर्जनों गांव के बच्चे नरमा विद्यालय में पढ़ते हैं जिन्हें भी विद्यालय जाने में काफी कठिनाई हो रही है। कई छात्र-छात्रा डायवर्सन में फैले कीचड़ में फिसल कर गिर जाते हैं जिससे उनका स्कूल ड्रेस खराब हो जाता है और बिना स्कूल गए घर लौटना पड़ जाता है, फिर भी संवेदक के द्वारा डायवर्शन को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है।

## दुष्कर्म के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया के कैशियर राजकुमार सिंह के द्वारा अपने रूम में एक नाबालिक आदिवासी युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद फरार रहने पर बिशुनपुर पुलिस ने आरोपी के घर रांची सिंह मोड़ लतमा रोड स्थित विकास नगर के शांति एंक्लेव फ्लैट न 104 में जा कर बुधवार को इसतिहार चिपका कर परिजनों से आरोपी को आत्मसमर्पण कराने की बात कही। बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश सिंह ने परिजनों से बात करते हुए कहा कि आज गुमला न्यायालय से मिले इश्तहार को विधिवत आरोपी के घर में चिपकाया गया है। इसके बाद भी आरोपी आत्मसमर्पण नहीं करता है तो इसके बाद घर का कुर्की जब्ती भी किया जायेगा। मालूम हो कि पिछले एक मई को एक आदिवासी नाबालिग युवती जो बैंक ऑफ इंडिया बिशुनपुर शाखा के कैशियर राजकुमार सिंह के घर में खाना बनाने का काम करते थी उसने बिशुनपुर थाना में आरोप लगाया कि कैशियर के द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किया गया है। इधर बिशुनपुर थाना में कैशियर के खिलाफ दुष्कर्म का प्राथमिक दर्ज होने के बाद पिछले 2 महीने से फरार है।


**कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा**

**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**ई-कल्याण पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति लोहरदगा के लिए महत्वपूर्ण सूचना**

**शैक्षणिक सत्र- 2024-25**

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :-

| क0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | प्रारम्भ होने की तिथि | निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 01.07.2025 | 15.07.2025 |
| 2. | DNOद्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की समय सीमा। | 01.07.2025 | 15.07.2025 |

जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 356343 Lohardaga(25-26)#D

**झारखण्ड सरकार**

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा**

**वेद-व्यास आवास निर्माण योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्यादेश सं0 08 रा0(वि0), दिनांक- 24.06.2025 के द्वारा सिमडेगा जिले के सभी सक्रिय मत्स्य पालकों/मछुआरों/समिति के सदस्यों हेतु सिमडेगा जिले में लघु शीर्ष-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना के तहत 05 एवं लघु शीर्ष-796-जनजातीय क्षेत्र उपयोजना के तहत 05 कुल 10 वेद-व्यास आवास निर्माण योजना का लक्ष्य प्राप्त है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा से पंजी में नाम दर्ज कराते हुए आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। सभी इच्छुक मत्स्य पालक दिनांक- 25.08.2025 तक आवेदन विहित प्रपत्र में भरकर आवश्यक कागजातों के साथ कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

1. कृषि प्रभाग द्वारा अधिष्ठापित सिंगल विंडो के माध्यम से प्राप्त आवेदनों अथवा समाचार पत्रों में विज्ञापन के उपरांत प्राप्त आवेदनों में से लाभुकों का चयन किया जाएगा। पूर्व के आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवास निर्माण हेतु अधिकतम प्रति लाभुक मो0-191200/- रू0 मात्र की आर्थिक सहायता होगी।
2. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने /मत्स्य बिक्री में सक्रिय हों को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. प्राथमिकता गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालक को दी जाएगी।
4. आवास निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घरवाले मछुआरों को भी कंडिका 01 एवं 02 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है। एक परिवार में एक आवास देय है। आवश्यकतानुसार पति-पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृति दी जाएगी।
5. प्रक्रियानुसार आवेदक दिव्यागों हेतु स्वीकृत राशि का न्यूनतम 03 प्रतिशत् तथा महिलाओं के लिए न्यूनतम 10 प्रतिशत् राशि का प्रावधान जिलावार किया जाएगा।
6. ऐसे लाभुकों को दोबारा लाभ नहीं दिया जाएगा, जो पूर्व संचालित विभागीय मछुआ आवास योजना अथवा इंदिरा आवास या समतुल्य केन्द्र/राज्य सरकार की आवास योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।
7. आवेदक को वर्त्तमान में रह रहे अपने कच्चे आवास का जियो टैग फोटोग्राफ आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
8. आवेदन पत्र के साथ फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, भूमि संबंधित कागजात (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) संलग्न करना आवश्यक है। अधूरा एवं वांछित कागजात संलग्न नहीं होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
9. लाभुक का चयन राज्यादेशानुसार गठित समिति द्वारा की जाएगी, जिसका निर्णय अंतिम होगा तथा उस पर किसी प्रकार का कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा।
10. किसी भी आवेदन को विभाग हित में स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
11. प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (इंदिरा आवास) के मानक प्राक्कलन के आधार पर आवास निमार्ण का कार्य लाभुकों के द्वारा स्वंय कराया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा

PR 356378 (Simdega)25-26*D

### भाजयुमो धनबाद महानगर की ओर से प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

# शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का मूल स्तंभ है : शत्रुघ्न

## प्रतिभा को सम्मान देना भाजपा की परंपरा रही है : शशांक राज

**बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहन देना, हमारा सामाजिक कर्तव्य : शारदा सिंह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा को सम्मानित करते विधायक शत्रुघ्न महतो।

**धनबाद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, धनबाद महानगर की ओर से बुधवार को जोड़ा फाटक रोड स्थित इंडस्ट्री एंड कमर्स हाउस में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसकी अगुवाई महानगर अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने की। इस दौरान 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, प्रदेश युवा मोर्चा महामंत्री रूपेश सिन्हा, भाजपा जिला महामंत्री एवं युवा मोर्चा प्रभारी मानस प्रसून और युवा नेत्री शताक्षी सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं, बाघमारा कॉलेज के प्राचार्य डॉ रंजन सिन्हा सहित अन्य शिक्षकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। एस अवसर पर अपने संबोधन में शशांक राज ने कहा कि प्रतिभा को सम्मान देना भाजपा की परंपरा रही है। ये छात्र भारत का भविष्य हैं और हम इनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। वहीं, विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान सिर्फ एक आयोजन नहीं, समाज को एक सकारात्मक दिशा देने वाली पहल है। शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का मूल है। वहीं, भाजपा महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि धनबाद की प्रतिभाएं देश के किसी कोने से कम नहीं हैं। ऐसे सम्मान समारोह न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि समाज को भी शिक्षा के प्रति जागरूक बनाते हैं। जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहन देना, हमारा सामाजिक कर्तव्य है। ये युवा ही कल के नेता, वैज्ञानिक और नीति निर्माता हैं। रूपेश सिन्हा ने कहा कि जो विद्यार्थी आज सम्मानित हो रहे हैं, वे कल भारत के नेतृत्वकर्ता बनेंगे। युवा मोर्चा हर उस कदम का साथी बनेगा जो उन्हें आगे बढ़ाए। वहीं, महानगर अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने कहा यह सम्मान समारोह विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने की दिशा में हमारा प्रयास है। हमें गर्व है कि धनबाद की धरती से देश के लिए चमकते सितारे निकल रहे हैं। शताक्षी सिंह ने कहा ने युवतियों और छात्राओं की बढ़ती भागीदारी और सफलता यह साबित करती है कि अब बेटियां भी हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं।इस मौके पर सुभम बनर्जी, पुष्परंजन राय, चितरंजन सिंह, साकेत श्रीवास्तव, रवि मिश्रा, आमोद साहू, भगीरथ दास, रूपेश पासवान आदि उपस्थित थे।

# अशोका बिल्डकॉम की लापरवाही से शाखाटांड फाटक बना 'डेंजर जोन'

**- रेलवे लॉक स्लाइड को टक्कर मार स्कोर्पियो क्षतिग्रस्त**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कतरास।** धनबाद रेल खंड के कतरास क्षेत्र स्थित शाखाटांड रेलवे फाटक संख्या तीन के लॉक स्लाइड इन दिनों 'डेंजर जोन' बना हुआ है। जिसका एक और उदाहरण मंगलवार की देर रात देखने को मिला। जहां एक स्कॉर्पियो की जोरदार टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त होकर उसकी फंस गयी। इस कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। इसकी सूचना पाकर तुरंत स्थानीय पुलिस और कतरास रेलवे पुलिस बल के जवान घटनास्थल पर पहुंचे और सड़क को जाम मुक्त करवाया। रेलवे गेट मैन के अनुसार स्कॉर्पियो महुदा से धनबाद की ओर जा रही थी। गाड़ी के आगे का दोनों एयरबैग खुले होने से साफ पता चल रहा था कि गाड़ी अधिक रफ्तार में थी। हालांकि दुर्घटना में क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि दो से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए होंगे।

### रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर वाहन मालिक के खिलाफ होगी कार्रवाई : अधिकारी

**उधर, घटना की सूचना मिलते पर कतरास से रेलवे सुरक्षा बल के जवान मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गए हैं। रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के खिलाफ स्कॉर्पियो मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। गेटमैन ने घटना की सूचना रेलवे के वरीय पदाधिकारी को दे दिया। जिसके बाद धनबाद रेल मंडल रेलवे अधिकारी प्रदीप कुमार बुधवार की सुबह अपनी टीम के साथ घटना स्थल पहुंचकर मरम्मती कार्य को शुरू करवाया।**

### एनओसी के बाद भी नहीं हुआ फाटक का चौड़ीकरण

बतातें चलें कि नेशनल हाईवे एनएच 32 फोर लेन सड़क का निर्माण अशोका बिल्डकॉन की ओर से किया गया है। यह रोड फोरलेन होने के बावजूद शाखाटाड रेलवे फाटक के पास आकर संकरी रोड (सिंगल लाइन) हो जाती है। जिस कारण लोग समझ नहीं पाते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। यहां प्रति वर्ष दर्जनों बड़ी दुर्घटना होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाखाटांड़ फाटक में दुर्घटना आम बात हो गई है। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। वहीं, इस मामले में धनबाद के पूर्व डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने बताया था कि फाटक के चौड़ीकरण के लिए अशोका बिल्डकॉम को एनओसी दे दिया गया है, लेकिन नेशनल हाईवे 32 और अशोका बिल्डकॉन ने फाटक चौड़ीकरण का कार्य नहीं किया गया जिस कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

# अभाविप के सैकड़ो कार्यकर्ता आजसू छात्र संघ में हुए शामिल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हिराक रोड स्तिथ ब्लू इन होटल में बुधवार को आजसू छात्र संघ का मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विकास कुमार एवं संचालन जिला महासचिव नितेश महतो ने किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव विशाल महतो उपस्थित रहे। समारोह में अभाविप के पूर्व महानगर मंत्री किशोर झा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने आजसू छात्र संघ का दामन थाम लिया। प्रदेश महासचिव विशाल महतो ने सभी को आजसू का पट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाया और स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अभाविप के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज आजसू छात्र संघ का दामन थामा है। अगले एक महीने में बीबीएमकेयू के सभी महाविद्यालयों में कॉलेज इकाई गठन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही सदस्यता अभियान सभी महाविद्यालयों में जारी रहेगा। वहीं, किशोर झा ने कहा कि आजसू छात्र संघ छात्रों की समस्याओं को सबसे पहले विश्वविद्यालय में मुखरता से रखती है। हर मसले का समाधान करती है जिससे प्रभावित होकर आज सैकड़ो विद्यार्थी आजसू में शामिल हुए हैं। वहीं आजसू छात्र संघ में शामिल होने वालों में अभाविप के झरिया से विनेश वर्मा, पीके रॉय कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष राजवर्धन सिंह, बलियापुर कॉलेज से ओम प्रकाश सिंह, कतरास नगर से रौनक चौहान, सिमरन कुमारी, नैना सिंह, अनिता महतो, सोनम कुमारी, जान्हवी हांसदा, प्रियंका कुमारी, सिम्मी कुमारी, हनशिका कुमारी, साक्षी कुमारी, किशले कुमार, जय कुमार, आयुष यादव, अंशु कुमार, क्रिश कुमार, विशाल यादव, राहुल महतो, रंजन यादव, सागर सिंह मुंडा, पीयूष सिंह, हर्ष केशरी, दिव्यांशु सिंह और अभिनव सिंह आदि शामिल हैं।

# शारदा सिंह ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह ने धनबाद भाययुमो, धनबाद महानगर की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर युवा मोर्चा के झारखंड अध्यक्ष शशांक राज, जिलाध्यक्ष श्रवण राय, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल आदि उपस्थित थे।

# लाठी चार्ज में मारे गये प्रेम प्रसाद को न्याय दिलाने के लिए निकाला गया कैंडल मार्च




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** प्रेम की मां को न्याय दिलाने को लेकर बुधवार को कैंडल मार्च निकाला गया, जो सेक्टर 4 स्थित जाहेर गढ़ से प्रशासनिक भवन, बिरसा चौक होते हुए पुनः जाहेर गढ़ तक पहुंचा। इस रैली में सैकड़ों विस्थापितों ने हिस्सा लिया। रैली का मुख्य उद्देश्य विगत तीन अप्रैल को आंदोलन के दौरान सीआईएसएफ द्वारा किये गये लाठीचार्ज में मारे गए प्रेम प्रसाद को न्याय दिलाना था। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगों में प्रेम प्रसाद के नाम पर शहीद पार्क का निर्माण, जब तक स्थाई नियोजन नहीं मिलता, तब तक आवास, मेडिकल और 60 साल तक रोजगार की स्वीकृति शामिल हैं। इसके अलावा विस्थापितों ने अप्रेंटिस के विकल्पी रोजगार की मांग भी की। प्रदर्शनकारियों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि प्रशासन की ओर से प्रकाशित सूचना में इन मांगों पर कोई पहल नहीं की गई है। न आवास, न मेडिकल और न ही 60 साल की रोजगार की स्वीकृति की बात प्रशासन ने की है, जिसका संघ ने कड़ा विरोध किया है। रैली के माध्यम से जिला प्रशासन और प्रबंधक को 10 जुलाई तक अल्टीमेटम दिया गया है कि यदि शहीद प्रेम प्रसाद को न्याय और अप्रेंटिस की मांगों पर पहल नहीं होती, तो उसके बाद पुनः आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान आर-पार की लड़ाई की चेतावनी दी गई है।

# अफवाहों से बचें और प्रशासन का सहयोग करें : थाना प्रभारी

**मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय**


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बाघमारा।** मोहर्रम पर्व को लेकर कतरास थाना क्षेत्र के भंडारीदाह समुदायीक भवन में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी असीत कुमार सिंह ने की। बैठक में जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी और कई समुदाय के प्रमुख लोग उपस्थित थे। इसमें पर्व के दौरान सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई। ताजिया जुलूस की ऊंचाई, मार्ग निर्धारण और समय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जुलूस के समय विद्युत आपूर्ति को अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय भी लिया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। थाना प्रभारी ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी अफवाह से बचें और प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान अखाड़ा दल के सदस्य एवं पुलिस जन सहयोग समिति के सक्रिय सदस्य के साथ दोनों समुदाय के लोगों ने आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने का निर्णय लिया। अखाड़ा दल के सदस्यों ने भीड़ भाड़ वालों जगहों पर पुलिस की तैनाती की बात कही। वहीं, लाइट की व्यवस्था सहित रास्ते से गंदगी की साफ सफाई करने की मांग की। उधर, थाना प्रभारी ने बताया कि लाइसेंस अखाड़ा दल अपनी रूट चार्ट के अनुसार ही अखाड़ा निकाले। आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ पर्व मनाए।

## चोरी की घटना में शामिल युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर 4 थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापामारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान सोनू उर्फ आलम अंसारी उर्फ बादशाह खान के रूप में हुई है। वह चास चेकपोस्ट मंदिर के पीछे रहता है। उसकी निशानदेही पर सोने के आभूषण के अलावा 11 लावारिस साइकिलें भी बरामद की है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि बीते कुछ माह से सेक्टर 4 थाना क्षेत्र में चोरी की कई घटनाएं सामने आई थीं। एसपी के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा। उन्होंने बताया कि आरोपी दिन में टारगेट की रेकी किया करता था और चोरी घटना को अंजाम दिया करता था। बताया कि आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी एवं अन्य धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं।

## मुहर्रम को लेकर चास थाने में शांति समिति की बैठक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से बुधवार को चास थाना में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सुषमा कुमारी ने की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के दौरान जुलूस ,ताजिया यात्रा और अन्य धार्मिक गतिविधियों के समय विधि व्यवस्था सर्वोपरि है। कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस के साथ ही आम लोगों की भी है। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। विधि व्यवस्था भंग करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## धनसार से गायब महिला जम्मू के कटरा से बरामद

**धनसार (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरमसिया शनि मंदिर से कालेज जाने के क्रम में रहस्यमय ढंग से गायब निशू नामक महिला जम्मू के कटरा से बरामद हुआ है। उसने धनसार पुलिस को बताया कि वह गलत ट्रेन में चढ़कर भटकते हुए जम्मू के कटरा पहुंच गई थी। पुलिस ने निशू को उसके स्वजनों को सौंप दिया है। बतातें चलें कि निशु 23 जून से रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। उसके पति ओमप्रकाश तिवारी ने धनसार पुलिस से मिलकर पत्नी निशू की तलाश करने की मांग की थी। निशू की शादी एक साल पहले ही पतरा कुलही के ओमप्रकाश तिवारी से हुई थी। ओमप्रकाश नवादा ब्लाक में कार्यरत है।

# जीतपुर कोलियरी बंद के प्रतिवाद में राजमसं का अनिश्चितकालीन धरना

## षड्यंत्र के तहत कोलियरी को किया गया है बंद : रणजीत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**झरिया/जोरापोखर।** सेल जीतपुर कोलियरी खदान को जल रिसाव से संभावित जानमाल के खतरा को देखते हुए प्रबंधन की ओर से पूरी तरह बंद किए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इसे लेकर बुधवार को कोलियरी परिसर में एक ओर मान्यता प्राप्त यूनियनों संयुक्त मोर्चा की ओर से सचिन सिंह, राजकुमार सिंह, अमरजीत पासवान ,विकाश सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया, वहीं, दूसरी ओर, असंगठित मजदूरों एवं नागरिकों ने प्रबंधन से कोलियरी को चालू करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ (राजमसं) के शाखा सचिव रंजीत यादव एवं महिला नेत्री रीना पासवान के नेतृत्व में कोलियरी कार्यालय के मुख्य गेट के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। खदान बंदी को लेकर कर्मियों एवं नागरिकों के विरोध एवं आक्रोश को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। जोरापोखर थाना के अधिकारी पुलिस शैलेन्द्र शर्मा की देखरेख में बड़ी संख्या में पुलिस बल को दंडाधिकारी के नेतृत्व में तैनात किया गया है। उधर, खदान चालू करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे नेताओं ने प्रबंधन पर खदान को साजिश के तहत बंद करने का आरोप लगाया है। मजदूर नेता रणजीत यादव ने कहा कि 100 साल पुरानी कोलियरी अच्छी स्थिति में सुरक्षित है। यहां से रोजाना लगभग 400 टन स्टील ग्रेट की कोयले की उत्पादन होती थी, जिस कारण कंपनी मुनाफे में थी। कहा कि कोलियरी में कोयला उत्पादन को कंपनी ने राकेश इंटरप्राइजेज को ठेका दिया था। पिछले साल समय पर उत्पादन कार्य पूरा नहीं करने पर कंपनी ने ठेकेदार पर लगभग साढ़े आठ करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। कोलियरी प्रबंधन ने एक साजिश के तहत ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए जुर्माने से बचाने के लिए मामूली जल रिसाव को भयावह बनाकर उच्च प्रबंधन को गुमराह कर खदान को बंद किया है। जिसकी सीबीआई से जांच होनी चाहिए। गौरतलब हो कि जीतपुर कोलियरी में लगभग 150 संगठित एवं 800 असंगठित अनुभवी मजदूर कार्यरत थे। कोलियरी के बंद होने से संगठित मजदूरों के स्थानांतरण होने और असंगठित मजदूरों पर छंटनी होने की तलवार लटक गई है। वहीं, कोलियरी के बंद होने से पूरे जीतपुर कोलियरी एवं आसपास मोहल्लों में लगभग 20 हजार लोगो को पानी-बिजली की समस्या से जूझना पड़ेगा। मजदूरों ने कहा कि उच्च प्रबंधन ने जब तक खदान बंदी के निर्णय को वापस नहीं लेगी, उनका आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। इस मौके पर गुड्डू यादव, रीना पासवान, शिव तिवारी, संजय थापा, सीता राम पासवान, सुनीता देवी और बबिता देवी आदि मौजूद थे।


## जिला भू–अर्जन कार्यालय, सिमडेगा।

**परियोजना– कोलेबिरा से हाटगम्हरिया (NH-320 G) अंतर्गत**

**अंचल– बानो के विभिन्न मौजा के सुनवाई योग्य हितबद्ध व्यक्तियों की सूचीः–**

| क्र0 | मौजा | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा (एकड़ में) | लाभुक का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पाड़ो | 127 | 2670 | 0.072899 | 1 जदुमन घांसी वो कोका घांसी।<br>2 फेलिक्स डांग वो जेन्स डांग पे0– पौलुस डांग वो बोआस डांग। | |
| 2 | बानो | 154 | 2425 | 1.0176 | 1 चन्द्रभान सिंह वगै0 पे0– दिगम्बर सिंह।<br>2 राजू सिंह। | |
| 3 | बानो | 357 | 2434 | 0.0413 | 1 मझीहश (जीतवाहन सिंह वगै0)।<br>2 संदीप सिंह वगै0 पे0– बलेश्वर सिंह। | |
| 4 | लोवासोकड़ा | 13<br>13<br>12<br>12 | 408<br>409<br>223<br>224 | 0.1018<br>0.284699<br>0.022199<br>0.048699 | 1 झखन भोगता पिता – कोंदा भोगता।<br>2 राहुल प्रधान वगै0 वल्द कलिन्द्र प्रधान। | |
| 5 | सौबेड़ा | 177<br>177<br>177 | 2289<br>2290<br>2291 | 0.1016<br>0.0432<br>0.0204 | 1 नीवाए मुण्डा वो बुचा मुण्डा वो पुना मुण्डा, पिता – गना मुण्डा।<br>2 संदीप पूर्ती पिता बुधवा वो निबय पूर्ती वल्द फगुवा मुंडा। | |
| 6 | सौबेड़ा | 205<br>205 | 1887<br>2145 | 0.2413<br>0.0024 | 1 लालवा मुण्डा वगै0 पे0 सुखराम मुण्डा।<br>2 सुनील तोपनो पिता स्व0 चैना तोपनो। | |
| 7 | जराकेल | 125 | 1901 | 0.058 | 1 भोको रौतिया वो मोन्दरो रौतिया पिता ढ़ीड़रा रौतिया।<br>2 विश्वम्भर सिंह उर्फ डमरूधर सिंह। | |
| 8 | जराकेल | 180<br>25 | 2474<br>2477 | 0.0477<br>0.0255 | 1 चमन चीक वो बुधु चीक पे0 – चरकु चीक।<br>2 नारायण बड़ाईक वगै0। | |
| 9 | जराकेल | 25 | 2477 | Well-1Nos. | 1 नारायण बड़ाईक। | |
| 10 | जराकेल | 78 | 2480 | 0.0739 | 1 लोधड़ो चीक मंगरु चीक धीरज चीक पे0 – भुखा चीक।<br>2 रामचंद्र बड़ाईक वगै0 पे0 लोहर बड़ाईक। | |
| 11 | जराकेल | 1<br>1 | 2470<br>2472 | 0.0376<br>0.0109 | 1 मझीहश (लगान पाने वाले का नाम – महाराज कुमार लाल अशेश्वर नाथ शाहदेव)।<br>2 शिवनंदन बड़ाईक वगै0। | |
| 12 | पबुड़ा | 67 | 159 | 0.2266 | 1 नगा नायक वगै0 पिता – मीलकू नायक।<br>2 हीरालाल सिंह पिता– गजराज सिंह। | |
| 13 | पबुड़ा | 18<br>18 | 149<br>158 | 0.1782<br>0.1792 | 1 गुजू भोगता पिता – हरखु भोगता।<br>2 मुन्नी देवी पति नरसिंह यादव वो ठोगो भोगता। | |
| 14 | पबुड़ा | 18 | 157 | 0.0106 | 1 गुजू भोगता पिता – हरखु भोगता।<br>2 मुन्नी देवी पति नरसिंह यादव। | |
| 15 | पबुड़ा | 18 | 155 | 0.252 | 1 गुजू भोगता पिता – हरखु भोगता।<br>2 महेश्वर सिंह पिता स्व0 बावना सिंह। | |
| 16 | हुरपी | 39<br>39<br>39 | 565<br>314<br>564 | 0.081099<br>0.1559<br>0.4586 | 1 सुलेमान वो प्रेमसुख वो जुएल मुण्डा जयमसीह मुण्डा सहाय मुण्डा उम्बलन पिता – दानिएल मुण्डा दशु मुण्डा, सुकरा मुण्डा पिता – बिरझु मुण्डा वो आनन्दमसीह मुण्डा वो जकरिया मुण्डा पेशरान दयाधाम मुण्डा।<br>2 इम्मानुएल भुंईया वल्द प्रेमसुख मुंडा वो मनसिद्ध भुंईया वल्द इलियाजर। | |
| 17 | हुरपी | 39 | 564 | Patha Makan | 1 जीवन भुईयां पिता – स्व0 सुलेमान भुईयां। | |
| 18 | हुरपी | 39 | 564 | Pakka Makan | 1 पतरस भुईयां पिता – स्व0 उम्बलन भुईयां। | |
| 19 | हुरपी | 39 | 564 | Katcha Makan | 1 फांसिस भुईयां पिता – स्व0 प्रभुदयाल भुईयां। | |
| 20 | हुरपी | 39 | 565 | Katcha Makan | 1 मनसिद्ध भुईयां पिता – ईलियाजर भुईयां। | |
| 21 | गोर्रा | 63<br>63<br>63 | 285<br>282<br>283 | 0.348199<br>0.086999<br>0.011099 | 1 सिलास पहान पिता – गन्दुरा पहान।<br>2 फूलमनी हेमरोम। | |
| 22 | बानो | 114 | 2407 | 0.109 | 1 रितभंजन सिंह वगै0 पे0– महेन्द्र सिंह।<br>2 विनोद सिंह वगै0 पे0– जगदीश सिंह। | |

उपरोक्त वर्णित सभी लाभुको सूचित किया जाता है कि दिनांक– 08.07.2025 को 11:00 पूर्वाहन् में जिला भू–अर्जन कार्यालय में सभी दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा इसके पश्चात् कोई भी सुनवाई नहीं की जाएगी।

PR 356296 (Simdega) 25-26 (D)

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा।

# 38 दिन तक चलनेवाली अमरनाथ यात्रा आज से, 80 हजार जवान तैनात

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में तीन जुलाई से अमरनाथ यात्रा प्रारंभ हो रही है। 38 दिन तक चलने वाली यह यात्रा, पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से गुजरेगी। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, सीआइएसएफ, आइटीबीपी और जम्मू कश्मीर पुलिस के लगभग 80 हजार जवान, अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा में तैनात किये गये हैं। ये जवान, यात्रियों को उनकी हिफाजत की गारंटी देंगे। फिदायीन अटैक जैसे हमलों को रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने अचूक घेरा तैयार किया है। यात्रा के रूट पर कोई आतंकी न आ सके, इसके लिए वैसी ही सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जैसी अफगानिस्तान में यूएस/नाटो सेना के काफिलों की हिफाजत के लिए देखने को मिलती थी।

खुफिया इकाई से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अमरनाथ यात्रा के रूट पर पाकिस्तान के दशहतगर्दों की बुरी नजर है। वजह, उनके मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में लगभग '50' पाकिस्तानी दहशतगर्द छिपे हैं। साथ ही पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों के जम्मू-कश्मीर में मौजूद 'मुखौटे' समूहों के करीब दो दर्जन लोकल आतंकी भी सक्रिय हैं। इस इनपुट को ध्यान में रखते हुए भारतीय सेना, अर्धसैनिक बलों और जम्मू कश्मीर पुलिस ने मिल कर, यात्रा रूट की सुरक्षा का फुलप्रूफ प्लान तैयार किया है। यात्रा रूट को पूरी तरह से सुरक्षित बनाया गया है। पहाड़, नदी-नाले, सड़क और पुलों के आसपास यात्रियों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है।



## सीआरपीएफ की 220 कंपनियां तैनात

देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' की सर्वाधिक कंपनियां, अमरनाथ यात्रा के रूट पर तैनात रहेंगी। लगभग 220 कंपनियों को वहां तैनात किया गया है। हालांकि 100 से अधिक कंपनियां, पहले से ही जेएंडके में तैनात हैं। डीजी सीआरपीएफ जीपी सिंह ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर रेंज डीआइजी और कमांडिंग अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बीएसएफ डीजी दलजीत चौधरी भी जम्मू कश्मीर में पहुंचे थे। उन्होंने भी यात्रा मार्ग को फुलप्रूफ सिक्योर करने की रणनीति तैयार की थी।

पहलगाम और बालटाल, दोनों रूटों पर सुरक्षा का अभेद्य घेरा तैयार किया गया है। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी और ड्रोन से नजर रखी जा रही है। यात्रियों के काफिलों को सीआरपीएफ के सुरक्षा घेरे में ले जाया जायेगा। दोनों ही रूटों पर विभिन्न सुरक्षा बलों की रोड ओपनिंग पार्टी 'आरओपी' लगी हैं। डॉग स्क्वाड और बुलेटप्रूफ मार्क्समैन भी तैनात किये गये हैं। कई जगहों पर लंबी दूरी तक की गतिविधियों को कैद करने वाली दूरबीन लगायी गयी हैं। सुरक्षा बलों को हैंडहेल्ड सीसीटीवी कैमरे भी मुहैया कराये गये हैं।

जिस तरह से अफगानिस्तान में यूएस/नाटो सेनाओं के काफिलों को जैसी सुरक्षा मिलती थी, वैसी ही अमरनाथ यात्रा के दौरान रहेगी। जब अमरनाथ यात्रा के काफिले रवाना होंगे तो रास्ते में अप्रोच रूटों को बंद कर दिया जायेगा। काफिले गुजरने के बाद ही उस रोड पर लोकल ट्रैफिक को चलने की अनुमति होगी। कुछ जगह ऐसी भी चिन्हित की गयी हैं, जहां पर मुख्य मार्ग पर अपोजिट मार्ग के हिस्से को सामान्य ट्रैफिक के लिए बंद किया जा सकता है।

पहलगाम हमले के बाद अमरनाथ यात्रा के रूट पर 'छोटी मिसाइल' और 'ड्रोन' से बम गिराना, ऐसे हमलों को रोकने के लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं। यात्रा रूट की हिफाजत के लिए सीएपीएफ के 50000 से ज्यादा जवानों को तैनात किया जा रहा है। फिदायीन अटैक रोकने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

# जैलेंद्र कुमार बने टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा के अनुमोदन पर दूरसंचार विभाग (पीएचबी) की डायरेक्टर उर्वशी सांगवान ने गेतलसूद निवासी जैलेंद्र कुमार को रांची टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित किया है। जैलेंद्र कुमार कार्यकाल आगामी 13 जुलाई 2026 तक रहेगा। इनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष धीरज महतो, शशि भूषण भगत, मनोज चौधरी, संजय नायक, सुजीत कुमार सोनी, बिगेसर महतो, रामसाय मुंडा, प्रभुदयाल बड़ाइक, जय गोविंद साहू, रामवृक्ष महतो, सिकंदर महतो, बालक महतो, बालक पाहन, नीलमोहन पाहन, जगेसर महतो, विजय नायक, प्रीतम साहू, सोहराय बेदिया, सुनील महतो, राजेंद्र महतो, शिबू बेदिया, कामेश्वर महतो, पंचम भोगता, राजेश्वर महतो, रामबालक ठाकुर, रामकुमार पाहन, सुरेंद्र महतो, शिकारी महतो, नागेश्वर महतो, रोहित साहू, रामकुमार दुबे, अभिषेक कुमार, राकेश केशरी, धर्मेंद्र साहू, राजेंद्र साहू और अन्य समर्थकों ने बधाई दी है।

## नेशनल हेराल्ड मामला : इडी ने अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन का किया दावा

# सोनिया और राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दरअसल इडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया। असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू इडी की तरफ से अदालत में पेश हुए। एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये है। एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था।

**2000 करोड़ रुपये की कंपनी का 90 करोड़ के कर्ज के बदले किया गया अधिग्रहण :** एसवी राजू ने बताया कि एजेएल के निदेशक ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया कि 'वे कर्ज चुकाने में सक्षम नहीं हैं, क्योंकि अखबार का प्रकाशन बंद हो चुका है और उनके पास आय का कोई नियमित साधन नहीं है।' एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा प्रबंधकीय पदों पर थे। राजू ने कहा कि 'कंपनी एजेएल के पास करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसका 90 करोड़ रुपये के कर्ज के बदले अधिग्रहण कर लिया गया। यह एक धांधली है, जिसमें कोई असल लेन-देन नहीं हुआ। एजेएल का अधिग्रहण कांग्रेस ने नहीं किया बल्कि यंग इंडियन ने किया। यह एक साजिश के तहत किया गया।'

इडी ने कहा कि कांग्रेस ने न ही ब्याज दिया और न ही जमानत और 90 करोड़ रुपये के कर्ज को सिर्फ 50 लाख रुपये में बेचा गया। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे पर यह साजिश रची गयी। एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के 76 प्रतिशत शेयर हैं।

### क्या हैं आरोप

नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी। इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था। साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया। साल 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज करायी, जिसमें आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्ति का अधिग्रहण किया है। इसके बाद इडी ने इसकी जांच शुरू की।

## दिल्ली में मुख्यमंत्री के बंगले का रेनोवेशन होगा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नये सरकारी बंगले (बंगला नंबर 1, राज निवास मार्ग) में जल्द ही मरम्मत और सजावट का काम शुरू होगा। यह बंगला पहले उपराज्यपाल सचिवालय के दफ्तर की तरह इस्तेमाल हो रहा था। अब इसे मुख्यमंत्री और उनकी फैमिली के रहने लायक बनाया जायेगा। बंगले में 24 एयर कंडीशनर, 5 स्मार्ट टीवी (चार 55 इंच और एक 65 इंच), 3 बड़े झूमर, 80 से ज्यादा पंखें लगाये जायेंगे। किचन में नयी मशीनें जैसे गैस हॉब, इलेक्ट्रिक चिमनी, माइक्रोवेव, टोस्ट ग्रिल, वॉशिंग मशीन, डिशवॉशर, 50 लीटर प्रति घंटे की आरओ वॉटर प्लांट की सुविधा दी जायेगी। रेनोवेशन के फर्स्ट फेज का कुल बजट 60 लाख रुपये है। अकेले एयर कंडीशनिंग पर 11 लाख से ज्यादा खर्च होगा और लाइट्स, झूमरों पर 6 लाख का बजट रखा गया है। बता दें कि पिछले साल पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के सरकारी बंगले के रेनोवेशन को लेकर विवाद हुआ था, तब भाजपा ने बंगले को केजरीवाल का शीशमहल बताया था।














































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**